CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 22-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRJK1 User: cci Time: 01-21-2026 21:21 Color:

नई दिल्ली > गुरुवार, 22 जनवरी 2026 > माघ 2, शक संवत 1947, माघ शुक्ल चतुर्थी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 19 > पेज 16* > मुद्रांक > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

मासिक सदस्यता पर ही लागू

NBT नवभारत टाइम्स

नेपाल में चुनाव, कार्की के 4 मंत्रियों का इस्तीफा

▶ देखें अंदर

'AI तैयारी पर IMF रैकिंग', वैष्णव ने दिया जवाब

▶ देखें अंदर

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

SEAGRAM'S XCLAMAT!ON MIXERS

DON'T JUST LIVE.

LIVE!

ADD XCLAMAT!ON TO LIFE!



THE WORLD

IMAGES SHOWN ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY

SCAN CODE TO FOLLOW ON INSTAGRAM

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 22-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP8 User: dilip.lal Time: 01-21-2026 21:19 Color:

खेल में एकजुट करने की वह शक्ति होती है, जो बहुत कम चीजों में होती है।
– नेल्सन मंडेला

खेल का नुक़सान

खेल में राजनीति मिलाने, जिद और अदूरदर्शिता का नतीजा है कि बांग्लादेश क्रिकेट टीम अगले महीने से शुरू होने वाले T20 वर्ल्ड कप से बाहर होने के कगार पर खड़ी है। ICC ने साफ कर दिया है कि बांग्लादेश के शिड्यूल्ड मैच भारत में ही खेले जाएंगे। अगर बांग्लादेश अपना फैसला नहीं बदलता, तो विश्व कप में उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल कर लिया जाएगा। हालांकि ICC ने बांग्लादेश को एक आखिरी मौका दिया है और उसे इस पर विचार करना चाहिए। राजनीतिक-सामाजिक तनाव और अस्थिरता से गुजर रहे उस देश की जनता के लिए क्रिकेट थोड़ी मुस्कान ला सकता है।

हठी रवैया । इस मामले में बात इतनी बिगड़ती ही नहीं, अगर शुरू से खेल को खेल की तरह लिया जाता। पिछले दो हफ्तों में ICC और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने कई बार बातचीत की, पर गतिरोध बना रहा। बांग्लादेश सरकार और बोर्ड, दोनों भारत में न खेलने की बात पर अड़े हैं।

बांग्लादेश का अड़ियल रुख

खेल भावना को चोट । बांग्लादेश ने अपने खिलाड़ियों की सुरक्षा का मसला उठाया है, जबकि इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल की रिपोर्ट ऐसी किसी आशंका को खारिज करती है। असल में यह फैसला खेल की जमीन पर नहीं, जिसे पॉलिटिक्स की बुनियाद पर लिया गया है, जो सरासर क्रिकेट की भावना के खिलाफ है। इसका सबसे बड़ा नुकसान खुद बांग्लादेश को होगा, जिसका अंदेशा वहां के सीनियर खिलाड़ी तमीम इकबाल भी जता चुके हैं।

आर्थिक घाटा । बांग्लादेश के इस फैसले का असर आने वाले ICC इवेंट्स, द्विपक्षीय सीरीज और दूसरे बोर्ड के साथ रिश्तों पर पड़ सकता है। BCB लंबे समय से आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहा है और विश्व कप न खेलने की सूरत में उसे ICC से मिलने वाली फीस और रेवेन्यू में हिस्सा नहीं मिलेगा। यह अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा है।

मौका खो रहा । बांग्लादेश की टीम ने 1986 में अपना पहला वनडे इंटरनैशनल खेला था। लेकिन, चार दशक के बाद भी वह खुद को बड़ी टीमों के बीच स्थापित नहीं कर पाई है। आज भी उसका प्रदर्शन बेहद उतार-चढ़ाव भरा है और इसकी एक वजह बड़े मौकों की कमी भी है। बांग्लादेश जैसी टीमों के लिए विश्व कप वह मंच है, जहां उसके खिलाड़ी पल्टफॉर्म कर पूरी दुनिया की नजरों में आ सकते हैं। बोर्ड और सरकार उनसे यह मौका छीन रहे हैं।

मायूस होंगे फैंस । बांग्लादेशी खिलाड़ियों के बयान बताते हैं कि वे विश्व कप में खेलने के इच्छुक हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि उन्हें राजनीति की कीमत चुकानी पड़ेगी। अफसोस है कि प्रशंसक भी इसके शिकार बनेंगे। वे अपनी टीम को उस इवेंट में खेलते नहीं देख पाएंगे, जिसका इंतजार सभी को रहता है।

गुस्ताख़ी माफ़

नया मुहावरा

संगम में डुबकी लगाने को लेकर भसड़ मच गई। अगले आध्यात्म के कि डुबकी लगाकर ही मानेंगे, पर बाकियों ने रास्ता रोक लिया। उनने ज्यादा जोर लगाया, तो इनने कंधों पर उठाकर रास्ता बदल दिया। शास्त्र, परंपरा, नियम-कानून की इस धक्कामुक्की में ऐसी गर्मी फैली कि माघ महीने की ठंड के भी होश उड़ गए। लखनऊ तो लखनऊ, इधर दिल्ली तक में पारा चढ़ गया। पिछले 6 सालों में ऐसी गर्म जनवरी न दिखी थी, जो अब दिखी।

अखिलेश प्रताप सिंह

उधर, शेयर बाजार भी डुबकी लगाने से बाज नहीं आ रहा। नए साल की झोला भर-भर के शुभकामनाएं दीं, पर कुछ काम नहीं आ रहा। सेंसेक्स न जाने क्या खोजने के लिए गोते लगा रहा है। 20 दिनों में 3000 सीढ़ियां उतर आया है। क्या पता रुपये से इसकी होड़ लग गई हो कि देखते हैं, कौन कितना गिरता है। इनकी गोताखोरी से भी माहौल गर्म हुआ जा रहा है और अपनी बचत के पैसों को हवा होते देख लोगों को जाड़े में भी पसीना आने लगा है।



डुबकी लगाने के इस मौसम से उत्तरी ध्रुव भी अछूता नहीं रह गया है। अमेरिका के एक बड़े बिल्डर की निगाह ग्रीनलैंड पर पड़ गई है। डेनमार्क और नॉर्वे वाले गुहार लगा रहे कि हुजूर, हमारे परदादा के परदादा इधर पहली बार नाव लेकर आए थे। तब तो यहां कोई भी नहीं था। पर अमेरिकी बिल्डर टस से मस न हो रहा। संयुक्त राष्ट्र का हो या किसी भी राष्ट्र का, उसे किसी लेखपाल का डर नहीं। उसने अलग ही नक्शा पास करा रखा है। अगले ने ठान लिया है कि ग्रीनलैंड में स्विमिंग पूल बनाएगा और इंटरनैशनल पॉलिटिक्स को उसमें डुबोकर ही रुकेगा।

इतना किस्सा सुनाकर मैंने मियां फिरकी को देखा, जो सिस्टम के अंधेरे में डूबकर एक नौजवान इंजीनियर के मरने से गमजदा थे। कहने लगे, कौन कहां डूबा, इसका हिसाब छोड़िए, अब तो चुल्लू भर पानी की जगह नया मुहावरा बनाना पड़ेगा।

एकदा

संकलन : अनुभव कुमार

कल्पनाओं की दुनिया

अमेरिका के मिसिसिपी में 24 सितंबर 1936 को जन्मे जिम हेंसन बचपन से ही अलग थे। जहां दूसरे बच्चे खिलौनों में खोए रहते, जिम कपड़े के टुकड़ों, धागों और बटन से अपनी कल्पना की दुनिया रचते। कॉलेज के दिनों में उन्होंने टेलिविजन के लिए एक छोटा-सा कठपुतली शो 'सैम एंड फ्रेंड्स' बनाया। यहीं से उनकी सोच बदल गई। उनकी कठपुतलियां साधारण नहीं थीं- वे हंसतीं, रोतीं, सवाल करतीं और इंसानों जैसी संवेदनाएं दिखाती थीं। फिर भी अमेरिकी टीवी नेटवर्क्स ने 'The Muppet Show' को यह कहकर ठुकरा दिया कि, 'यह न बच्चों का शो है, न बड़ों का।' लेकिन, जिम ने हार नहीं मानी। वह शो लेकर ब्रिटेन गए और फिर पूरी दुनिया में छा गए। शो सुपरहिट हुआ। 1969 में 'सेसमी स्ट्रीट' ने उनकी कल्पना को मंच दिया। तब वहीं अमेरिकी चैनल लाइन में खड़े थे, जिसने शो को कभी नकारा था। धीरे-धीरे जिम हेंसन ने एक ऐसी दुनिया रची, जहां रंग-बिरंगे पात्र सिर्फ बच्चों को नहीं, बल्कि बड़ों को भी जीवन के गहरे सत्य समझाने लगे। शो के पात्रों - केरमिट द फ्रॉग, मिस पिगी और फॉजी बेयर ने पूरी दुनिया के दिल जीत लिए। जिम हेंसन की कहानी सिखाती है कि कल्पना में दुनिया बदलने की सबसे बड़ी शक्ति है।

Subrata Dhar

अरुणाचल प्रदेश में लोहित नदी पर बनने वाली जलविद्युत परियोजना पर खड़े हुए सवाल

इस अंधी दौड़ में क़ुदरत को मत भूलिए

पर्यावरण मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति ने अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले में लोहित नदी पर 1,200 मेगावॉट (MW) की कलाई-II जलविद्युत परियोजना को पर्यावरणीय मंजूरी देने की सिफारिश की है। यह फैसला पर्यावरणविदों और स्थानीय आदिवासियों के लिए चिंता का विषय है। पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA) रिपोर्ट में गंभीर रूप से संकटग्रस्त सफेद पेट वाले बगुले की मौजूदगी को नजरअंदाज कर दिया गया। विकास के नाम पर प्रकृति और जीवन को दांव पर लगाने की यह प्रवृत्ति पूर्वोत्तर भारत की नाजुक पारिस्थितिकी के लिए खतरा है।

बृजेश चंद्र श्रीवास्तव

ऊर्जा सुरक्षा । कलाई-II जलविद्युत परियोजना राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने और पूर्वोत्तर में स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य के लिए है। 14,176 करोड़ रुपये का यह प्रॉजेक्ट THDC इंडिया लिमिटेड के जिम्मे है। इससे सालाना 485.3 करोड़ यूनिट बिजली पैदा होगी। अरुणाचल सरकार इसे रन-ऑफ-रिवर डिजाइन के कारण पर्यावरण के अनुकूल मान रही है। इससे रोजगार के हजारों अवसर बनेंगे। चीन से सटे होने के कारण इसका रणनीतिक महत्व भी होगा।

संभावित नुकसान । लोहित ब्रह्मपुत्र की प्रमुख सहायक है। यह पूर्वोत्तर की जैव-विविधता का खजाना है। अंजॉ के हवाई गांव के निकट बनने वाला 128.5 मीटर ऊंचा कंक्रीट ग्रेविटी डैम नदी के 15 से 23 किमी लंबे हिस्से को डुबो देगा। लीन सीजन में 15-20 घंटे तक पानी रोके जाने से निचले इलाकों में सूखे जैसी स्थिति होगी और मॉनसून में अचानक पानी छोड़ने से बाढ़ का खतरा रहेगा। इसके अलावा, टोर और टोर पुटिटोरा जैसी मछलियों का प्रजनन मार्ग अवरुद्ध होने की आशंका है, जिससे उनकी आबादी तेजी से घटेगी। भूस्खलन, ग्लेशियर झील फटने का भी जोखिम रहेगा।

चिंता बढ़ी
- सफेद पेट वाले बगुले का निवास स्थान नष्ट होने का खतरा
- कंक्रीट ग्रेविटी डैम से जल प्रवाह बाधित होने की आशंका
- स्थानीय लोगों की रोजी-रोटी पर आ सकता है संकट

विनाश की चेतावनी । लोहित बेसिन में लोअर डेमवे (1,750 MW) जैसे जलविद्युत प्रॉजेक्ट भी प्रस्तावित हैं। पर्यावरण एवं वन मंत्रालय ने 2011 में ही लोहित बेसिन अध्ययन की सिफारिश की थी। इसमें बांधों से नदी पारिस्थितिकी के विनाश की चेतावनी दी गई थी। सबसे गंभीर खतरा संकटग्रस्त सफेद पेट वाले बगुले (Ardea insignis) को है। भारत में ये 60 से भी कम हैं। डैम से उनका निवास स्थान नष्ट हो जाएगा।

अस्तित्व पर खतरा । WAPCOS की ओर से तैयार रिपोर्ट में इस पक्षी का जिक्र तक नहीं है। वाल्लॉन्ग और नामदफा टाइगर रिजर्व इसके प्रमुख नेस्टिंग साइट्स हैं। कफलांग टाइगर रिजर्व का नामफाइ का उल्लेख कर इसे महज सैंक्चुअरी बताया गया, जो गंभीर लापरवाही है। डाउनस्ट्रीम असम तक इसका असर देखने को मिलेगा, जहां नदी का जलाशय क्षेत्र पहले से दबाव में है। कुल मिलाकर, यह परियोजना तीस्ता या सुबनसिरी जैसी नदियों की तरह लोहित को धीरे-धीरे 'मृत नदी' बना सकती है।

आजीविका पर संकट । अंजॉ जिले के हवाई सर्कल के नुकुंग, म्ता और चेंगुंग जैसे आदिवासी गांवों में कलाई-II के खिलाफ विरोध की लहर तेज हो गई है। नुकुंग वेलफेयर सोसाइटी के चेयरमैन रोशन तांसिक कहते हैं, 'हमने कभी सहमति नहीं दी। हमारी पुश्तैनी जमीन का विनाश अस्वीकार्य और अवैध है।' कहा जा रहा है कि लगभग 1,500 लोग विस्थापित होंगे, हवाई सर्कल डूबेगा, मछली पकड़ना, कृषि और वन आधारित आजीविका नष्ट हो जाएगी। सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) प्रक्रिया अपारदर्शी रही, आपत्तियां दर्ज नहीं हुईं।

पहचान का संघर्ष । नीचम समुदाय अपनी सांस्कृतिक पहचान बचाने को संघर्षरत है और तैलुंग क्षेत्र में पवन ऊर्जा जैसी वैकल्पिक ऊर्जा की मांग कर रहा है। भारत को हाइड्रो ऊर्जा चाहिए, लेकिन हिमालयी पारिस्थितिकी को प्राथमिकता देकर बेसिन-स्तरीय अध्ययन, पारदर्शी EIA और वास्तविक स्थानीय सहमति सुनिश्चित करनी होगी।

आगे की राह । विकास और संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करने से इस समस्या का समाधान हो सकता है। स्वतंत्र बेसिन-स्तरीय समग्र प्रभाव (CIA) अनिवार्य हो। सफेद पेट वाले बगुले के लिए आर्टिफिशल फीडिंग जोन जैसी विशेष संरक्षण योजना बने। इसके अलावा, ग्राम सभाओं से वास्तविक फ्री, प्रायर एंड इन्फॉर्म्ड कंसेंट (FPIC) लिया जाए। विस्थापितों को जमीन-आधारित पुनर्वास, मछली पालन सहकारी समितियां और स्थानीय लोगों को प्रॉजेक्ट की 30% हिस्सेदारी मिले। फिर, वैकल्पिक ऊर्जा के लिए प्रोत्साहन मिलना चाहिए। EIA प्रक्रिया में स्थानीय विशेषज्ञों और NGOs को शामिल कर रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। नदी जोनिंग पॉलिसी अपनाई जाए। कुछ हिस्सों को 'नो-डैम जोन' घोषित कर पर्यटन आधारित आजीविका बढ़ाने पर जोर रहे। यदि ये कदम उठाए जाएं तो कलाई-II प्रॉजेक्ट न केवल बिजली देगा, बल्कि पूर्वोत्तर का विश्वास भी जीतेगा।

(लेखक DU के दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज में असिस्टेंट प्रफेसर हैं)

कांटे की बात

रियल एस्टेट के धंधे में अपना नाम देख चौंके नोबेल

असंभव संवाद

जब मैं डेनमार्क का प्रधानमंत्री और नैटो का महासचिव था, तब से अमेरिका को ही फ्री वर्ल्ड का लीडर मानता आया हूं। ग्रीनलैंड को लेकर दी गई धमकियों के बाद अब मुझे कहना पड़ रहा है कि बस बहुत हो चुका। यूरोप को अपने हितों की रक्षा करनी होगी।

डेनमार्क के पूर्व प्रधानमंत्री **एंडर्स फोग रासमुसेन**

AI Image

डॉनल्ड ट्रंप शांति का नोबेल पुरस्कार नहीं मिलने से भड़के हुए हैं। इसी वजह से अब उन्हें शांति की फिक्र नहीं और ग्रीनलैंड को अमेरिका में मिलाना चाहते हैं। इस मुद्दे पर नोबेल पुरस्कार समिति की अल्फ्रेड नोबेल से अगर बात हो पाती, तो क्या होती!

फान में मेरे इतना दर्द तो तब भी नहीं हुआ था, जब पहली बार डायनामाइट का धमाका सुना। आखिर इतना शोर मच किसलिए रहा है?' 'सर, आपने सोचा था कि शांति कायम कराने वालों को पुरस्कार दिया जाए, लेकिन अब लोग इसलिए पुरस्कार चाहते हैं ताकि शांति कायम रहे। इस चक्कर में कई देशों पर खतरा मंडराने लगा है।' 'तुम लोगों ने मेरे नाम पर रियल एस्टेट का धंधा शुरू कर दिया है क्या?' 'नहीं सर, लेकिन उनकी बात न मानी तो हमारा ऑफिस भी हाथ से निकल सकता है। एक रास्ता सूझा है - पुरस्कार के जरिये जमीन का कारोबार करने का जो इनोवेटिव आइडिया उन्होंने निकाला है, उसके लिए अलग कैटिगरी बना दें?' नोबेल फिलहाल इस खोज में लगे हैं कि उन्होंने डायनामाइट बनाकर गलती की या पुरस्कार उनकी गलती है।

जनता जंक्शन इरफान

शूट से पहले स्टेशन क्यों आए इरफ़ान

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से महात्मा गांधी और पंडित जवाहरलाल नेहरू की अस्थियों वाले कलश पूरे देश में ले जाए गए थे। यहीं से भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद अपना दूसरा कार्यकाल समाप्त करने के बाद पटना के लिए रवाना हुए। पिछली एक सदी में भारत का शायद ही कोई बड़ा नाम हो जो कभी यहां से न गुजरा हो। 1926 में बना ये स्टेशन इस साल अपना 100 साल का सफर पूरा कर रहा है।

विवेक शुक्ला

यह स्टेशन 1931 में कनॉट प्लेस के उद्घाटन से कुछ साल पहले शुरू हो गया था। जब गैबर्ट टोर स्सेल कनॉट प्लेस का डिजाइन बना रहे थे तब उनके सामने एक प्रस्ताव था कि वह यहीं नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए भी जगह निकालें। पर उन्होंने इस प्रस्ताव को खारिज किया। खैर, आबादी के बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का विस्तार हुआ और 1956 में इसकी नई इमारत का उद्घाटन किया गया।

इसके फहाड़गंज और अजमेरी गेट साइड के बारे में सब जानते हैं, लेकिन बहुत कम लोगों को पता है कि स्टेट एंट्री रोड भी इस स्टेशन का अहम रास्ता है। यह रास्ता खास तौर पर वायसराय और दूसरे बड़े अफसरों के लिए बनाया गया था, ताकि वे नई दिल्ली स्टेशन पर उतरकर शहर में शाही अंदाज में दाखिल हो सकें। यह कनॉट प्लेस में प्लाजा के पास से शुरू होकर फहाड़गंज साइड तक जाता है। आजादी के बाद 1950 के दशक में इसे आम यात्रियों के लिए खोल दिया गया।

साड्डी दिल्ली

खुद को अवध के आखिरी नवाब की बेगम बताने वाली बेगम विलायत महल ने 1970 में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के VIP वेटिंग रूम में कब्जा जमा लिया था। वह सरकार से ब्रिटिश सरकार द्वारा हड़प लिए गए अवध के पैतृक महलों और संपत्ति के बदले मुआवजा मांग रही थीं। उनके साथ कई नौकर और कुत्ते भी थे। सरकार ने उन्हें 1984-85 में रिज क्षेत्र में 14वीं सदी के तुगलक काल के पुराने शिकारगाह मालचा महल में शरण दे दी।

धावक से दस्यु बने पान सिंह तोमर 1964 में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर उतरे और उन्होंने उसके करीब करनैल सिंह स्टेडियम में स्टीपलचेज इवेंट में राष्ट्रीय रेकॉर्ड बनाया। वहीं 'पान सिंह तोमर' फिल्म की शूटिंग शुरू करने से पहले इरफान खान आए थे। वह शायद महसूस करना चाहते थे कि कैसे पान सिंह तोमर वहां के ट्रैक पर दौड़े होंगे। एक दौर में इससे सटे रेलवे अफसरों के बंगलों में लाला अमरनाथ भी रहते थे।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में 16 प्लैटफॉर्म हैं। इसका री-डिवेलपमेंट चल रहा है जो 2029 तक पूरा होने की उम्मीद है। यह स्टेशन लगातार बदल रहा है और भारत के औपनिवेशिक अतीत के साथ ही चमचमाते भविष्य की जीती-जागती मिसाल बना हुआ है।

यहां हर वर्ग को मिल रहा AI का फ़ायदा

भारत में अगले महीने इंडिया-AI इम्पैक्ट समिट होने वाला है। इसमें दुनिया भर के आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) के दिग्गज जुटेंगे। यहां चर्चा AI के मशीनों, एल्गोरिदम या ऑटोमेशन तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसे सभी के लिए उपयोगी और आसान बनाने पर की जाएगी। चर्चा में महिलाओं, युवाओं और कामगारों पर भी जोर रहेगा।

कविता भाटिया

इंडिया AI मिशन । AI की ताकत इंसानों को रिप्लेस करना नहीं, बल्कि उनकी क्षमता बढ़ाना है। AI के जरिये महिलाओं को आत्मनिर्भर, युवाओं को हुनरमंद बनाना है। यह असंगठित क्षेत्रों के काम करने वालों के लिए सुरक्षा और अवसर दे सकता है। केंद्र सरकार ने मार्च 2024 में इंडिया AI मिशन को मंजूरी दी थी। इसका उद्देश्य भारत में AI को विकसित करना है। इसके तहत कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ाने, नए इनोवेशन सेंटर खोलने, भरोसेमंद डेटा प्लैटफॉर्म तैयार करने, AI आधारित ऐप्लिकेशन बनाने, युवाओं को कौशल सिखाने और स्टार्टअप को आर्थिक मदद जैसे कदम उठाए गए। नतीजा यह कि अब शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक और लैब से लेकर खेतों तक AI है।

विकास पर ध्यान । इंडिया AI इनोवेशन सेंटर के जरिये समावेशी विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। ऐसे AI बनाए जा रहे हैं, जो देश की भाषाएं और सामाजिक विविधता को समझें। इन्हें महिलाओं, किसानों, गिग वर्कर्स और छोटे व्यापारियों की जरूरतों के मुताबिक तैयार किया जा रहा है।

कॉमन रूम

AI Image

अलग भूमिका । भले ही दुनिया में AI का उपयोग उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए हो रहा है। मगर, भारत में इसका असर रोजगार, सुरक्षा, ट्रेनिंग और अवसर के तौर पर है। आज भारत की गिग अर्थव्यवस्था में AI की मदद से महिलाएं अपनी पहचान गढ़ रही हैं। कई महिला उद्यमी AI वाले ऑनलाइन बाजार से जुड़कर कारोबार बढ़ा रही हैं। महिला ड्राइवर, डिलिवरी पार्टनर सभी AI से आत्मनिर्भर बन रही हैं।

आत्मनिर्भर महिलाएं । करघाई और ग्रामीण इलाकों में भी AI डिजिटल समावेशन को रफ्तार दे रहा है। क्षेत्रीय भाषाओं वाले AI असिस्टेंट कम पढ़ी-लिखी महिलाओं के लिए मददगार साबित हो रहे हैं। युवाओं के लिए AI महज प्रौद्योगिकी नहीं, बल्कि भविष्य का रास्ता है। युवा AI फॉर ऑल का मकसद युवाओं को AI की बुनियादी जानकारी देना है।

खेती में AI । कई स्टार्टअप किसानों, इलाकों और कार्यस्थलों पर महिला सुरक्षा मजबूत करने के वास्ते AI सिस्टम का उपयोग कर रही हैं। आपातकालीन सेवाओं में भी AI वाली शिकायत निवारण प्रणाली शामिल की गई है। खेती में भी AI मददगार है। इससे किसानों को कीटों के हमले और मौसम संबंधी जोखिमों का पूर्वानुमान पता चल रहा है। AI से फिनटेक कंपनियां उन महिला उद्यमियों को लोन दे रही हैं, जो बैंकिंग व्यवस्था से बाहर थीं।

सभी हो रहे सशक्त । नीति आयोग की रिपोर्ट में बताया गया है कि AI कैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास और वित्तीय सेवाओं तक पहुंच बढ़ाकर देश के करोड़ों असंगठित श्रमिकों को सशक्त बना सकता है। AI का इस्तेमाल बढ़ने के साथ ही उसका नैतिक और निष्पक्ष उपयोग सुनिश्चित करना भी जरूरी है। भारत में AI क्रांति अवसर देने के लिए होनी चाहिए। ऐसी व्यवस्था हो कि गांव की महिला उद्यमी, दूर-दराज के युवाओं और स्टार्टअप संस्थापकों को AI का बराबर फायदा मिले।

(लेखिका इंडिया AI मिशन की COO हैं)

मेहनत की कमाई धर्मपत्नी को सौंप देना, वही असली लक्ष्मी

जैन मुनिश्री तरुणसागरजी

पुत्र चार तरह के होते हैं। एक, लेनदार पुत्र - पिछले जन्म का लेनदार था, पुत्र होकर आ गया। अब उसे पढ़ाओ-लिखाओ, विवाह करो, उसका लेन-देन पूरा होगा और वह चल बसेगा। दो, दुश्मन पुत्र - पिछले जन्म का दुश्मन भी पुत्र होकर आ जाता है। ऐसा पुत्र कदम-कदम पर दुख देता है। तीन, उदासीन पुत्र-ऐसा पुत्र मां-बाप को ना सुख देता है ना दुख। बस कहने को पुत्र होता है। चार, सेवक पुत्र- पिछले जन्म में तुमने किसी की सेवा की, वही तुम्हारा पुत्र बनकर आ गया। ऐसा पुत्र मां-बाप को सुख देता है।

पैर से अपाहिज एक भिखारी सदा प्रसन्न और खुश रहता था। किसी ने पूछा, 'अरे भाई! तुम भिखारी हो, लंगड़े भी हो, तुम्हारे पास कुछ भी नहीं है, फिर भी तुम इतने खुश रहते हो। क्या बात है? वह बोला, 'बाबूजी! भगवान का शुक्र है कि मैं अंधा नहीं हूं। भले ही मैं चल नहीं सकता, पर देख तो सकता हूं। मुझे जो नहीं मिला, मैं उसके लिए प्रभु से कभी कोई शिकायत नहीं करता बल्कि जो मिला है, उसके लिए धन्यवाद जरूर देता हूं।' वही है दुख में से सुख खोजने की कला।

कड़वे प्रवचन

कुत्ते दो प्रकार के होते हैं - एक पालतू और दूसरा फालतू। जो पालतू कुत्ता होता है उसके गले में एक पट्टा पड़ा होता है। उस पट्टे की वजह से उसे ना तो कोई छेड़ता है, न पकड़ता है और न ही मारता है। मगर जो फालतू कुत्ता होता है उसके गले में कोई पट्टा ना होने की वजह से हर कोई उसे छेड़ता और मारता है। अगर तुमने भी अपने गले में प्रभु नाम और सद्गुरु के आशीर्वाद का पट्टा डाल लिया तो फिर तुम्हें दुनिया की कोई भी आसुरी व तामसिक शक्ति नहीं छेड़ सकती।

अपनी मेहनत और पसीने की कमाई धर्मपत्नी के हाथों में सौंप देना, क्योंकि घर की असली लक्ष्मी तो वही है। जो लक्ष्मी तिजोरी में बैठी है वह तो हमेशा खड़ी है। मगर घर की लक्ष्मी तो जीवन-भर साथ देने वाली है। जो व्यक्ति बाजार की लक्ष्मी (धन-लक्ष्मी) से शराब पीता है और घर आकर गृह-लक्ष्मी का अपमान करता है, वह जिंदगी में दोनों लक्ष्मी से वंचित हो जाता है। उसकी तिजोरी की लक्ष्मी तो सामने के दरवाजे से निकल जाती है और घर की लक्ष्मी पीछे के दरवाजे से चली जाती है।

(साभार : डायमंड बुक्स)

रीडर्स मेल

वोट देने का अधिकार

20 जनवरी का संपादकीय 'वोटरों को राहत' पढ़ा। लोकतंत्र में वोट देने का अधिकार सबसे बड़ा है और हर नागरिक का यह अधिकार सुरक्षित रहे, ऐसी व्यवस्था करना सरकार का कर्तव्य है। हालांकि SIR की जरूरत से इंकार नहीं किया जा सकता, लेकिन करोड़ों की संख्या में वोटरों के सिर पर अनिश्चितता की तलवार लटका देना भी उचित नहीं। बेहतर होगा चुनाव आयोग इस प्रक्रिया में योग्य वोटरों को ही यही असुविधाओं पर ध्यान दे।

लीलाम्बर पंत, केशवपुरम

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 22-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP9 User: cci Time: 01-21-2026 20:42 Color:

पसंद की फील्ड में बनाएं करियर

आज के दौर में सिर्फ जॉब मिल जाना ही काफी नहीं है। बहुत-से लोग काम तो कर रहे हैं, लेकिन दिल से खुश नहीं है। वजह साफ है, जो काम वे कर रहे हैं, वह उनका पैशन नहीं है। मजबूरी में किया गया काम पैसा तो देता है, लेकिन सुकून नहीं। अगर आप भी चाहते हैं कि जो काम आपको पसंद है, वही आपकी पहचान बने, तो ये बातें करेंगी मदद:

किसी भी पैशन को करियर बनाने से पहले उसके बारे में पूरी जानकारी लेना बहुत जरूरी है। सिर्फ अच्छा लगना काफी नहीं होता। यह समझना होगा कि उस फील्ड में काम के मौके कितने हैं, लोग किस तरह का काम करते हैं, रूटीन कैसा होता है और वहां आगे बढ़ने में कितना समय लगता है। कई बार हम किसी काम को बाहर से देखकर पसंद कर लेते हैं, लेकिन अंदर की हकीकत अलग होती है। इसलिए जल्दबाजी न करें और पहले रिसर्च जरूर करें।

का ईमानदार फीडबैक आपको गलत फैसले से बचा सकता है।

साही लोगों से सलाह लें

दोस्त और परिवार अपनी मोटिवेट कर सकते हैं, लेकिन सही राह वही हो सकता है जो उस फील्ड में पहले से काम कर रहा हो। ऐसे लोगों से बात करें, उनसे पूछें कि शुरुआत में क्या टिकते आते हैं, इनकम कैसी होती है और भविष्य कितना मजबूत है। किसी अनुभवी इंसान

जीरो से शुरुआत के लिए तैयार रहें

जब आप अपनी पसंद की फील्ड में करियर बदलते हैं, तो कई बार फिर से शुरुआत करनी पड़ती है। हो सकता है अभी आप अच्छी पोस्ट पर हों, लेकिन नए काम में आपको जूनियर लेवल से सीखना पड़े। शुरुआत में कम पैसे या ज्यादा मेहनत भी हो सकती है। अगर आप मानसिक रूप से इसके लिए तैयार है, तो आगे चलकर यही मेहनत आपको मजबूत बनाएगी।

पुरानी स्किल्स को साथ लेकर चलें

नया करियर शुरू करने का मतलब यह नहीं है कि आपकी पुरानी स्किल्स बेकार हो जाएंगी। कम्युनिकेशन, टीम के साथ काम करना, टाइम मैनेजमेंट, सेल्स या मार्केटिंग जैसी स्किल्स हर फील्ड में काम आती हैं। इन्हें आपने नए काम से जोड़ें। इससे आपको दूसरों के मुकाबले जल्दी आगे बढ़ने का मौका मिल सकता है।

अपनी फील्ड को गहराई से समझें

जिस काम को आप पैशन कहते हैं, उसमें खुद को मजबूत बनाना बहुत जरूरी है। सिर्फ शौक के भरोसे नहीं चल सकते। उससे जुड़े लोगों से मिलें, ऑनलाइन सीखें, विडियो देखें, किताबें पढ़ें और लगातार प्रैक्टिस करें। धीरे-धीरे जब आपकी समझ बढ़ेगी, तो आपकी वैल्यू भी बढ़ेगी और लोग आपको सीरियसली लेने लगेंगे।

पैशन से कमाई का रास्ता खोजें

पैशन जरूरी है, लेकिन पैसा भी उतना ही जरूरी है। इसलिए यह सोचना होगा कि इससे कमाई कैसे होगी। आप ऑनलाइन क्लास शुरू कर सकते हैं, छोटे प्रोजेक्ट ले सकते हैं, फ्रीलांस काम कर सकते हैं या वर्कशॉप कर सकते हैं। शुरुआत में कम पैसे आएं तो निराश न हों। जैसे-जैसे काम बढ़ेगा, भरोसा भी बढ़ेगा और कमाई भी।

धीरे-धीरे रिस्क लें

अगर आप पहले से जॉब कर रहे हैं, तो एकदम सब कुछ छोड़ने की जरूरत नहीं है। साइड में अपने पैशन पर काम शुरू करें। जब आपको लगे कि अब यह रास्ता सही है और यहां आगे बढ़ा जा सकता है, तब बड़ा फैसला लें। इससे दबाव भी कम रहेगा और डर भी नहीं लगेगा।

जॉब्स अलर्ट

● RSSB
संस्थान: राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड
पद का नाम: वनरक्षक
पदों की संख्या: 259
आखिरी तारीख: 4 फरवरी
वेबसाइट: rssb.rajasthan.gov.in

● BPSC
संस्थान: बिहार लोक सेवा आयोग
पद का नाम: सहायक वन संरक्षक
पदों की संख्या: 12
आखिरी तारीख: 2 फरवरी
वेबसाइट: bpsc.bihar.gov.in

● यूको बैंक
संस्थान: यूको बैंक
पद का नाम: जनरलिस्ट और स्पेशलिस्ट ऑफिसर्स, मीए
पदों की संख्या: 173
आखिरी तारीख: 2 फरवरी
वेबसाइट: uco.bank.in

संस्थान: बैंक ऑफ महाराष्ट्र
पद का नाम: अप्रेंटिसशिप
पदों की संख्या: 600
आखिरी तारीख: 25 जनवरी
वेबसाइट: bankofmaharashtra.bank.in

संस्थान: इंडियन बैंक की सहायक कंपनी इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेस लिमिटेड
पद का नाम: रिलेशनशिप मैनेजर, डिजिटल मार्केटिंग, सेक्रेटेरियट ऑफिसर और टीलर
पदों की संख्या: 20
आखिरी तारीख: 25 जनवरी
वेबसाइट: indbankonline.com

संस्थान: एमपी राज्य सहकारी बैंक
पद का नाम: कंप्यूटर ऑपरेटर, सोसाइटी मैनेजर और ऑफिसर ग्रेड
पदों की संख्या: 2076
आखिरी तारीख: 5 फरवरी
वेबसाइट: spesbankmp.bank.in

संस्थान: सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया
पद का नाम: फील्ड एक्सीक्यूटिव ऑफिसर स्केल III और मार्केटिंग ऑफिसर स्केल I
पदों की संख्या: 350
आखिरी तारीख: 3 फरवरी
वेबसाइट: centralbank.bank.in

● UPPSC
संस्थान: उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग
पद का नाम: मेडिकल ऑफिसर, कम्युनिटी हेल्थ, वेटरनरी ऑफिसर, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, होम्योपैथिक मेडिकल ऑफिसर, चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद), डेंटल सर्जन, ड्रग्स इंस्पेक्टर, चिकित्सा अधिकारी (यूनानी), चिकित्सा अधिकारी (होम्योपैथिक), वेटिंग ऑफिसर
पदों की संख्या: 2158
आखिरी तारीख: 29 जनवरी
वेबसाइट: uppsc.up.nic.in

● IAF
संस्थान: भारतीय वायु सेना
पद का नाम: अग्निवीर वायु
आखिरी तारीख: 1 फरवरी
वेबसाइट: inforecruitment.edcil.co.in

● नॉन टीचिंग
संस्थान: दीयू का हंसराज कॉलेज
पद का नाम: कॉलेज एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, लैबोरेट्री असिस्टेंट, जूनियर असिस्टेंट, लाइब्रेरी अटेंडेंट और लैबोरेट्री अटेंडेंट
पदों की संख्या: 41
आखिरी तारीख: 5 फरवरी
वेबसाइट: du.ac.in

BANASTHALI VIDYAPITH
(Notified Under Section 3 of the UGC Act)
University for women: University with a difference

Applications are invited for (i) Course Instructors/Faculty (05), (i) Assistant Faculty (03) (iii) Training Coordinators (02), (iv) Lab Assistant (01) & (v) Office Assistants (02) for a period of three years under the following MoEY funded research project.

Project: Multilevel Capacity Building and Skilling in Industry-Aligned Emerging Technologies.

Qualification: Qualifications shall be as per UGC/AICTE norms. All positions are purely temporary and contractual. Salaries will be as per MoEY project guidelines. Selection will be based on qualifications, experience, and performance in the interview. No claim for regular appointment shall be entertained.

Workers must become habitual wearer of Khadi on appointment. Application duly supported by testimonials along with passport size photograph should reach within 3 weeks to: Secretary, Banasthali Vidyapith, P.O. Banasthali Vidyapith-304022 (Raj.) and e-mail on automationoffice@banasthali.in. For detailed advertisement, please visit: http://www.banasthali.org

ROYAL INTERNATIONAL SCHOOL
Sector- 99, Chandu Road, Garhi Harsaru Gurugram
REQUIRED STAFF
Montessori Teacher
● PRT- ALL SUBJECT
● TGT- ALL SUBJECT
● PGT- ALL SUBJECT
● Sanitary staff ● Driver ● Conductor
● Helper ● Dance Teacher
Interview on Sunday (25 January, 2026)
Timing -10.00 AM - 02.00 PM
At Royal International School
Garhi Harsaru Gurugram
8882070019, 9310473879
9873949040, 9821952707
royal.garhi2025@gmail.com

आईआईएफसीएल प्रोजेक्ट्स लिमिटेड
(इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, जो भारत सरकार का उपक्रम है)
पंजीकृत कार्यालय: 1-सी सीबीडी, पोस्ट-ए, कम्युनिटी सेंटर 2, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110 027
सीआईएन: U74999DL2012GOI231473

व्यक्तिगत सलाहकारों की नियुक्ति (अनुबंध के आधार पर)

आईआईएफसीएल प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (आईपीएल) एक प्रमुख वित्तीय और आश्वासन परामर्शी कंपनी है। यह केंद्र/राज्य/स्थानीय सरकारों को मुख्यतः पीपीपी आधार पर व्यवहार्य परियोजनाओं के निर्माण और वित्तपोषण और सरकार/पीएसयू/निजी ढेवलपर्स के लिए संसाधन जुटाने पर परामर्श देता है। यह आधारभूत संरचना के भावी विकास के लिए नीति सम्बंधी प्रदान करने में विभिन्न सरकार और नीति निर्माताओं के प्रतिनिधित्व प्रतिबद्ध है।

अनुबंध के आधार पर सलाहकारों की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

विभिन्न पदों और आवेदन प्रारूप के बारे में अधिक जानकारी के लिए, इच्छुक उम्मीदवार हमारी वेबसाइट https://www.iifclprojects.in पर करियर अनुभाग के अंतर्गत जा सकते हैं।

सभी आवेदन ईमेल या डाक के माध्यम से भेजे जाने चाहिए। ईमेल पता तथा पत्राचार पता कंपनी की वेबसाइट पर विस्तृत विज्ञापन में दिया गया है।

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि - **11/02/2026** (दूरस्थ क्षेत्रों सहित)।

कंपनी समय-समय पर अगली ज़रूरतों के लिए एक कैलेंडर वर्ष में 150 दिनों से कम अवधि के लिए अल्पकालिक सलाहकारों (एसटीसी - अनुबंध पर) की भी नियुक्ति करती है। आवेदन कंपनी की वेबसाइट पर एसटीसी लिंक पर अपलोड किए जा सकते हैं।

किसी भी अन्य सुधिपत्र या संशोधन को केवल कंपनी की वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा। उम्मीदवार खुद को अपडेट रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए स्क्रैच कार्ड खरीदें

नियमित/संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती

नियमित/संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/22 (संविदा पद)

पद का नाम	रिक्ति	आयु (31.12.2025 तक) न्यूनतम	अधिकतम
उपाध्यक्ष (यूएसए)	1	40	50
उप उपाध्यक्ष (यूएसए)	1	36	44
सहायक उपाध्यक्ष (यूएसए)	1	32	40
वरिष्ठ विशेष कार्यकारी (यूआई और यूएसए)	3	28	37

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/22 (नियमित पद)

पद का नाम	श्रेणी	रिक्ति	आयु (31.12.2025 तक) न्यूनतम	अधिकतम
उप प्रबंधक (यूआई और यूएसए)	एमएमजीएस-II	6	25	35

पात्रता मानदंड (आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवेदन शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** पर लॉग ऑन करें, जहाँ उपरोक्त विस्तृत विज्ञापन उपलब्ध है. इसके साथ आवेदन को ऑनलाइन जमा करने और साथ ही साथ आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने हेतु एक लिंक भी दी गई है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया **"CONTACT US" → "Post Your Query"** लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की वेबसाइट **(https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query)** पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 16.01.2026 से 05.02.2026 तक.**

स्थान: मुंबई
दिनांक: 16.01.2026
महाप्रबंधक (भारती एंड पीएम)

विज्ञापन संख्या : 9/2026

भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड)
में
निदेशक (प्रचालन)

पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि
09 फ़रवरी, 2026 (15.00 बजे तक) है।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि
18 फ़रवरी, 2026 (17.00 बजे तक) है।
जानकारी के लिए वेबसाइट
https://www.pesb.gov.in में लॉगइन करें।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक

बैंक ऑफ़ बड़ौदा में संविदा आधार पर पेशेवरों की भर्ती के लिए सूचना

भारत के सबसे बड़े बैंकों में से एक **बैंक ऑफ़ बड़ौदा**, बैंक के परियोजना प्रबंधन कार्यालय, विशेष परियोजना अनुभागों एवं संयुक्त उद्यम में विभिन्न पदों के लिए संविदा आधार पर पेशेवरों की भर्ती कर रहा है।

क्र सं	पद	रिक्तियां
	विभाग – परियोजना प्रबंधन कार्यालय, विशेष परियोजना अनुभागों और संयुक्त उद्यम	
1	असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट II – एग्जाल ट्रांसफॉर्मेशन एक्सपर्ट	1
2	असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट I – बीएफएसआई में कार्य अनुभव वाले बिजनेस फायनांस एनालिस्ट	2
3	असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट II – बीएफएसआई में कार्य अनुभव वाले बिजनेस फायनांस एनालिस्ट	1
	कुल	**4**

कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार इनमें परिवर्तन किया जा सकता है।

पात्रता मानदंड (आयु, योग्यता और अनुभव), अपेक्षित शुल्क और अन्य विवरण बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इच्छुक उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे बैंक की वेबसाइट https://bankofbaroda.bank.in → कॅरियर पृष्ठ → वर्तमान अवसर → परियोजना प्रबंधन कार्यालय, विशेष परियोजना सहायक अनुभागों और संयुक्त उद्यम में संविदा आधार पर पेशेवरों की भर्ती के लिए विज्ञापन संख्या BOB/HRM/REC/ADVT/2026/02 को देखें।

उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे विस्तृत विज्ञापन को अच्छी तरह पढ़ लें और आवेदन करने और शुल्क जमा करने से पहले अपनी पात्रता और अन्य विवरणों की भली-भांति जांच करना सुनिश्चित कर लें।

किसी भी अतिरिक्त सूचना/ सुधिपत्र/ संशोधन को बैंक की वेबसाइट पर ही अधिसूचित किया जाएगा।

ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने और शुल्क के भुगतान की तारीख: 20.01.2026 से 09.02.2026 (23:59 बजे तक)

स्थान: मुंबई
दिनांक: 20.01.2026
मुख्य महाप्रबंधक
(मानव संसाधन प्रबंधन और विपणन)
HR25-26

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक

बैंक ऑफ़ बड़ौदा में आईटी विभाग के लिए संविदा आधार पर प्रमुख और उप प्रमुख के विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु सूचना

भारत के सबसे बड़े बैंकों में से एक, **बैंक ऑफ़ बड़ौदा**, भारत भर में स्थित अपने कार्यालयों के लिए संविदा आधार पर पेशेवरों की भर्ती कर रहा है।

पद	ग्रेड	रिक्ति
वीपी : प्रमुख - एआई	ओसीबी 6	1
वीपी : हेड प्लेटफॉर्म इंजीनियरिंग		1
डीवीपी: उप प्रमुख क्लाउड सीओई (सेंटर ऑफ एक्सिलेन्स)	ओसीबी 5	1
डीवीपी: उप प्रमुख आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर		1
कुल योग		**4**

कृपया ध्यान दें कि ऊपर उल्लिखित रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार इसमें बदलाव किया जा सकता है।

पात्रता मानदंड (आयु, योग्यता और अनुभव) अपेक्षित शुल्क और अन्य विवरण बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इच्छुक उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे बैंक की वेबसाइट https://bankofbaroda.bank.in पर → कॅरियर पृष्ठ → वर्तमान अवसर → आईटी विभाग के लिए संविदा आधार पर पेशेवरों की भर्ती विज्ञापन संख्या BOB/HRM/REC/ADVT/2026/01 को देखें।

उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे विस्तृत विज्ञापन को अच्छी तरह पढ़ लें और आवेदन करने और शुल्क जमा करने से पहले अपनी पात्रता और अन्य विवरणों की जांच करना सुनिश्चित कर लें।

किसी भी अन्य सूचना/ सुधिपत्र /संशोधन को केवल बैंक की वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा।

ऑनलाइन आवेदन भरने और शुल्क के भुगतान की तारीख: 17.01.2026 से 06.02.2026 (23:59 बजे) तक

स्थान: मुंबई
दिनांक: 17.01.2026
मुख्य महाप्रबंधक
(मासंप्र एवं विपणन)
HR25-26

आईआईएम मुंबई
भारतीय प्रबंधन संस्थान मुंबई
Indian Institute of Management Mumbai
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
विज्ञापन संख्या 8/2047

विज्ञापन सं. प्रशा./भर्ती/2026/04 दि. 21 जनवरी 2026
विज्ञापन सं. प्रशा./भर्ती/2026/05 दि. 21 जनवरी 2026

गैर-शैक्षणिक पदों हेतु विज्ञापन

प्रशा./भर्ती/2026/04	▶ प्रबंधक (आईटी) ▶ प्रबंधक (सीडीएस)
प्रशा./भर्ती/2026/05	▶ विभिन्न गैर-शैक्षिक पदों (ठेका पर)

विस्तृत विज्ञापनों के लिए, कृपया https://iimmumbai.ac.in/careers देखें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी

JHANKAR INTERNATIONAL SR. SEC. SCHOOL
SECTOR-96, GURUGRAM
ONLY EXPERIENCED TEACHERS CAN APPLY
REQUIREMENT
- PRE Primary Coordinator • Primary Coordinator
- NTT • PRT : ALL SUBJECT • TGT : S.st, Hindi & Sanskrit
- PGT : Physics, Chemistry, Biology, English, Mathematics, Pol. Science, Hindi
- COMPUTER (IT) • ART & CRAFT • MUSIC, DANCE, YOGA
- RECEPTIONIST (ADMIN) • CANTEEN VENDOR

SEND YOUR RESUME : Jhankar072020@gmail.com
80-53-330-830, 97-28-904-209

विज्ञापन संख्या 07/2026
भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
आई आर ई एल (इंडिया) लिमिटेड
में
निदेशक (वित्त)

पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि **06 फ़रवरी, 2026** (15.00 बजे तक) है।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि **16 फ़रवरी, 2026** (17.00 बजे तक) है।
जानकारी के लिए वेबसाइट
http://pesb.gov.in
में लॉग इन करें।

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

भारतीय रिज़र्व बैंक में कार्यालय परिचारक के पद हेतु भर्ती-पैनल वर्ष 2025

भारतीय रिज़र्व बैंक, बैंक के विभिन्न कार्यालयों में "कार्यालय परिचारक" के **572 पदों** के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

2. अन्य समस्त विवरणों, जैसे पात्रता मानदंड, रिक्तियों संबंधी आरक्षण, चयन योजना, ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुतिकरण और अन्य निर्देशों के लिए कृपया दिनांक **15 जनवरी 2026** को बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर प्रकाशित विस्तृत विज्ञापन तथा एप्लीकेशन न्यूज़/रोजगार समाचार में दिनांक **24 जनवरी 2026 को/बाद के अंक** में प्रकाशित विस्तृत विज्ञापन को देखें। उम्मीदवार उपर्युक्त पदों के लिए केवल ऑनलाइन माध्यम से बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) से ही आवेदन कर सकते हैं।

3. महत्वपूर्ण तिथियाँ* :

ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण और आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क के भुगतान हेतु वेबसाइट लिंक खुलना	15 जनवरी 2026 – 04 फरवरी 2026
ऑनलाइन परीक्षा की संभावित तिथि	28 फरवरी और 01 मार्च 2026

*बैंक इन तिथियों में कोई भी परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

टिप्पणी: उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में यदि कोई सुधिपत्र जारी किया जाता है, तो उसे केवल बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

Asia-Pacific Institute of Management
New Delhi
Need dynamic and talented brains with management skills

Dean–Academics
The incumbent will be responsible for academic growth of students, administration of various programs, placements, industry collaboration and research projects in the field of management. Must be doctorate and an eminent management academician and proven leader in the management education field.

Professor, Associate Professor
Assistant Professor, Research Associate

Areas: Finance & Banking, Marketing, International Business, Operations Management and Decision Sciences & QT, HR/OB&OD, Business Environment/Economics/Econometrics, IT, Big Data Analytics, Health-care Management & Hospital Management.

Qualifications & Experience:

Assistant Professor: First class MBA/PG Degree in relevant discipline with minimum of 05 yrs teaching experience in reputed management institutions. PhD in related discipline is preferred.
Associate Professor: First class MBA/PG Degree in relevant discipline with minimum of 08 yrs teaching experience in reputed management institutions, out of which 05 yrs post-PhD at Assistant Professor Level.
Professor: First class MBA/PG Degree in relevant discipline with minimum of 12 years teaching experience in reputed management institutions, out of which 04 yrs post-PhD at Associate Professor Level.
Research Associate: First class MBA/ PG Degree in relevant discipline and those who have submitted thesis for PhD will be given preference.
Institute follows the Pay scales as per AICTE guidelines.
Note: Higher starting salary can be considered for faculty with an outstanding track record in conducting MDP, Research, Publications and Consultancy, in addition to teaching assignments.
All applications will be treated in strict confidence. Apply within 10 days of the advertisement to : hr@asiapacific.edu

Asia-Pacific Institute of Management
3 & 4, Institutional Area, Jasola, N Delhi-110 025. Ph.: 011-42094800/860
Website: www.asiapacific.edu
We Shape Futures Since 1996

जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण
प्रशासन विभाग (कार्मिक अनुभाग)
ISO 9001:2015, ISO 14001:2015, ISO 45001:2018, ISO 27001:2013 CERTIFIED

विज्ञापन सं: ए/पीई/ए-02/2026/एडी

जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण नियमित आधार पर निम्नलिखित पद पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित करती है।

पद का नाम	पदों की संख्या और आरक्षण
प्रबंधक (वित्त) (पूर्व संशोधित पदनाम सहायक व्यवस्थापक (वित्त)) वेतनमान: 50000 - 160000 (पूर्व संशोधित वेतनमान: 20600-46500/10750-16750)	1 (एक) अनारक्षित

अधिक जानकारी के लिए कृपया **जेएनपीए** की वेबसाइट **www.jnport.gov.in > Employees Corner > Careers** विभाग पर जाएं।

प्रभारी उप महाप्रबंधक (कार्मिक एवं औ.सं)

इंडिया एक्जिम बैंक
India Exim Bank

अपने करियर को दीजिए वैश्विक मंच

विभिन्न पदों के लिए आवेदन कर अपने करियर को दीजिए नए आयाम

युवा पेशेवरों के लिए अवसर

प्रबंधन प्रशिक्षु (एमटी) – बैंकिंग परिचालन (40 पद)

उप प्रबंधक (डीएम) – बैंकिंग परिचालन (20 पद)

विस्तृत विज्ञापन के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएं।
https://www.eximbankindia.in/careers

सभी महत्वपूर्ण तिथियों की जानकारी पत्र के माध्यम से दी जाएगी तथा बैंक की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराई जाएगी।

मुंबई पत्तन प्राधिकरण

नियमित/अनुबंध आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए उम्मीदवारों से आवेदन मंगा रही है।

सं. क्र.	पद का नाम	पदों की संख्या
1)	समुद्री अभियंता - नियमित	01 (अनुसूचित जनजाति)
2)	पायलट - नियमित	22 (अनारक्षित-13, अनुसूचित जाति-4, अनुसूचित जनजाति-2, अन्य पिछड़ा वर्ग-3)
3)	समुद्री अभियंता (अनुबंध पर)	05
4)	पायलट अनुबंध पर	

नियमित आधार पर समुद्री अभियंता के पद के लिए आवेदन मिलने की आखिरी तारीख **27/02/2026** है। अगर रिक्ति खाली रहती है और/या कोई और रिक्ति निकलती है, तो विज्ञापन खुला रखा जाएगा।

(i) पायलट नियमित आधार पर; (ii) पायलट अनुबंध आधार पर; और (iii) समुद्री अभियंता अनुबंध आधार पर इन पदों के रिक्तियों के लिए विज्ञापन खुला रखा जाएगा।

पात्रता मानदंड आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक उम्मीदवार हमारी वेबसाइट **www.mumbaiport.gov.in (People & Career/Jobs/ Advertisements)** पर जा सकते है और हमारी वेबसाइट से निर्धारित प्रारूप डाउनलोड करके उसी प्रारूप में अपना आवेदन जमा कर सकते है।

MbPA-45-2025
प्रबंधक (मानव संसाधन)

दिल्ली परिवहन निगम
(राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार)
आई.पी. एस्टेट, दिल्ली सरकार

डी. टी. सी. द्वारा प्रतिनियुक्ति के आधार पर निम्नलिखित ग्रुप 'ए' पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं

क्र. सं.	पद का नाम	ग्रेड पे (छठे वेतन आयोग के अनुसार) एवं वेतन मैट्रिक्स स्तर	पदों की संख्या
1.	उप मु0 महा प्रबंधक (यांत्रिक)	15600–39100 + G.P. Rs. 7600/- (Pay Matrix Level 12 in 7th P.C.)	4
2.	उप मु0 महा प्रबंधक (यातायात)	15600–39100 + G.P. Rs. 7600/- (Pay Matrix Level 12 in 7th P.C.)	4
3.	वरिष्ठ प्रबंधक (यांत्रिक)	15600–39100 + G.P. Rs. 6600/- (Pay Matrix Level 11 in 7th P.C.)	1
4.	वरिष्ठ प्रबंधक (यातायात)	15600–39100 + G.P. Rs. 6600/- (Pay Matrix Level 11 in 7th P.C.)	1

आवेदन की अंतिम तिथि के समय आयु 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। उपरोक्त प्रतिनियुक्तियों से संबंधित संपूर्ण जानकारी एवं आवेदन पत्र का प्रारूप इत्यादि दिल्ली परिवहन निगम की वेबसाइट **www.dtc.nic.in** पर उपलब्ध है। जो आवेदक उक्त प्रतिनियुक्तियों से संबंधित पात्रता मानदंड रखते है, वो अपने आवेदन/ बायोडेटा दि0 प0 नि0 की वेबसाइट पर उपलब्ध आवेदन पत्र के निर्धारित प्रारूप में भर कर, संबंधित प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि सहित उचित चैनल द्वारा प्रबंधक (कार्मिक विभाग–1) दि0 प0 नि0 (मुख्यालय) इन्द्रप्रस्थ, नई दिल्ली–110002 के पते पर प्रेशित करें। आवेदन की अंतिम तिथि **12.02.2026** है।

हस्ता/–
प्रबंधक (कार्मिक विभाग–1)

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 22-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRBP User: ccl Time: 01-21-2026 22:40 Color:



NBT AI टाइम मशीन

सबसे तेज तापमान परिवर्तन का रेकॉर्ड

आज ही के दिन 1943 में अमेरिका के साउथ डकोटा में कुदरत का अनोखा चमत्कार हुआ था। दुनिया के सबसे तेज तापमान परिवर्तन का रेकॉर्ड बन गया। सुबह जमा देने वाली ठंड थी, तापमान -20 डिग्री सेल्सियस था, लेकिन 'चिनूक' नाम की गर्म हवाओं की वजह से करीब 2 मिनट के अंदर तापमान 27 डिग्री बढ़कर 7 डिग्री पहुंच गया। हालांकि, बदलाव ज्यादा नहीं टिका। मिनटों में तापमान जीरो से नीचे भी चला गया।

NBT

Front Page-2

नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली/एनसीआर

गुरुवार, 22 जनवरी 2026

आगे खुद को ठंडा रखेंगे स्मार्ट शहर

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में धरती को ठंडा करने की तकनीकें विकसित होंगी। 'सोलर जियोइंजिनियरिंग' के जरिए आसमान में खास सूक्ष्म कण छिड़के जाएंगे ताकि वे सूर्य की किरणों को स्पेस में रिफ्लेक्ट कर सकें और धरती का तापमान न बढ़े। विशालकाय कार्बन सोखने वाली मशीनें लगाई जाएंगी, जो हवा से गर्मी बढ़ाने वाली गैसों को जमीन के नीचे दफन कर देंगी। ऐसे 'स्मार्ट शहर' होंगे, जिनकी इमारतें और सड़कें खुद को मौसम के अनुसार ठंडा रख सकेंगी।



AI Images

ईस्ट यूपी के गाज़ीपुर में 100 से ज्यादा बच्चों को बांधकर रखना पड़ रहा है

'पैदा तो स्वस्थ हुए थे, बुखार आया और दिमाग-शरीर सब ले गया'

■ विकास पाठक, वाराणसी

NBT EXCLUSIVE

8 साल की प्रिया खेलने और स्कूल जाने के बजाय अपने घर में डोरियों से बंधी है। कमर के नीचे का हिस्सा और पैर सूख चुके हैं। कुछ बोलना, समझना तो दूर, पैर में बंधी डोरियां खुलते ही चलने, दौड़ने की कोशिश में गिरकर चोटिल हो जाती है। शरीर पर चोटों के तमाम निशान हैं। ऐसी ही हालत उसकी 5 साल की बहन परिधि की है। गाजीपुर के हरिहरपुर गांव की पूनम, सलोनी, रमिता, राजू, सोनी, शिवम, राहुल और अक्षय जैसे कई बच्चे और किशोर हैं जो मानसिक और शारीरिक रूप से अक्षम हो चुके हैं।

माता-पिता की आंखों में बेबसी है। वे कहते हैं, 'बच्चे पैदा तो पूरी तरह स्वस्थ हुए थे। कुछ महीने बाद बुखार आया और इनकी यह हालत हो गई। कई साल इलाज करवाने के बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ, ना ही डॉक्टर कुछ स्पष्ट बता पा रहे हैं। गाजीपुर के मनिहर, सदर, बहादीपुर, फतेहउल्लाहपुर, हरिहरपुर, धारीकला, तारडीह, रायौली सराय, सुहहन, बैरहारा, बुढ़नपुर समेत दर्जनभर गांवों में ऐसे कई केस हैं। समाजसेवी सिद्धार्थ राय ने मामले को प्रमुखता से उठाया। राजभवन और प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीमें और ऐंबुलेंस गांवों में दौड़ने लगी हैं। बुखार के बाद लगातार झटके आना, मानसिक और शारीरिक अक्षमता से जूझ रहे 46 बच्चों की सूची प्रशासन को सौंपी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे बच्चे 100 से अधिक हैं। इनमें से 40 का इलाज BHU में किया जा चुका है, पर राहत नहीं मिली।

यूपी शासन में स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव अमित घोष ने कहा कि इस मामले में सीएमओ से रिपोर्ट मांग ली गई है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही तय होगी।

अक्षय

पूनम

कुलदीप

'नहर में बहाया जाता है केमिकल वाला पानी'

प्रभावित गांव करीब 5 किलोमीटर के दायरे में स्थित हैं और पास में ही बड़ा एथी और एनर्जी प्लांट लगा है। ग्रामीणों की मानें तो प्लांट से केमिकल युक्त पानी नहर में बहाया जाता है, जिससे भूजल प्रदूषित हो रहा है। प्रभावित गांवों के लोग हैंडपंप का पानी पीते हैं। हर घर नल योजना की पाइपलाइन तो बिछ गई है, लेकिन पानी नहीं आता है।

संभवतः गर्भावस्था में बुखार आने या तेज फीवर के कारण ऐसा हुआ हो। बेहतर इलाज कराएंगे। *-अविनाश कुमार, DM गाजीपुर*

रिपोर्ट डीएम के माध्यम से शासन को भेज दी गई है। शासन से ही कोई जानकारी मिल सकती है। *-डॉ. एस.के.पांडेय, सीएमओ*

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1 अविमुक्तेश्वरानंद खुद को किस पीठ का शंकराचार्य बताते हैं?
A. ज्योतिर्मठ B. गोवर्धन मठ C. शारदा मठ

2 कैबिनेट ने अटल पेंशन योजना को कब तक बढ़ाने की मंजूरी दी है?
A. 2026-27 तक B. 2030-31 तक C. 2035-36 तक

3 2025 के 'इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार' के लिए किसे चुना गया?
A. मो. यूनुस B. डॉनल्ड ट्रंप C. ग्रासा माशेल

4 जोमैटो (इटरनल) में किस पद से दीपिंदर गोयल का इस्तीफा?
A. CEO B. MD C. चेयरमैन

5 राम मंदिर ट्रस्ट के प्रमुख इनमें से कौन हैं?
A. रामभद्राचार्य B. नृत्य गोपाल दास C. प्रेमानंद

कल के जवाब

A1 B. 45 का A2 A. 1 अरब डॉलर A3 C. पांसेरा A4 A. जोस मैनुअल अल्बेरेस A5 B. कर्नाटक

लकी विनर्स

1. करनवीर, द्वारका, नई दिल्ली
2. शशी कला मेहरा, गाजियाबाद
3. राकेश वशिष्ट, नई दिल्ली

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

ट्रंप ने कहा, यूरोप सही दिशा में नहीं

ग्रीनलैंड, नाटो, रूस-यूक्रेन, भारत-पाकिस्तान, वेनेजुएला ...कई मुद्दों पर रखी बात

■ पीटीआई, दावोस (स्विट्ज़रलैंड)

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम के मंच से यूरोपीय देशों को आड़े हाथ लिया। ट्रंप ने कहा कि मैं यूरोप को अच्छा करते देखना चाहता हूं, लेकिन यह अभी सही दिशा में नहीं जा रहा है। यूरोप के कुछ इलाके अब पहचानने लायक नहीं हैं। हम इस पर लंबी बात कर सकते हैं, लेकिन इसे जाने देते हैं। मैं किसी का अपमान नहीं करना चाहता और यह नहीं कहना चाहता कि मैं इसे नहीं पहचानता और यह पॉजिटिव तरीके से नहीं है। यह बहुत नेगेटिव तरीके से है।

US पर हमला तो भरोसा नहीं नाटो रक्षा को आएगा

ट्रंप ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका इस धरती का इकनॉमिक इंजन है। जब अमेरिका में तेजी आती है, तो पूरी दुनिया में तेजी आती है। यह इतिहास रहा है, जब हालात खराब होते हैं, तो सभी देश भी हमारे साथ नीचे जाते हैं। मैं इस बारे में बात करना चाहता हूं कि हमने यह इकनॉमिक चमत्कार कैसे हासिल किया, हम अपने नागरिकों के लिए जीवन स्तर को ऐसे लेवल तक कैसे बढ़ाना चाहते हैं, जो पहले कभी नहीं देखे गए, और शायद आप भी और जिन जगहों से आप आते हैं, वे भी हमारे काम करने के तरीके को अपना कर बहुत बेहतर कर सकते हैं।

वेनेजुएला पर ट्रंप ने कहा, पिछले हफ्ते हमने अकेले वेनेजुएला से 50 मिलियन बैरल तेल लिया। वेनेजुएला इतने वर्षों तक शानदार जगह थी, लेकिन फिर अपनी नीतियों की वजह से यह खराब हो गई। 20 साल पहले, यह महान देश था, और अब इसे दिक्कतें हैं, लेकिन हम उनकी मदद कर रहे हैं और उन 50 मिलियन बैरल को हम उनके साथ बांटेंगे, और वे ज्यादा पैसे कमाएंगे। वेनेजुएला बहुत अच्छा करेगा। हमले खत्म होने के बाद से हम बहुत अच्छा सहयोग दे रहे हैं। वेनेजुएला छह महीनों में पिछले 20 सालों में कमाए गए पैसों से ज्यादा पैसे कमाएगा।

वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम में

- अमेरिका धरती का इकनॉमिक इंजन, जब अमेरिका में तेजी आती है तो दुनिया में तेजी आती है।
- फ्रांस, कनाडा जैसे देशों की भी आलोचना, कहा अमेरिका की वजह से चल रहा है कनाडा।
- दोहराया-मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष को रुकवाया था।
- सोमालिया के लोगों को 'कम बुद्धि वाले' और 'समुद्री डाकू' बताया।
- ट्रंप ने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के नीले सनग्लासेज पर कहा - हर जगह इन्हें क्यों पहन रहे हैं।



'पूतिन-जेलेंस्की समझदार तो समझौता कर लेंगे'

रूस-यूक्रेन जंग पर ट्रंप ने कहा कि पूतिन और जेलेंस्की समझदार हुए तो आपसी सहमति से समझौता कर लेंगे। अगर वे ऐसा नहीं करते, तो वे मूर्ख हैं। यह बात दोनों पर लागू होती है। और मैं जानता हूं कि वे मूर्ख नहीं हैं। हम तीसरा विश्व युद्ध नहीं करने जा रहे हैं। मुझे लगता है कि अगर मैं निर्वाचित नहीं हुआ होता, तो रूस-यूक्रेन विवाद तीसरे विश्व युद्ध में बदल सकता था। ट्रंप ने कहा कि बातचीत से समाधान निकालना समझदारी भरा रास्ता है।

रूस-यूक्रेन जंग तीसरे विश्व युद्ध में बदल सकती थी

भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का फिर दावा

ट्रंप ने बुधवार को फिर अपने इस दावे को दोहराया कि उन्होंने कई अन्य युद्धों की तरह पिछले साल मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष रुकवाया था। ट्रंप ने पिछले साल 10 मई के बाद से अबतक 80 से ज्यादा बार भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष रुकवाने का श्रेय लेने की कोशिश की है। उनका दावा है कि अमेरिका की मध्यस्थता वाली बातचीत के बाद दोनों पड़ोसी 'पूर्ण और तत्काल' सैन्य संघर्ष रोकने पर सहमत हो गए थे।

ट्रंप के खिलाफ यूरोपीय नेता एकजुट हुए

यूरोपीय संघ ट्रेड बजूका टैक्स लगाकर जवाबी कार्रवाई शुरू कर सकता है। इसके तहत यूरोप अपने यहां अमेरिकी सामानों के आयात पर रोक लगा सकता है। *-इमैनुएल मैक्रों, फ्रांस*

ग्रीनलैंड को कब्जे में लेने की कोशिश और ग्रीनलैंड समर्थकों पर 10% टैरिफ लगाने की धमकियां दिया जाना यूरोप की सुरक्षा, समृद्धि और सिद्धांतों के लिए चुनौती है। *-एंटोनियो कोस्टा, ईयू*

टैरिफ को हथियार बनाकर दबाव बनाया जा रहा है, वित्तीय सिस्टम के जरिए देशों को मजबूर किया जा रहा है, सप्लाई चेन की कमजोरियों का इस्तेमाल हो रहा है। *-मार्क कार्नी, कनाडा*



'बोर्ड की ज़रूरत न पड़ती, अगर UN काम करता'

■ पीटीआई, न्यू यॉर्क/वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र ने कभी भी क्षमता के अनुसार काम नहीं किया। अगर उसने प्रभावी भूमिका निभाई होती तो गाजा के लिए 'बोर्ड ऑफ पीस' की जरूरत ही ना पड़ती। ट्रंप ने संकेत दिए कि नवगठित 'बोर्ड ऑफ पीस' संयुक्त राष्ट्र की जगह ले सकता है, जिसका पहले भी कई आलोचक डर जताते रहे हैं।

ट्रंप ने गाजा में रीडिवेलपमेंट में मदद के लिए 'बोर्ड ऑफ पीस' गठित किया है। जब उनसे पूछा गया कि 'बोर्ड ऑफ पीस' संयुक्त राष्ट्र का स्थान लेगा तो ट्रंप ने कहा, 'यह हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र बहुत मददगार साबित नहीं हुआ है। मैं इसका बड़ा समर्थक हूं, लेकिन यह कभी अपनी पूरी क्षमता के अनुसार काम नहीं कर पाया।' ट्रंप ने कहा कि मैंने अपने दूसरे कार्यकाल के पहले वर्ष में 8 जंगों को सुलझाया, लेकिन संयुक्त राष्ट्र ने किसी भी युद्ध में मेरी मदद नहीं की। मैं उन्हें दोष नहीं दे रहा हूं। ...लेकिन मैंने प्रधानमंत्रियों, राष्ट्रपतियों को एक साथ बैठाया, हमने सख्ती से बात की, आपसी सहमति बनाई और वे मुझे पसंद करने लगे। संयुक्त राष्ट्र को उन सभी युद्धों को सुलझाना चाहिए था, जिन्हें मैंने सुलझाया।

'संयुक्त राष्ट्र को उन सभी युद्धों को सुलझाना चाहिए था, जिन्हें मैंने सुलझाया। ...हर जंग को रोकने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए था।' *- डॉनल्ड ट्रंप (दूसरे कार्यकाल के 1 साल पर)*

'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होगा इस्राइल

इस्राइल (Israel) के प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू (Benjamin Netanyahu) ने बुधवार को कहा कि हमने ट्रंप के 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने के लिए सहमति दे दी है। नेतन्याहू की यह घोषणा उनके पुराने रुख के उलट है। नेतन्याहू ने इस बोर्ड में प्रतिद्वंद्वी देशों तुर्किये और कतर को शामिल होने का न्योता भेजने का विरोध किया था। चीन ने इस बोर्ड में शामिल होने पर बुधवार को अपना ऐतराज जताया और संयुक्त राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर की। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम हमेशा सच्चे बहुपक्षवाद के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। हम UN को केंद्र में रखकर व्यवस्था की मजबूती से रक्षा करेंगे।



SPEED News

इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार की घोषणा

अंतरराष्ट्रीय जूरी ने 2025 का यह सम्मान अफ्रीकी नेता और समाजसेवी ग्रासा माशेल को देने का फैसला किया है।

जापान के पूर्व पीएम की हत्या में उम्र कैद

2022 में प्रचार के दौरान शिंजो आबे की हत्या का अपराध कबूल करने वाले तेत्सुया यामागामी (45) को अदालत ने उम्र कैद दी है।

साउथ कोरिया के पूर्व पीएम को मिली सजा

पूर्व पीएम हान डक-सू को 23 साल की सजा सुनाई गई है। पूर्व राष्ट्रपति के मार्शल लॉ लगाने में मदद करने के लिए सजा मिली है।

अमेरिका को ईरान की धमकी, जवाब देंगे

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अगर हम पर हमला हुआ तो अपने पास मौजूद हर ताकत से जवाब देंगे।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

IMF चीफ से वैष्णव: 'दूसरे दर्जे का नहीं, AI में टॉप देशों में है भारत'

■ NBT रिपोर्ट

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विश्व आर्थिक मंच (WEF) में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस पर IMF की चीफ क्रिस्टालिना जार्जीवा (Kristalina Georgieva) के आकलन को खारिज किया है। आईएमएफ चीफ ने भारत को 'सेकंड-टियर' की AI अर्थव्यवस्था बताया था। वैष्णव ने पलटवार में कहा कि भारत टॉप AI देशों में शामिल है और इसके पूरे इकोसिस्टम पर काम कर रहा है।

AI पर IMF चीफ की रेटिंग पूरी तरह खारिज

स्विट्जरलैंड के दावोस में IMF की एमडी ने AI की तैयारी पर देशों का इंडेक्स जारी किया। इसमें उन्होंने देशों को तीन कैटिगरी में बांटा है। इनमें वे देश भी शामिल हैं, जो बदलाव ला रहे हैं। दूसरे वे जो केवल देख रहे हैं और बदलाव से बेखबर हैं। इस लिस्ट में अमेरिका, डेनमार्क सिंगापुर को पहली कैटिगरी में रखा गया। भारत को उभरते बाजारों वाली दूसरी कैटिगरी में रखा गया।

आपकी सेकंड टियर वाली रेटिंग सही नहीं है। भारत पहली कैटिगरी में है और AI के पूरे इकोसिस्टम में काम कर रहा है। *-अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री (दावोस में)*

'रेटिंग सही नहीं है'

वैष्णव ने कहा, 'मुझे नहीं पता IMF के मानदंड क्या हैं, लेकिन स्टैनफर्ड के मुताबिक AI की पैठ, इसकी तैयारी और AI टैलेंट के लिहाज से भारत दुनिया में तीसरे स्थान पर है। उन्होंने आईएमएफ चीफ से सीधे कहा कि आपकी 'सेकंड टियर' वाली रेटिंग सही नहीं है। भारत पहली कैटिगरी में है।

स्पेन और भारत आतंकवाद के पीड़ित: जयशंकर

स्पेन के विदेश मंत्री अलबेरेस के साथ एस. जयशंकर।

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बेरेस (Jose Manuel Albares) के साथ मुलाकात आतंकवाद, आर्थिक साझेदारी समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। जयशंकर ने कहा, दुनिया बड़े बदलाव से गुजर रही है। देशों के लिए साझा चुनौतियों पर मिलकर काम करना पहले से कहीं ज्यादा जरूरी हो गया है। जयशंकर ने भारत और स्पेन- दोनों को आतंकवाद का पीड़ित बताया और कहा कि दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस दिखाना चाहिए।

आर्थिक साझेदारी बढ़ाने समेत कई मुद्दों पर हुई चर्चा

भारतवंशी ऐस्ट्रोनॉट भारत दौरे पर

आसमान से ऊंची उड़ान

सुनीता रिटायर

भारतवंशी ऐस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा से रिटायर हो गई हैं। अपने 27 साल के करियर में 60 वर्षीय सुनीता ने स्पेस में 608 दिन बिताए, इंटरनैशनल स्पेस स्टेशन पर तीन मिशन पूरे किए, इस दौरान 9 स्पेस वॉक भी किए। उनकी अंतरिक्ष की उड़ान पर एक नजर...

सबसे अधिक समय तक स्पेसवॉक

सुनीता 27 साल पहले 1998 में नासा से जुड़ी थीं। पहली बार वह 9 दिसंबर 2006 को स्पेस में गई थीं। कुल 608 दिन अंतरिक्ष में बिताए, जो NASA के किसी ऐस्ट्रोनॉट की स्पेस में बिताई दूसरी बड़ी अवधि है। अपनी 9 स्पेस वॉक में उन्होंने 62 घंटे 6 मिनट अंतरिक्ष में चहलकदमी की। किसी भी महिला अंतरिक्ष यात्री के लिए यह रेकॉर्ड है।



पहला मिशन

2006 में स्पेस शटल डिस्कवरी पर पहली उड़ान भरी, स्पेस शटल अटलांटिस पर लौटीं। 'फ्लाइट इंजीनियर' के रूप में चार स्पेस वॉक कीं।

दूसरा मिशन

2012 में 127 दिन के मिशन के लिए उड़ान भरी। स्पेस स्टेशन में कमांडर के रूप में सेवाएं दीं। रिसाव ठीक करने के लिए 3 'स्पेसवॉक' कीं।

तीसरा मिशन

जून 2024 में स्टारलाइनर से 8 दिन के मिशन पर उड़ान भरी। लेकिन खराबी से वापसी में 9 महीने से ज्यादा का समय लगा।

स्पेस से पृथ्वी को एक ग्रह के रूप में देखा जाता है, तो इंसानों का आपस में बहस करना बहुत ही व्यर्थ लगता है।

नासा की पूर्व ऐस्ट्रोनॉट ने IIT दिल्ली में स्टूडेंट्स के बीच अपने अनुभव साझा किए।

पिता गुजराती, मां स्लोवेनियाई: *सुनीता का जन्म 19 सितंबर 1965 को अमेरिका में ओहायो के यूक्लिड में हुआ था। पिता दीपक पंड्या गुजराती थे, मां उर्सुलिन स्लोवेनिया की थीं।*

'स्पेस में भारतीय खाना शेयर करना अद्भुत अनुभव'

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** IIT दिल्ली के स्टूडेंट्स के लिए मंगलवार का दिन यादगार बना, अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स उनके बीच पहुंचीं। इस दौरान सुनीता विलियम्स ने अपनी अंतरिक्ष यात्रा के अनुभव स्टूडेंट्स के बीच रखे। पृथ्वी को अंतरिक्ष से देखने के अनुभव पर उन्होंने कहा, ऊपर से पृथ्वी को देखने पर अलग ही दृष्टिकोण मिलता है। तब अहसास होता है कि हम सब एक ही ग्रह पर जुड़े हुए हैं और सीमाएं अर्थहीन लगने लगती हैं। अंतरिक्ष में भारतीय भोजन से जुड़ी याद साझा करते हुए उन्होंने कहा, स्पेस में भारतीय खाने का पैकेट खोलना बहुत अविश्वसनीय था। जो बात इसे खास बनाती है, वह है इसे अपने क्रू मेंबर्स के साथ शेयर करना। खाना लोगों को साथ लाने का तरीका है, यहां तक कि ऑर्बिट में भी।

IIT दिल्ली में स्टूडेंट्स संग साझा किए अपने अनुभव

आईआईटी में 'द मेकिंग ऑफ एन एस्ट्रोनॉट: सुनीता विलियम्स की अंतरिक्ष यात्रा' विषय पर उन्होंने अपने हालिया अंतरिक्ष के अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा, मानव अंतरिक्ष उड़ान के लिए यह बेहद रोमांचक समय है। हर नया मिशन चुनौतियों से भरा होता है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 22-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 2 Page: NBTGRJK2 User: cci Time: 01-21-2026 23:15 Color:

जब से यह टूर्नामेंट शुरू हुआ है, तब से अब तक मैं हर टी20 वर्ल्ड कप का हिस्सा रहा हूं। इस बार मेरा अनुभव अलग होगा। हम इस बारे में बात कर रहे थे कि इसे घर से देखना अजीब होगा।
-रोहित शर्मा, पूर्व कप्तान, भारतीय टीम

158

रन की साझेदारी की थी रोहित शर्मा और शिखर धवन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 2017 में दिल्ली में हुए टी20I मैच में ओपनिंग विकेट के लिए। यह दोनों देशों के बीच हुए टी20I मैच में किसी जोड़ी द्वारा किसी भी विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. टेनिस में दुनिया की नंबर-1 महिला प्लेयर कौन है?
A) अरीना सबालेंका B) कोको गॉफ C) मीरा आंद्रीवा D) नाओमी ओसाका

2. क्रिकेटर बेन मेज किस देश के प्लेयर हैं?
A) साउथ अफ्रीका B) इंग्लैंड C) ऑस्ट्रेलिया D) स्कॉटलैंड

कल के जवाब
1. C) 3 2. A) यानिक सिनर

लकी WINNER



1. यशस्वी चौधरी, द्वारका, दिल्ली
2. सुहेल, हापुड़, उत्तर प्रदेश
3. महेश बजाज, बोरिवली, मुंबई

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

तिलोत्तमा का दबदबा

■ **नई दिल्ली:** तिलोत्तमा सेन ने विमिंस 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में लगातार दूसरी बार पहला स्थान हासिल किया, जबकि मनु भाकर ने नैशनल सिलेक्शन ट्रायल्स में 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के टी1 फाइनल में जीत दर्ज की। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में मंगलवार को टी1 में तीसरे स्थान पर रहने वाले ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने टी2 में पहला स्थान हासिल किया।

जायंट्स-वॉरियर्ज भिड़ंत

■ **वडोदरा:** खराब फॉर्म से जूझ रही गुजरात जायंट्स के खिलाफ विमिंस प्रीमियर लीग के मैच में गुरुवार को यूपी वॉरियर्ज का पलड़ा भारी होगा, जबकि प्लेऑफ के बाकी दो स्थानों के लिए मुकाबला कड़ा हो गया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पांचों मैच जीतकर क्वॉलिफाई कर चुकी है, जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हराकर रास्ते खुले रखे हैं।

रियाल की बड़ी जीत

■ **मैड्रिड:** रियाल मैड्रिड ने UEFA चैंपियंस लीग के लीग मैच में मोनाको को 6-1 से करारी शिकस्त दी। इसके साथ ही रियाल मैड्रिड ने टॉप-8 में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को और मजबूत कर लिया है। किलियान एम्बापे ने दो गोल दागे।

खेल शिक्षा पर कॉन्क्लेव

■ **नई दिल्ली:** युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के सहयोग से ग्वालियर स्थित लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान शुक्रवार से दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्क्लेव 'सेतु 2026' की मेजबानी करेगा।

दोनों भारतीय बैटर्स ने सीरीज की पहली भिड़ंत में कीवी बोलर्स की ली खबर

अभिषेक और रिंकू ने दिखाए तेवर

भारत Vs न्यूजीलैंड
टी20 सीरीज, पहला मैच

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



अभिषेक शर्मा ने बनाए 84 रन

अभिषेक शर्मा (84 रन, 35 बॉल, 5 फोर, 8 सिक्स) की एक और धमाकेदार शुरुआत और लंबे समय बाद बैटिंग का पूरा मौका मिलने पर बाएं हाथ के आक्रामक फिनिशर रिंकू सिंह के बल्ले से निकली 20 बॉल पर 44 रन की नाबाद पारी के दम पर भारत ने टी20 इंटरनैशनल में अपना 44वां 200 प्लस स्कोर बनाया। कोई भी दूसरी टीम 30 बार भी 200 प्लस का टोटल नहीं बना सकी है।

मेंटर युवराज को पीछे छोड़ा: न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20I सीरीज के पहले मैच में अभिषेक ने सिर्फ 22 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा। टी20I में उन्होंने अपनी नौवीं फिफ्टी प्लस पारी खेली। इस पारी में उनका स्ट्राइक रेट 240 का रहा। यह कुल छठी बार है जब अभिषेक ने 200 प्लस के स्ट्राइक रेट से फिफ्टी प्लस पारी खेली है। इस मामले में उन्होंने अपने मेंटर युवराज सिंह को पीछे छोड़ा, जिन्होंने अपने करियर के दौरान पांच बार 200 प्लस के स्ट्राइक रेट से टी20 इंटरनैशनल में फिफ्टी प्लस पारी खेली थी। भारतीय खिलाड़ियों में ऐसा सर्वाधिक बार सूर्यकुमार यादव (10 बार) ने किया है।

व्हाइट बॉल चैलेंज

इनिंग्स को मिला फिनिशिंग टच: नागपुर में खेले गए मैच में अभिषेक के आउट होने के बाद आखिरी ओवरों में हार्दिक पंड्या (25 रन, 16 बॉल) ने कुछ बड़े शॉट्स लगाए। मैदान के सबसे बड़े हिस्से में सिक्स लगाने की कोशिश में वह कैच आउट हो गए। फिर रनों की रफ्तार को बनाए रखने का काम रिंकू ने किया। रिंकू को करीब एक साल पहले टी20I में 20 या इससे ज्यादा गेंदें खेलने को मिली थीं। इस बीच मिली दो पारियों में उनके हिस्से क्रमशः 6 और एक गेंदें ही आई थीं। उन्हें बुधवार को कीवी टीम के खिलाफ अपनी छाप छोड़ने का पूरा मौका मिला, जिसे उन्होंने पूरी तरह भुनाया। रिंकू ने अपनी पारी में चार फोर और तीन सिक्स जड़े। इनमें से दो सिक्स और दो फोर उन्होंने पारी के अंतिम ओवर में लगाए।

फिर नहीं जमी साझेदारी: न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर भारत को पहले बैटिंग दी थी। आगामी वर्ल्ड कप में अभिषेक और संजू सैमसन की ओपनिंग जोड़ी के साथ उतरने की तैयारी कर रही टीम इंडिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पहले ओवर की अंतिम गेंद पर सिक्स के साथ अभिषेक ने अपना खाता खोला तो संजू ने अटैक पर आते ही चौका जड़ा। काइल जेमीसन पर उन्होंने एक और फोर मारा, लेकिन फिर वह गेंद आई जिस पर उन्होंने फील्डर को सीधा कैच थमा दिया। संजू 10 रन बना सके। अभिषेक के साथ उनकी साझेदारी का रेकॉर्ड और बिगड़ गया। दोनों के बीच 16 इनिंग्स में सिर्फ तीन अर्धशतकीय साझेदारियां हुई हैं।

फोर के साथ वापसी: मैदान पर अब ईशान किशन आ चुके थे। बाएं हाथ के इस बैटर ने 785 दिन बाद टी20I में वापसी का जश्न पहली ही गेंद पर एक आकर्षक चौका लगाकर किया। उन्होंने अगले ओवर में जैकब डफी पर भी फोर मारा तो लगा डोमेस्टिक क्रिकेट की फॉर्म वह आगे बढ़ाएंगे। हालांकि, एक गेंद बाद ही करीब दो साल बाद वापसी पर खेली गई उनकी पांच गेंदों की पारी का अंत हो गया। इस बीच अभिषेक ने अपनी लय हासिल कर ली। उन्होंने कुछ लंबे-लंबे सिक्स जड़े जिससे भारत ने पावरप्ले में दो विकेट पर 68 रन बनाए। आठवें ओवर में ग्लेन फिलिप्स गेंद लेकर आए तो अभिषेक ने लगातार तीन फोर और फिर आसान सिंगल के साथ सिर्फ 22 गेंद पर अपनी फिफ्टी पूरी कर डाली।

स्कोरकार्ड

भारत: संजू सैमसन कॉ रचिन रविंद्र बो जेमीसन 10, अभिषेक शर्मा कॉ जेमीसन बो सोढ़ी 84, ईशान किशन कॉ सैंटनर बो डफी 8, सूर्यकुमार यादव कॉ रॉबिन्सन बो सेंटनर 32, हार्दिक पंड्या कॉ सैंटनर बो डफी 25, शिवम दुबे कॉ ऐड बो जेमीसन 9, रिंकू सिंह नॉट आउट 44, अक्षर पटेल कॉ मिचेल बो क्लार्क 5, अर्शदीप सिंह नॉट आउट 6 **एक्स्ट्रा:** 14 **टोटल:** 20 ओवर में सात विकेट पर 238 रन **विकेट:** 1-18, 2-27, 3-126, 4-149, 5-166, 6-185, 7-209 **बोलिंग:** जैकब डफी 4-0-27-2, काइल जेमीसन 4-0-54-2, क्रिस्टियन क्लार्क 4-0-40-1, ईश सोढ़ी 3-0-38-1, ग्लेन फिलिप्स 1-0-20-0, मिचेल सैंटनर 3-0-37-1, डेरिल मिचेल 1-0-21-0

12 पिछली टी20I इनिंग्स में संजू सैमसन सिर्फ 19.33 के ऐवरेज से 232 रन ही बना सके हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 127 प्लस का रहा है

23 टी20 इंटरनैशनल इनिंग्स से सूर्यकुमार के बल्ले से एक भी अर्धशतकीय पारी नहीं निकली है

100 वां टी20 इंटरनैशनल मैच खेला सूर्यकुमार यादव ने। भारत की ओर से यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह कुल चौथे बैटर हैं

बांग्लादेश की भागीदारी पर आज होगा अंतिम फैसला !

बांग्लादेश ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए अपनी टीम का ऐलान भी कर दिया है

■ **एजेंसियां, दुबई:** इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) के टी20 वर्ल्ड कप के अपने मैचों को श्रीलंका में स्थानांतरित करने के अनुरोध को खारिज कर दिया है। ICC ने भी स्पष्ट किया है कि मैच निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होंगे क्योंकि भारत में टूर्नामेंट के किसी भी वेन्यू पर बांग्लादेश के खिलाड़ियों, अधिकारियों या फैंस की सुरक्षा को कोई विश्वसनीय खतरा नहीं है। यह निर्णय ICC बोर्ड की विडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए आयोजित की गई बैठक में लिया गया।

ICC ने एक बयान में कहा, 'ICC बोर्ड ने गौर किया कि मौजूदा परिस्थितियों में मैचों को स्थानांतरित करने से ICC प्रतियोगिताओं की पवित्रता खतरे में पड़ सकती है और एक वैश्विक शासी निकाय के रूप में संगठन की निष्पक्षता कमजोर हो सकती है।'

बांग्लादेश के सपोर्ट में पाकिस्तान: 16 सदस्यों में से 14 ने बीसीबी के मैच स्थानांतरित करने के अनुरोध के खिलाफ मतदान किया। ICC ने BCB को विचार करने और अंतिम निर्णय लेने के लिए एक और दिन का समय दिया है। ICC के एक सूत्र ने बताया, 'सभी सदस्यों में से केवल बांग्लादेश बोर्ड और पाकिस्तान ने मैच स्थानांतरित करने के अनुरोध के पक्ष में मतदान किया, जबकि अन्य सभी सदस्यों ने इसके विरोध में मतदान किया। बांग्लादेश को वर्ल्ड कप में अपनी भागीदारी की पुष्टि करने के लिए 21 जनवरी तक का समय दिया गया था, लेकिन ICC बोर्ड ने उन्हें अपना पक्ष रखने के लिए एक और दिन का समय दिया है।' ICC ने कहा कि इतने कम समय में कार्यक्रम में बदलाव संभव नहीं है और सुरक्षा जोखिम की पुष्टि न होने पर मैचों में बदलाव गलत मिसाल होगा।

14 वोट बांग्लादेश के प्रस्ताव के खिलाफ पड़े कुल 16 वोट में से

अगर हमें पता होता कि वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज में हमें किनसे खेलना है या किस देश में खेलना है तो काफी मदद मिलती। वर्ल्ड कप में अभी समय है, लेकिन हमें पता ही नहीं है कि हम जा रहे हैं या नहीं। -लिटन दास, कप्तान, बांग्लादेश क्रिकेट टीम

वर्ल्ड नंबर-1 सबालेंका, कार्लोस तीसरे राउंड में

■ **एजेंसियां, मेलबर्न:** वर्ल्ड नंबर-1 आरिना सबालेंका और नंबर-3 कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के विमिंस सिंगल्स के तीसरे राउंड में जगह बना ली है। यहां दो बार की विजेता सबालेंका ने चीन की बाइ झोउशुआन को 6-3, 6-1 से हराया। सबालेंका पांचवां ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने की कोशिश में हैं। पहले सेट में उन्हें थोड़ा संघर्ष करना पड़ा, लेकिन दूसरे में उन्होंने पूरी तरह नियंत्रण हासिल कर लिया।

AO ऑस्ट्रेलियन ओपन

गॉफ ने ओल्गा डानिलोविच को 6-2, 6-2 से मात देकर अपना अभियान आगे बढ़ाया। उधर, मेंस सिंगल्स में वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस अल्काराज ने भी तीसरे राउंड में जगह पक्की की।

दबदबा जारी: अल्काराज ने जर्मनी के यानिक हान्फमैन के खिलाफ टाईब्रेक में पहला सेट जीता। उन्होंने 7-6, 6-3, 6-2 से मुकाबला अपने नाम किया। स्पेन के अल्काराज यहां अपना पहला खिताब जीतकर करियर ग्रैंडस्लैम पूरा करने का सपना देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह अब भी परिस्थितियों के साथ तालमेल बैठा रहे हैं, लेकिन उनका खेल सही दिशा में बढ़ रहा है। यह अल्काराज की वर्ल्ड रैंकिंग में टॉप-100 से बाहर खिलाड़ियों पर 22वीं ग्रैंडस्लैम जीत है।

ज्वेरेव ने किया संघर्ष: अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने बारिश की देरी और बाएं टखने में परेशानी के बावजूद अलेक्जेंडर म्युलर को चार सेट में हराया। मेडिकल टाइम आउट के बाद ज्वेरेव ने वापसी की और निर्णायक क्षणों में संयम दिखाया। मेजबान देश के प्लेयर एलेक्स डी मिनौर ने हमाद मेजेडोविच को 6-7, 6-2, 6-2, 6-1 से मात दी। विमिंस सिंगल्स में मीरा आंद्रीवा और विक्टोरिया म्बोको जैसी युवा खिलाड़ियों ने भी प्रभाव छोड़ा, जबकि पुरुष वर्ग में डेनियल मेदवेदेव, आंद्रे रुब्लेव और टॉमी पॉल ने भी अपने-अपने मुकाबले जीतकर आगे कदम बढ़ाया।

मैच के दौरान बेलारूस की सबालेंका

14 मुकाबले जीते हैं बिना कोई मैच गवाए कोको गॉफ ने किसी ग्रैंडस्लैम के दूसरे राउंड में साल 2022 से

91 ग्रैंडस्लैम मैच जीते हैं डेनियल मेदवेदेव ने साल 2016 में अपने डेब्यू से। वह इस दौरान चौथे सर्वाधिक मैच जीतने वाले प्लेयर हैं

भांबरी-गोरानसन भी जीते

भारत के युकी भांबरी और स्वीडन के आंद्रे गोरानसन ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के मेंस डबल्स में शानदार शुरुआत करते हुए दूसरे राउंड में प्रवेश किया। दसवीं वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने 57 मिनट चले मुकाबले में वाइल्ड कार्डधारक ऑस्ट्रेलियन जोड़ी जेम्स डकवर्थ और क्रूज हेविट को 6-3, 6-4 से हराया।

विराट को पछाड़ मिचेल शीर्ष पर

■ **एजेंसियां, दुबई:** न्यूजीलैंड के बैटर डेरिल मिचेल ने हाल में संपन्न वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन के दम पर विराट कोहली को ताजा ICC वनडे बैटिंग रैंकिंग्स में शीर्ष स्थान से हटा दिया। मिचेल ने दो शतकों की बदौलत तीन मैच की सीरीज में 352 रन बनाए। किसी तीन मैच की वनडे सीरीज में यह न्यूजीलैंड के खिलाड़ी द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन हैं और कुल मिलाकर यह तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। ICC ने एक बयान में कहा, '845 रैंकिंग अंक के साथ मिचेल ने विराट (795 अंक) की जगह ली है जो अब दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं।

ICC वनडे रैंकिंग्स

डेरिल मिचेल

सिंधु और श्रीकांत ने पार की पहली बाधा

■ **एजेंसियां, जकार्ता:** दो बार की ओलिंपिक्स मेडल विजेता पीवी सिंधु के अलावा भारत के लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में दूसरे राउंड में जगह बनाने में सफल रहे। सिंधु ने महिला सिंगल्स के पहले दौर में जापान की मनामी सुइजु को 22-20, 21-18 से हराया। श्रीकांत ने जापान के कोकी वातानाबे को 21-15, 21-23, 24-22 से हराया। जबकि लक्ष्य ने चीनी ताइपे के वांग त्जू वेई पर 21-13, 16-21, 21-14 से जीत दर्ज की। हालांकि आयुष शेट्टी, एचएस प्रणॉय और किरण जॉर्ज पहले ही दौर में हारकर बाहर हो गए।

इंडोनेशिया मास्टर्स

पीवी सिंधु

गिल, सिराज होंगे आकर्षण का केंद्र

■ **एजेंसियां, राजकोट:** भारत की टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान शुभमान गिल आज से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे चरण में आकर्षण का केंद्र होंगे। गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद विश्राम लेने के बजाय पंजाब की तरफ से सौराष्ट्र के खिलाफ होने वाले ग्रुप-बी के अहम मैच में खेलने का फैसला किया। गिल का राष्ट्रीय टीम के साथी और सौराष्ट्र के ऑलराउंडर रविंद्र जाडेजा से दिलचस्प मुकाबला हो सकता है। सौराष्ट्र 13 अंकों के साथ चौथे जबकि पंजाब छठे स्थान पर है। इस ग्रुप में कर्नाटक 21 अंक लेकर टॉप पर है।



प्रैक्टिस के दौरान शुभमान

रणजी का रण

स्टार प्लेयर्स में सिराज भी: भारतीय टीम के मोहम्मद सिराज पर भी सबकी निगाहें होंगी जो हैदराबाद के कप्तान के रूप में अपना पहला मैच खेलने के लिए तैयार हैं। वह ग्रुप-डी में 42 बार के चैंपियन मुंबई के खिलाफ हैदराबाद की कप्तानी करेंगे। यह इस सीजन उनका पहला रणजी मैच भी होगा।

गुकेश और प्रग्नानंदा की बाजी ड्रॉ पर छूटी

गुकेश और प्रग्नानंदा बाजी के दौरान

■ **एजेंसियां, विज्क आन जी (नीदरलैंड्स):** वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश ने हमवतन आर प्रग्नानंदा के साथ अंक बांटकर टाटा स्टील मास्टर्स चेस टूर्नामेंट में लगातार चौथी बाजी ड्रॉ खेली। उधर, अर्जुन एरिगैसी भी अनीश गिरी के डिफेंस को नहीं तोड़ सके। प्रग्नानंदा का इस टूर्नामेंट में सफर अभी तक अच्छा नहीं रहा है। उन्हें दो बाजियों में हार का सामना करना पड़ा जबकि दो बाजी ड्रॉ खेली। वह गिरी के साथ टेबल में सबसे नीचे हैं।

टाटा मास्टर्स चेस

ड्रैगंस की जीत के साथ विदाई, रॉयल्स टॉप-2 में

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** अकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगंस ने मेंस हॉकी प्रीमियर लीग के अपने आखिरी लीग स्टेज मैच को जीतकर विदाई ली। बुधवार को हुए रोमांचक मैच में ड्रैगंस ने रांची रॉयल्स को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया। नियमित समय में मुकाबला 3-3 से बराबर रहा था। इस हार के बावजूद रांची की टीम अंक तालिका पर शीर्ष-दो में अपना स्थान सुनिश्चित करने में सफल रही।

रॉयल्स के 12 अंक हैं और वो अब 23 जनवरी को टेबल टॉपर वेदांता कलिंगा लांसर्स से भिड़ेगा। इस मैच का विजेता सीधे टूर्नामेंट के फाइनल के लिए क्वॉलिफाई करेगा, जबकि हारने वाली टीम को क्वॉलिफायर मुकाबले में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा। तमिलनाडु प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई। जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब और एसजी पाइपर्स आज लीग स्टेज का आखिरी मैच खेलेंगे। इससे पूर्व, रांची रॉयल्स के लिए टॉम बून ने दो गोल किए जबकि मंदीप सिंह ने एक गोल दागा। ड्रैगंस के लिए ब्लेक गोवर्स ने 2 और सेलवम कार्ती ने एक गोल किया।

हॉकी इंडिया लीग

तमिलनाडु ड्रैगंस के ब्लेक गोवर्स

बदइंतजामी से बचने के लिए बनेगी SOP

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** भारत की अंतरराष्ट्रीय खेल छवि को लेकर बढ़ती निगरानी के बीच खेल मंत्रालय ने स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (SAI) को मानक परिचालन प्रक्रिया (SOP) तैयार करने के निर्देश दिए हैं, ताकि इंडिया ओपन बैडमिंटन जैसी आयोजनों में सामने आई अव्यवस्थाएं दोहराई न जाएं। हालिया टूर्नामेंट में कोर्ट पर पक्षियों की बीट, दर्शक दीर्घा में बंदर और प्रशिक्षण सुविधाओं में गंदगी ने आयोजन की छवि को नुकसान पहुंचाया था। मंत्रालय का मानना है कि 2036 ओलिंपिक्स की मेजबानी की महत्वाकांक्षा को देखते हुए तैयारियों के स्तर पर सख्त निगरानी जरूरी है। सूत्रों के अनुसार, 'SOP तैयार की जाएगी ताकि टूर्नामेंट की सही ढंग से योजना बने। इस व्यवस्था के जरिए मंत्रालय निगरानी भी रखेगा।'

इंडिया ओपन को लेकर हुई बदनामी

मेज का बल्ला बरसा, 191 रन की पारी खेली

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** इंग्लैंड के बेन मेज ने अंडर-19 मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया। उन्होंने जिम्बाब्वे के हरारे में बुधवार को स्कॉटलैंड के खिलाफ हुए मैच में ताबड़तोड़ 191 रन (117 बॉल, 18 फोर, 8 सिक्स) जड़ दिए। यह अंडर-19 मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप के इतिहास में किसी इंग्लिश प्लेयर का हाईएस्ट स्कोर है। उन्होंने डैन लॉरेंस का रेकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2016 वर्ल्ड कप में फीजी के खिलाफ 174 रन की पारी खेली थी। अंडर-19 वर्ल्ड कप के हाईएस्ट स्कोर की सूची में मेज संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। शीर्ष पर श्रीलंका के वीरन चामुदिता हैं, जिन्होंने जापान के खिलाफ इसी एडिशन में 192 रन जड़े थे।

अंडर-19 वर्ल्ड कप

तीसरे नंबर पर आए मेज ने ओपनर जोसेफ मूर्स (81 रन) के साथ 185 रन जोड़े। इस साझेदारी की बदौलत इंग्लैंड ने 50 ओवर्स में छह विकेट पर 404 रन बनाए। यह इंग्लैंड का अंडर-19 वर्ल्ड कप में सबसे बड़ा टोटल है।

इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन मेज

120 रन बनाए बाउंड्रीज से मेज ने। यह एक पारी में इंग्लिश प्लेयर द्वारा बाउंड्री से बनाए सर्वाधिक रन हैं

12 राशियां और आपका दिन

ARIES (21 Mar - 19 Apr): आज का आपका दिन फलदायक रहेगा। आप जिस भी कार्य को शुरू करेंगे, उसमें सफलता मिलेगी। आज परिवार के साथ कहीं बाहर घूमने भी जाएंगे। आज की गई यात्रा सामान्य लाभप्रद रहेगी। दोपहर बाद कार्यक्षेत्र में उच्चाधिकारी से वाद-विवाद होने से कानूनी पक्ष नया मोड़ ले सकता है।

TAURUS (20 Apr - 19 May): आज कार्यक्षेत्र में अधिकारी से या व्यवसाय क्षेत्र में व्यापारी से अनबन हो सकती है। अपने कार्य कौशल से आप शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। घर-गृहस्थी के उपयोग की कोई प्रिय वस्तु खरीदी जाएगी। शुभ व्यय होगा। दाम्पत्य जीवन में सुख-शांति बनाए रखें। संतान पक्ष के कारण समाज में सम्मान बढ़ेगा।

GEMINI (21 May - 21 Jun): आज के दिन आप किसी बात को लेकर सुबह से ही परेशान रहेंगे। राजनैतिक गतिविधियों में भी रुकावट रहेगी। हालांकि दोपहर के बाद स्थितियों में सुधार होगा और अटके हुए काम किसी मित्र की सहायता से बनने लगेंगे। सायंकाल से लेकर रात्रि के समय तक किसी मांगलिक समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं।

CANCER (22 Jun - 22 July): राशि स्वामी चंद्रमा गुरु व राशि का होकर अष्टम आय केंद्र भाव में भाग्योदय कारक है। जीवन साथी एवं व्यापार में पार्टनर्स का पर्याप्त सहयोग मिलेगा। धर्म-अध्यात्म के कार्यों में आपकी रुचि बनी रहेगी। नौकरी पेशा वर्ग को उन्नति मिल सकती है। मन को शांति मिलेगी। अत्यधिक श्रम से थकान हो सकती है, सावधान रहें।

LEO (23 July - 22 Aug): आज का दिन मिश्रित फलदायक है, समाज के बीच में आपकी स्वच्छ छवि का निर्माण होगा। भविष्य की किसी योजना पर चर्चा करें। कार्यक्षेत्र में पदोन्नति के आसार मिलेंगे। घर में मिथुन राशि का बृहस्पति उच्च फलदायक है, अवरोध-विरोध के चलते भी आपके सभी कार्य सिद्ध होंगे।

VIRGO (23 Aug - 22 Sep): द्वादश भाव में केतु, दशम और सप्तम घर में शनि उत्तम सफलता के योग बनाते हैं। इसलिए समाज में आपकी राज्य-मान-प्रतिष्ठा में निश्चित रूप से वृद्धि होगी। उत्तरार्द्ध में कोई बड़ी आकस्मिक स्थिति उत्पन्न हो सकती है, घबराएं नहीं। सायंकाल से लेकर रात्रि तक पुराने मित्रों के मिलन से मन प्रसन्न रहेगा।

LIBRA (23 Sep - 22 Oct): आज आपकी राशि का स्वामी शुक्र सांसारिक सुख-भोगों की वृद्धि कर रहा है। जीवनसाथी का सहयोग व सान्निध्य मिलेगा। व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होंगे। राज्य-मान-प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। सायंकाल से लेकर रात्रि तक किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने की आशंका है, सतर्क रहें। रात्रि में किसी मांगलिक समारोह में सम्मिलित होंगे।

SCORPIO (23 Oct - 21 Nov): दूसरों की सहायता करने से आपको जो आत्मसंतुष्टि प्राप्त होती है, उसकी तुलना अन्य किसी सांसारिक सुख से नहीं हो सकती। इसलिए आपका आज का आधा दिन भी दूसरों का परोपकार करने में बीतेगा। ऑफिस में आपके अधिकारों में वृद्धि होने के कारण साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है।

SAGITTARIUS (22 Nov - 21 Dec): आज मंगल द्वितीय पारिवारिक अशांति तथा असफल के वातावरण को विपरीत बना सकता है। किंतु आप अपने धैर्य और मृदु व्यवहार से वातावरण को हल्का करने में कामयाब होंगे। अपने प्रिय व्यक्ति की मदद करने के कारण कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। रात्रि का समय मौज-मस्ती में बीतेगा।

CAPRICORN (22 Dec - 19 Jan): आज के दिन आपकी कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। वहीं से अचानक धन का लाभ होगा। घर में पत्नी या किसी संतान की अचानक तबीयत खराब होने से टेंशन हो सकती है। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करते समय या गाड़ी चलाते समय टेंशन को हावी न होने दें। जोखिम के कामों से दूर रहें।

AQUARIUS (20 Jan - 18 Feb): राशि स्वामी शनि पूर्व में उदय हो चुका है। चंद्रमा द्वादश भाव में किसी महान सफलता का हर्ष होगा। बड़ी मात्रा में रुपया हाथ में आने से संतोष होगा। दिन के उत्तरार्ध में परिवार में पिछले कुछ दिनों से जारी अनबन भी समाप्त हो जाएगी। कहासुनी की बातचीत से सुलझा लें। रात्रि का समय सैर-सपाटे में व्यतीत करें।

PISCES (19 Feb - 20 Mar): राशि का स्वामी बृहस्पति मिथुन राशि का होकर चतुर्थ भाव में संतान पक्ष से संतुष्टि व हर्षदायक है। आज का आपका दिन अच्छा है। जिन जातकों ने अभी अपने कैरियर की शुरुआत की है, उन्हें आज अपने ऑफिस में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान बढ़ेगा। सायंकाल से रात्रि का समय भी मेल-मिलाप में बीतेगा।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष तांबे के पाद से प्रवेश कर रहा है। वर्ष का स्वामी मंगल मकर राशि पर परिभ्रमण कर रहा है। अतीत के संदर्भ से लाभ और नए अनुबंध का सूत्रपात होगा। 22 जनवरी से लेकर 30 फरवरी तक आयात-निर्यात के कारोबार से जुड़े लोगों की बाधाएं समाप्त होकर बरकरार अच्छी आमदनी की प्राप्ति होगी। मार्च महीने की शुरुआत से लेकर अप्रैल महीने के अंत तक में पुराने रुके हुए प्रसन्न उपकार सामने आएंगे तथा आपकी समृद्धि बढ़ेगी। मई माह की शुरुआत से ही गुप्त शत्रु व्यथित करेंगे। हालांकि आप बिल्कुल भी बातों पर ध्यान न दें। इस वर्ष के उत्तरार्ध जून महीने की शुरुआत में जहां आपको किसी भाग्यवर्धक कार्यक्षेत्र से जुड़ना होगा, वहां जुलाई से अगस्त तक अपने कार्य कौशल और एकाग्रता से सभी जोखिम के काम सहज हो जाएंगे। सितंबर-अक्टूबर तक आप अपने जीवन स्तर को भी बदल सकते हैं। नवंबर से दिसंबर अंत तक सैर-सपाटे पर खर्च होगा। यदि कहीं कोई कठिनाई नजर आए तो बुधवार रात्रि में एक पाव चने की दाल भिगोकर गुरुवार सुबह उसमें अब पाव गुड़ मिलाकर गाय को खिलाते रहें, इससे घर में सुख-शांति बनी रहेगी। जनवरी 2027 विद्यार्थियों के लिए वर्ष उत्तम है।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(शुक्रवार, 23 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 3, शक संवत 1947, माघ शुक्ल, पंचमी, शुक्रवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 10, शाबान 3, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 23 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल पूर्वाह्न 10 बजकर 30 मिनट से 12 बजे तक। पंचमी तिथि अर्धरात्रोत्तर 1 बजकर 47 मिनट उपरांत षष्ठी तिथि का आरंभ। पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र अपराह्न 2 बजकर 33 मिनट तक उपरांत उत्तराभाद्र नक्षत्र का आरंभ। परिघ योग अपराह्न 3 बजकर 59 मिनट तक उपरांत शिव योग का आरंभ। बव करण अपराह्न 2 बजकर 8 मिनट तक उपरांत कौलव करण का आरंभ। चंद्रमा प्रातः 8 बजकर 34 मिनट तक कुंभ उपरांत मीन राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार-वरद विनायक चतुर्थी।

सुडोकू

	7		1			9	8	4
			5	8				
1		2				3		
8		9			1			
2	4						9	3
			3			4		8
		1				8		2
				1	7			
6	5	3			2		4	

TELEVISION

big magic

- 09:00 बबलू डबलू
- 10:00 बदबूदार दूल्हा
- 11:00 रुद्र के रक्षक
- 11:30 अलादीन
- 12:00 यशोमती मैया के नंदलाला
- 13:30 भ से भाड़े
- 14:30 हम पांच
- 15:00 अजब देश की गजब कहानी
- 16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी
- 19:30 रुद्र के रक्षक
- 21:00 पौरुष

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 22-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRFP User: cci Time: 01-21-2026 22:35 Color:

नई दिल्ली › गुरुवार, 22 जनवरी 2026 › माघ 2, शक संवत 1947, माघ शुक्ल चतुर्थी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

NBT नवभारत टाइम्स

वर्ष 80, संख्या 19 › पेज 16* › मुद्रांक › मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

ग्लोबल स्तरीय पर सी लाइव

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

हांडे एर्सेल ने शाहरुख के विडियो पर क्यों दी सफाई

▶गुड़गांव टाइम्स

रिटायर होने के बाद दिल्ली आई सुनीता विलियम्स

▶p10

WPL आज के मैच

गुजरात जायंट्स vs यूपी वॉरियर्स

7:30 pm से गुजरात में

टेलिवरस्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

अटल पेंशन योजना को सपोर्ट 2031 तक

असंगठित क्षेत्र में कामगारों को पेंशन का इंतजाम करने के लिए साल 2015 में शुरू की गई अटल पेंशन योजना (APY) साल 2030-31 तक चलती रहेगी। 9 मई 2015 को शुरू की गई इस योजना में 60 साल की उम्र पूरी होने पर 1000 से 5000 रुपये महीने तक की मिनिमम पेंशन की गारंटी है। पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट ने यह फैसला किया। छोटे और मझोले उद्योगों को किफायती दरों पर कर्ज के लिए SIDBI को 5 हजार करोड़ के इंक्विटी सपोर्ट को भी मंजूरी मिली। 3 स्टेज में SIDBI को यह सपोर्ट मिलेगा।

काम की खबरें

इग्नू की मेगा प्लेसमेंट ड्राइव 27 को

इंदिरा गांधी नैशनल ओपन यूनिवर्सिटी 27 जनवरी को मेगा प्लेसमेंट ड्राइव रखेगी। बी.आर. आंबेडकर कन्वेंशन सेंटर में सुबह 10 बजे से ड्राइव है।

फुल ड्रेस रिहर्सल कल, दिल्ली में कई रास्ते बंद

गणतंत्र दिवस परेड की शुक्रवार को फुल ड्रेस रिहर्सल है। सुबह 9:30 बजे से दोपहर तक परेड रूट के कई रास्ते बंद रहेंगे।

NDMC एरिया में कारोबार करना आसान

NDMC एरिया में कारोबार करने के लिए अगर FSSAI लाइसेंस या GST रजिस्ट्रेशन कराया है तो हेल्थ विभाग से लाइसेंस लेने की जरूरत नहीं होगी।

हैपी मॉर्निंग

बॉस ने जोक सुनाया। पूरी टीम हंसने लगी, सिवाए मोलू के। **बॉस ने पूछा:** तुम्हें मेरा जोक समझ में नहीं आया क्या? **मोलू:** सर, मेरा दूसरी कंपनी में सेलेक्शन हो गया है।

अर्थसार

सेंसेक्स	81,909.63 (-270.84)
निफ्टी	25,157.50 (-75)
रु/यूएस डॉलर	91.55 (+0.51)
रु/यूरो	107.31 (+1.11)

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम	
दिल्ली	₹1,59,700 (+6,500)
चांदी .999 टंच प्रति किलो	
दिल्ली	₹3,34,300 (+11,300)

मौसम

अधिकतम तापमान 24.2°

7.7° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 5:52 शुक्रवार | सूर्यास्त 7:13 शुक्रवार

शुक्रवार तक तेज हवाओं के साथ बारिश की चेतावनी: मौसम विभाग

युवराज की मौत के 5 दिन बाद भी 'सिस्टम' के वो चेहरे

जिनकी चुप्पी चीख रही है !

रेक्टर-150 में युवराज की जान रिफर एक गड्ढे ने नहीं ली, बल्कि उन जिम्मेदारियों ने ली है जो पहले ही दफन हो चुकी थीं। जब शहर का एक होनहार इंजीनियर डूब रहा था, तब नोएडा का रसूखदार प्रशासनिक अमला अपनी जवाबदेही से पल्ला झाड़ रहा था। एनबीटी पूछ रहा है सवाल: जब बजट करोड़ों का है, तो सुरक्षा के इंतजाम 'शून्य' क्यों? जब टीमें मौके पर थीं, तो रेस्क्यू में देरी क्यों? और सबसे बड़ा सवाल - इतनी बड़ी लापरवाही के बाद भी अब तक किसी पर गाज क्यों नहीं गिरी? पेश है नोएडा के वो 'कर्ता-धर्ता', जिनकी मेज पर इस हादसे की फाइल तो है, लेकिन जुबान पर चुप्पी।



नोएडा के अंध कार में अब तक

- पुलिस को कार से युवराज का मोबाइल मिल गया है, उसे जांच के लिए पुलिस ने रखा है,
- कोर्ट से बिल्डर को 27 जनवरी तक पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।
- फरेंसिक टीम ने मौके पर जाकर जांच की और सबूत जुटाए, भीड़ भी जमा रही
- परिवार ने मीडिया से दूरी बना ली, सोसायटी में घुसने पर पाबंदी लगाई।
- एक और चश्मदीद सामने आया, जिसने पुलिस और फायर ब्रिगेड की नाकामी बताई।
- नोएडा अथॉरिटी ने कहा कि पुलिस ने ट्रक हादसे की जानकारी नहीं दी, इसलिए मरम्मत नहीं कराई।

किरदार और उनकी नाकामियां

लोकेश एम. (CEO, नोएडा अथॉरिटी) : शहर के रखरखाव और 'ब्लैक स्पॉट्स' को खत्म करने की जिम्मेदारी इन्हीं की थी। फिलहाल जांच की बजाय से बेटिंग में है, अब तक इस लापरवाही पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया। क्या पद से हटना ही जवाबदेही का अंत है?

लक्ष्मी सिंह (पुलिस कमिश्नर): ट्रैफिक से लेकर क्लर्क और सुरक्षा तक, सब इन्हीं के हाथ में है। अथॉरिटी के साथ तालमेल बिठाकर रिफ्लेक्टर और चेतावनी बोर्ड लगवाना पुलिस का काम था। मौके पर अंधेरा था और मौत का जाल खुला था। कार्रवाई? अब तक सिफर।

सर्वेश सिंह (SHO): पुलिस सबसे पहले पहुंची, लेकिन बेबस खड़ी रही। सवाल यह है कि जब स्थिति हाथ से बाहर थी, तो उसी वक्त NDRF को क्यों नहीं बुलाया गया? सूचना तक का इंतजार किसके आदेश पर हुआ?

प्रदीप चौबे (CFO): फायर ब्रिगेड की टीम तमाशा देखती रही। तर्क दिया गया कि 'सैरना नहीं आता' और 'इंक्विपमेंट नहीं है। हाई-टेक नोएडा के पास क्या एक जान बचाने के लिए एक नाव और लाइफ जैकेट भी नहीं थी?

विवेक श्रीवास्तव (प्लाटून कमांडर, SDRF): कोहरे और विजिबिलिटी का तर्क। सूचना 2:12 पर मिली और टीम पहुंची 4 बजे। इनका कहना है कि युवराज के शव को इनकी टीम ने निकाला। लेकिन युवराज को जिंदा बाहर निकालने में हर कोई नाकाम रहा।

अभय कुमार (बिल्डर, एमजेड विजटाउन): मौत का गड्ढा बनाने खोदा, सीवर का पानी भरा रहा और सुरक्षा के नाम पर एक ईंट तक नहीं लगाई। अब जुडिशल कस्टडी के बाद गेंद अथॉरिटी के पाले में डाल रहे हैं।

मेघा रूपम (DM, गौतमबुद्ध नगर)

जिले की डिजास्टर मैनेजमेंट हेड। नियम कहता है, हादसा होते ही टीम एक्टिव हो, पर हकीकत: क्रीएन चौबे दिन भौके पर पहुंची और एसडीएम को तीसरे दिन भेजा गया। क्या सिस्टम की घड़ी इतनी सुस्त है?

एनबीटी का सीधा सवाल क्या युवराज की जान इतनी सस्ती थी कि 4 दिन बीत जाने के बाद भी कुर्सी पर बैठे किसी जिम्मेदार को फर्क नहीं पड़ा?

पुलिस के आंकड़ों में दावा, दिल्ली में जुर्म कम हुआ

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: रोजाना भले ही गंभीर से लेकर स्ट्रीट क्राइम की वारदात सुनने को मिलती हों, लेकिन दिल्ली पुलिस ने आंकड़े जारी कर दावा किया है कि राजधानी में जुर्म पहले से कम हो रहे हैं। हत्या से लेकर महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों का ग्राफ भी 2024 की तुलना में 2025 में गिर गया है। पुलिस की तरफ से 95% से ज्यादा गंभीर अपराध सुलझाने का दावा किया गया है। हालांकि नब्बन वसूली (एक्सटॉर्शन) में 63.65% तो ड्रग्स्मरी के 64.22% केस सुलझाए जा सके। स्पेशल सीपी (क्राइम) देवेश कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक, पिछले तीन साल के आंकड़ों की तुलना करने पर सबसे कम मर्डर 2025 में हुए। पुलिस ने 95.32% हत्या के केस सुलझा लिए। कातिलाना हमले के केसों में भी 2024 के मुकाबले कमी आई है।

AI की मदद वाले चश्मे से की जाएगी निगरानी

पुलिस की 'आंखों' से बच नहीं सकेंगे अपराधी

■ अश्वनी शर्मा, नई दिल्ली

इस चश्मे की वजह से अपराधी पुलिस की नजरों से बचकर नहीं निकल सकते। चश्मे की खासियत है कि कोई बदमाश या आतंकी जैसे ही सामने से गुजरेगा तुरंत पुलिस को अलर्ट मिल जाएगा। AI पावर्ड इस चश्मे में थर्मल इमेजिंग तकनीक भी है, यानी अंधेरे, कोहरे या स्मॉग में भी अपराधियों को पहचान सकता है। इस चश्मे की जद में भीड़ में छिपाए गए हथियार भी आ जाएंगे। चश्मे की रेंज 15 से 20 मीटर है और इसके डेटाबेस में 65 हजार अपराधियों का डेटा है। पुलिस ने बताया कि डेटाबेस में किसी अपराधी की 20 साल पुरानी तस्वीर है तो भी यह चश्मा AI की मदद से सटीक मिलान कर लेगा।

चश्मे की रेंज 15 से 20 मीटर, अपराधियों को पहचानेंगे

कैसे करेगा काम स्मार्ट ग्लास में एक वायर है, जिसे फोन से लगाना है। स्मार्ट ग्लास फोन से ही चार्ज होते हैं। बैकअप के लिए अलग फोन दिया।

इंदौर में गंदे पानी के दस्तावेज सुरक्षित रखें: HC

■ पीटीआई, इंदौर: मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने जिलाधिकारी और नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिया है कि वह शहर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी मामलों से जुड़े मूल दस्तावेज सुरक्षित रखें। इन दस्तावेजों में फर्जी की पाइपलाइन बिछाने के टेंडर और राज्य पल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की जांच रिपोर्ट भी शामिल है। हाई कोर्ट गंदे पानी की सप्लाई से हुई लोगों की मौत को लेकर दायर की गई अलग-अलग याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई के बाद मंगलवार को आदेश सुरक्षित रखा था। आशंका जताई गई है कि पानी के सैंपल, जांच रिपोर्ट और पाइपलाइन से जुड़ी टेंडर प्रक्रिया के दस्तावेज में हेरफेर हो सकती है। अगली सुनवाई 27 जनवरी को होगी। इंदौर में मंगलवार रात 25वीं मौत का दावा किया गया। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग ने वजह कैंसर को बताया है।

ग्रीनलैंड हमें दे दो, शुक्रगुज़ार रहेंगे, नहीं तो याद रखेंगे: ट्रंप

ट्रंप ने कहा- अमेरिका आसपास पर किसी से कुछ मांगता नहीं है।

■ एपी, दावोस (स्विट्जरलैंड)

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने चेतावनी देते हुए बुधवार को कहा, ग्रीनलैंड हमें दे दो। अगर यूरोप 'हां' कहता है तो अमेरिका इसका शुक्रगुजार होगा, और अगर 'ना' कहता है तो अमेरिका इसे याद रखेगा। ये बातें ट्रंप ने दावोस (स्विटजरलैंड) में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) में कहीं। ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के लिए फोर्स के इस्तेमाल नहीं

WEF में अपने भाषण में ट्रंप ने कहा- खूबसूरत दावोस वापस आकर अच्छा लग रहा है। यहां कई बिजनेस लीडर्स, कई दोस्त, कुछ दुश्मन और खास मेहमान मौजूद हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यूरोप गलत दिशा में जा रहा है। अमेरिका को यह द्वीप राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चाहिए, न कि वहां मौजूद दुर्लभ खनिजों की वजह से। ट्रंप ने कहा कि डेनमार्क अहसानफरामोश है। दूसरे विश्व युद्ध में डेनमार्क अपनी रक्षा नहीं कर पाया और तब अमेरिका ने उसकी मदद की थी, इसके बावजूद वह आज ग्रीनलैंड का कब्जा छोड़ने को तैयार नहीं है। हमारे अलावा कोई भी ग्रीनलैंड की रक्षा नहीं कर सकता।

EU और फ्रांस ने दी कार्रवाई की चेतावनी

यूरोपीय आयोग (EU) की प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लायन और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने ट्रंप की टैरिफ नीति की आलोचना की और जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी। फ्रांसी के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि यूरोपीय संघ अपने सबसे शक्तिशाली आर्थिक उपकरणों में से एक का इस्तेमाल करके जवाबी कार्रवाई कर सकता है।

इमैनुएल मैक्रों

ट्रंप के खिलाफ प्रोटेस्ट

सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद सैकड़ों लोग दावोस में कई जगह पर उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए जमा हो गए थे। कार्यक्रम स्थल के बाहर प्रदर्शनकारियों ने जलवायु, ग्रीनलैंड, वेनेजुएला, ईरान और पूंजीवाद जैसे मुद्दों पर ट्रंप के खिलाफ नारेबाजी की।

भारत में ही खेलना होगा बांग्लादेश को T20 वर्ल्ड कप

■ पीटीआई, दुबई: ICC ने बुधवार को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) के T20 वर्ल्ड कप के अपने मैचों को श्रीलंका में ट्रांसफर करने के अनुरोध को खारिज कर दिया। बोर्ड की मीटिंग में कहा गया कि मैच तय कार्यक्रम के अनुसार ही होंगे और भारत में टूर्नामेंट के किसी भी स्थल पर बांग्लादेश के खिलाड़ियों, अधिकारियों या प्रशंसकों की सुरक्षा का खतरा नहीं है। BCB ने सुरक्षा की चिंता जताते हुए आयोजन स्थलों में बदलाव की मांग की थी, जिसके बाद विडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए यह मीटिंग बुलाई गई थी। ICC सूत्रों ने बताया कि 16 सदस्यों में से 14 ने BCB के मैच ट्रांसफर करने के अनुरोध के खिलाफ मतदान किया। ICC ने BCB को अंतिम फैसले के लिए एक और दिन का वक्त दिया है।

सुप्रीम सुनवाई

कहां खनन की अनुमति दी जा सकती है, क्या असर होंगे, ऐसे सवालों पर रिपोर्ट देंगे एक्सपर्ट

'अरावली में अवैध खनन रोकने को बनाएंगे कमिटी', SC ने चार हफ्ते में मांगे एक्सपर्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

- कोर्ट सलाहकार को 4 हफ्ते में नाम सुझाने को कहा
- एक्सपर्ट कमिटी में पर्यावरणविद, साइंटिस्ट होंगे
- सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में यह कमिटी जांच करेगी



सुप्रीम कोर्ट ने अरावली मामले की सुनवाई के बुधवार को दौरान कहा कि अवैध खनन से अपूरणीय क्षति हो सकती है। अरावली क्षेत्र में खनन, उससे जुड़े मुद्दों की व्यापक और समग्र जांच के लिए एक्सपर्ट कमिटी का गठन करेंगे। कोर्ट ने अडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्य भाटी और कोर्ट सलाहकार के. परमेश्वर से कहा कि वे 4 हफ्ते में ऐसे पर्यावरणविदों और वैज्ञानिकों के नाम सुझाएं, जिन्हें खनन के क्षेत्र में विशेषज्ञता हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह कमिटी कोर्ट के निर्देशन और निगरानी में काम करेगी। क्या पहाड़ियों के बीच 500 मीटर के क्षेत्रफल वाले इलाकों में निर्बंधित खनन की अनुमति दी जा सकती है? अगर हां, तो ऐसे कौन से सटीक मानक अपनाए जाएं, ताकि पारिस्थितिक निरंतरता पर असर न हो? ऐसे ही सवालों के जवाब कमिटी के एक्सपर्ट रिपोर्ट में देंगे।

'कब दूर करेंगे प्रदूषण', SC ने मांगा प्लान

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली सरकार, नगर निगम और NCR के राज्यों की एजेंसियों से पूछा कि प्रदूषण कब तक दूर करेंगे। कोर्ट ने कहा कि केंद्रीय प्रदूषण निगरानी संस्था CAQM के लॉन्ग टर्म उपायों को लागू करने का ऐक्शन टेकन रिपोर्ट 4 हफ्ते में पेश करे। कोर्ट ने कहा कि अब कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

SIR पर SC बोला

'लिस्ट से नाम हटने के हो सकते है गंभीर परिणाम'

■ पीटीआई, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी मतदाता सूची में समीक्षा (SIR) को लेकर बुधवार को कहा कि वोटर लिस्ट से किसी व्यक्ति का नाम हटने या शामिल न होने के गंभीर नागरिक परिणाम हो सकते हैं। चुनाव आयोग की ओर से कई राज्यों में SIR कराने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी की।

कई राज्यों में SIR से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई

टूटी सीटें, गंदे वॉशरूम, AI पर 1.5 लाख का ज़ुर्माना

Prachi.Yadav@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: दिल्ली की एक डिस्ट्रिक्ट कंज्यूमर कोर्ट ने लंबी इंटरनैशनल फ्लाइट में सर्विस में कमी पाए जाने पर एयर इंडिया को एक यात्री और उसकी बेटी को कुल 1.5 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। यह आदेश नई दिल्ली की डिस्ट्रिक्ट कंज्यूमर डिस्प्यूट्स रिड्रेसल कमीशन-VI ने दिया है।

यात्री और उनकी बेटी ने फ्लाइट के दौरान टूटी सीटें, इन-फ्लाइट एंटरटेनमेंट सिस्टम खराब होना, गंदे वॉशरूम, खराब क्वॉलिटी का खाना परोसे जाने और बार-बार शिकायत के बावजूद केबिन क्रू से कोई जवाब न मिलने की शिकायत की थी। कमीशन की अध्यक्ष पूनम चौधरी और मेंबर शेखर चंद्र की बेंच ने 14 जनवरी को दिए आदेश में कहा कि शिकायतकर्ता को मानसिक परेशानी और उत्पीड़न के लिए मुआवजा पाने का पूरा हक है, क्योंकि उनसे उन सुविधाओं के लिए पैसा लिया गया था जो उन्हें दी नहीं गईं। आदेश के



कंज्यूमर कोर्ट ने यह रकम मुआवजे के रूप में देने का दिया आदेश

अनुसार एयर इंडिया को शिकायतकर्ता और उनकी बेटी को 50,000-50,000 रुपये मुआवजे के तौर पर और 50,000 रुपये मुकदमे के खर्च के रूप में देने होंगे। हालांकि, टिकट की रकम वापस करने की मांग को कमीशन ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यात्रियों ने अपनी यात्रा पूरी कर ली थी।

यह मामला ग्रीन पार्क एक्सटेंशन निवासी शैलेंद्र भटनागर की शिकायत पर सामने आया। उन्होंने सितंबर 2023 में अपनी बेटी के साथ मेक माय ट्रिप के जरिए बुक किए गए इकोनॉमी क्लास टिकट पर एयर इंडिया की दिल्ली-न्यूयॉर्क-दिल्ली फ्लाइट से यात्रा की थी। शिकायत में कहा गया कि लंबी उड़ान के दौरान सीटें टूटी और आरामदायक नहीं थीं, कॉल बटन और कंट्रोल काम नहीं कर रहे थे, एंटरटेनमेंट स्क्रीन खराब थी, वॉशरूम गंदे थे, जहाज के अंदर बदबू थी और खाने-पीने की क्वॉलिटी भी खराब थी। इसके बावजूद केबिन क्रू ने किसी तरह की मदद नहीं की। एयर इंडिया ने सभी आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उड़ान से पहले विमान की रूटीन जांच की गई थी और उसे ऑपरेशन के लिए क्लियर किया गया था। एयरलाइन ने यह भी दावा किया कि शिकायतकर्ता ने बिजनेस क्लास में अपग्रेड की मांग की थी लेकिन सीटें उपलब्ध न होने के कारण यह संभव नहीं हो सका।

IGNOU की मेगा प्लेसमेंट ड्राइव 27 को

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: मैदानगढ़ी में इग्नू कैंपस में यूनिवर्सिटी अपनी कैंपस प्लेसमेंट सेल (सीपीसी) के माध्यम से बीआर आंबेडकर कन्वेंशन सेंटर में 27 जनवरी को सुबह 10 बजे से यह ड्राइव रखेगी। यह प्लेसमेंट ड्राइव विशेष रूप से इग्नू के स्टूडेंट्स और पूर्व स्टूडेंट्स के लिए है। ड्राइव में पहुंचने वाली कंपनियां हॉस्पिटैलिटी, बिज़नेस डिवेलपमेंट, ट्रैवल और एविएशन सेक्टर में नौकरी के मौके देंगी। इस ड्राइव में जाइंस हॉस्पिटैलिटी, ब्रिक्सस कम्युनिकेशंस, बर्ड फ्लाइट सर्विसेज शामिल हैं, जो बैकएंड ऑफिस सपोर्ट स्टाफ, ऑफिस एडमिनिस्ट्रेशन / ग्राफिक डिजाइनर, सेल्स एंड ऑपरेशंस (ट्रैवल), बिजनेस डिवेलपमेंट एग्जिक्यूटिव, कस्टमर सर्विस एजेंट (सीएसए) और कस्टमर सर्विस होस्ट (सीएसएच) जैसे कई तरह की पोस्ट के लिए नौकरी के मौके देंगी। यह मौके फ्रेशर्स के साथ सभी के लिए है।

मौजूदा के साथ ही पूर्व स्टूडेंट्स को भी मिलेगा मौका

ऑनलाइन पपी बेचने के नाम पर ठगी का आरोपी अरेस्ट

■ NBT न्यूज, नूंह: क्राइम ब्रांच फिरोजपुर झिरका नूंह की टीम ने पालतू कुत्ते के बच्चे (पपी) को ऑनलाइन बेचने के नाम पर लोगों से ठगी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान साबिर अली निवासी गांव पुठली थाना नगीना जिला नूंह के रूप में हुई। वह अपनी असली पहचान छुपाकर फर्जी सिम वाले मोबाइल फोनों से लोगों से ठगी कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने जलालपुर रोड पर गांव मांडीखेड़ा के पास दबिश दी और आरोपी को पकड़ लिया। उसके कब्जे से दो मोबाइल फोन व कई सिम कार्ड के साथ फर्जी वॉट्सऐप अकाउंट, वॉट्सऐप बिजनेस अकाउंट और फेसबुक पेज मिले। जांच में सामने आया कि आरोपी विभिन्न नामों से फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल बनाकर लोगों को पपी बेचने का लालच देता था और ऑनलाइन भुगतान लेकर संपर्क तोड़ देता था। आरोपी के खिलाफ उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और दिल्ली के लोगों की तरफ से कई शिकायतें दर्ज पाई गईं।

इनामी बदमाश गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, नूंह: सीआईए टीम ने 5 हजार रुपये के इनामी बदमाश वसीम उर्फ छोटू निवासी गांव टाई थाना सदर नूंह को तमंचे और एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी आयुष यादव ने बताया कि आरोपी को गुप्त सूचना के आधार पर नूंह-पलवल रोड स्थित बस अड्डा मलेब के पास से पकड़ा गया। वह किसी वारदात की फिराक में खड़ा था। पुलिस की गाड़ी देखते ही वह भागने लगा, जिसके बाद पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक तमंचा बरामद हुआ, जिसके चैंबर में एक कारतूस लोड था। इसके खिलाफ नूंह सदर थाने में केस दर्ज किया गया है। आरोपी पर आईजी साउथ रेंज रेवाड़ी की तरफ से 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। यह इनाम वर्ष 2020 के पलवल जिले के मुंडकटी थाने में दर्ज एफआईआर से जुड़ा है।

महानगर में आज



लैंडस्केप केरल

ऑल इंडिया फोटो एग्जिबिशन 'लैंडस्केप केरल', ट्रावनकोर पैलेस आर्ट गैलरी, कस्तूरबा गांधी मार्ग, शाम 5 बजे से। केरल टूरिज्म की ओर से पेश इस फोटो एग्जिबिशन में केरल की खूबसूरती और संस्कृति को पेश करती ट्रैवलिंग फोटो एग्जिबिशन देशभर के 10 शहरों में पहुंचेगी।

कैमरे के लेंस से

ऑल इंडिया फाइन आर्ट्स एंड क्राफ्ट सोसायटी में 14वीं ऑल इंडिया फोटो एग्जिबिशन और 13वीं ऑल इंडिया डिजिटल आर्ट एग्जिबिशन, 1 रफी मार्ग, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। इन दो एग्जिबिशन के साथ फोटोग्राफी का कमाल और डिजिटल आर्ट के कई खूबसूरत नमूने देखे जा सकते हैं।

पृथ्वी से आसमां तक

त्रिवेणी कला संगम में आर्ट एग्जिबिशन 'बॉडीज ऑफ स्काई, बॉडीज ऑफ अर्थ', श्रीधरनी आर्ट गैलरी, मंडी हाउस, सुबह 11 बजे से शाम 8 बजे तक। कलाकार सीमा कोहली की इस एग्जिबिशन के साथ उनके कई खूबसूरत पेंटिंग्स कला प्रेमी निहार सकते हैं। शो के क्यूरेटर सरयाजी दास हैं।

शांति

इंडिया हैबिटेट सेंटर में पेंटिंग एग्जिबिशन 'सेरेनिटी', कन्वेंशन सेंटर फॉयर, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader@timesofindia.com पर

DELHI TOURISM & TRANSPORTATION DEVP. CORPN. LTD.
Dilli Haat INA, Aurobindo Marg, New Delhi 110023

Tender ID 2026_DTTDC_284779_1 dated 15.01.2026
E- Tender invited for Persons with Benchmark Disability for Allotment of Souvenir Shop in Dilli Haat INA

Corrigendum

In partial modification of earlier advertisement dated 15.01.2026, the ID mentioned may be read as **Tender ID 2026_DTTDC_284779_1** instead of Tender ID 2026_DTTDC_248779 Rest of the contents of advertisements will remain same.

(General Manager)
DTTDC

जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण
विशेष आर्थिक क्षेत्र

वि.आ.क्षे. में विनिर्माण उद्योगों के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआय) का आमंत्रण

जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण (ज.ने.प.प्रा.), जो भारत सरकार के पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के प्रशासनिक अधिकार के तहत एक बंदरगाह प्राधिकरण है, पात्र और इच्छुक उद्योगों (जो सेझ अधिनियमों और नियमों के अनुसार अधिकृत गतिविधियाँ करने के लिए सक्षम हैं) से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआय) आमंत्रित करता है। यह आमंत्रण मुख्य रूप से **विनिर्माण उन्मुख उद्योगों (जिसमें भंडारण और आपूर्ति सुविधा के साथ ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन निर्यात हेतु भी शामिल है)** के लिए है, ताकि जेएनपीए सेझ में इकाइयाँ स्थापित की जा सकें। यह उपक्रम पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के 'सागरमाला विजन' के तहत बंदरगाह-आधारित औद्योगिकीकरण के उद्देश्य के अनुरूप है।

वर्तमान में, इस कार्य के लिए 34.16 हेक्टेयर क्षेत्र उपलब्ध है।

ऑनलाइन प्रस्ताव (ईओआय) जमा करने के लिए विस्तृत विवरण जेएनपीए सेझ के वेबपेज पर उपलब्ध है (मार्क्स "डेटा फॉर सेझ इन्वेस्टर फॉर ईओआय सबमिशन" पर क्लिक करें)। ऑनलाइन आवेदन के लिए कृपया https://jnport.gov.in पर जाएं, 'Business' - 'जेएनपीए सेझ' पर क्लिक करें और फिर वेबपेज के दाएं कोने में 'ईओआय' बटन पर क्लिक करें। ईओआय जमा करने की अंतिम तिथि 28/02/2026 है।

संपर्क : ईमेल - jnpasez@jnport.gov.in

सीईओ - सेझ

गुमशुदा/अपहृत की तलाश



किरन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नाम **किरन पुत्री बल्लू, निवासी राजा का घर, पाइप लाइन रोड, पूठ खुर्द, बवाना आउटर नॉर्थ, दिल्ली** जो अपने घर से **दिनांक 13.01.2026 को शाम 04:00 बजे** से लापता है। इस संदर्भ में एक **एफआईआर नं./डीडी नं. 24/26 अंतर्गत धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता 2023, दिनांक 15.01.2026 को थाना बवाना, दिल्ली** में दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस लड़की का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:-

लिंग: स्त्री, **आयु:** 17 वर्ष, **कद:** 4'10" फीट, **रंग:** गोरा, **शरीर:** पतला, **चेहरा:** लम्बा, **पहनावा:** हरे रंग का सूट, सफेद रंग का स्वैटर, काले रंग का पजामा और पैरों में चप्पल पहने हुए है।

अगर किसी को इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें:-

थाना प्रभारी
थाना: बवाना, दिल्ली
फोन: 011-27752534, 27751945
मोबाइल: 7065036321

वेबसाइट: http://cbi.nic.in
ई-मेल: cic@cbi.gov.in
टेली. न.: 011-24368638/24368641
फैक्स नं.: 011-24368639

DP/799/ON/2026

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr.PC.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **विनय विशाल, पुत्र** प्रेम नंदन प्रसाद शाही, **पता:** मै0 आम्रपाली सेन्चुरियन पार्क प्रा0 लि0, 307, निपुन टावर्स, प्लॉट न. 15, कम्युनिटी सेन्टर, कड़कड़डूमा, दिल्ली, **और भी:** ए-26, सेक्टर 49, नौएडा, यू.पी., ने **FIR No.: 2422/2020, U/s: 138 NI Act, थाना: प्रशांत विहार, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **विनय विशाल,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **विनय विशाल,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 2422/2020, U/s: 138 NI Act, थाना: प्रशांत विहार, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **विनय विशाल,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री रोहित कुमार, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-04
जिला उत्तर, कमरा न.-14
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/240/RD/2026
(Court Matter)

गुमशुदा/अपहृत की तलाश



नैयना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दर्शायी गई) जिसका नाम **नैयना पुत्री इन्दासन निवासी गली नं. 05, सी-ब्लॉक, इन्दा पब्लिक स्कूल के पास, मोहन बाबा नगर, बदरपुर, दिल्ली जो अपने घर से दिनांक 28.10.2025 से लापता है।** इस संदर्भ में एक **डीडी नं. 121ए दिनांक 04.11.2025 थाना बदरपुर, दिल्ली** में दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस लड़की का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।

जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:-

लिंग: स्त्री, **आयु:** 18 वर्ष, **कद:** 5' 0" फीट, **रंग:** गोरा, **शरीर:** पतला, **पहचान चिन्ह:** हाथ और चेहरे पर जले हुए का निशान, **पहनावा:** सन्तरी रंग का सूट पहने हुए है।

अगर किसी को इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें:-

थाना प्रभारी
थाना: बदरपुर, दिल्ली
फोन: 011-29894753, 29894754
मोबाइल: 8750870933

वेबसाइट: http://cbi.nic.in
ई-मेल: cic@cbi.gov.in
टेली. न.: 011-24368638/24368641
फैक्स नं.: 011-24368639

DP/15823/SE/2025

पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक आदमी (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नाम **अमित, पुत्र गोपी राम निवासी मनोहरपुर, जिला शाहपुरा, राजस्थान** उम्र लगभग **55 वर्ष,** जो **दिनांक 16.01.2026 को रात 10.00 बजे रेनबसेरा नं. 5, शहजादाबाग, इन्दरलोक, दिल्ली** में मृत अवस्था में पाया गया। इस संदर्भ में एक **एफआईआर नं./डीडी नं. 128ए/26 दिनांक 16.01.2026 को थाना सराय रोहिल्ला, दिल्ली** में दर्ज है।

जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:-

लिंग: पुरुष, **आयु:** लगभग 55 वर्ष, **कद:** 5' फीट, **रंग:** गोरा, **चेहरा:** लंबा, **शरीर:** मध्यम, **पहनावा:** सलेटी रंग की जैकिट और नीले रंग का पजामा पहने हुए था।

मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग रखने वाला कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित पते या टेलीफोन नंबर पर सूचित करें:-

थाना प्रभारी
थाना: सराय रोहिल्ला, दिल्ली
फोन: 011-23691335, 23691106
मोबाइल: 8750870133

DP/876/N/2026
(UIDB)

पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष (फोटो में दर्शाया गया है) जिसका नाम: **अज्ञात, पुत्र: अज्ञात, निवासी: अज्ञात, दिनांक 16.01.2026 शाम 4.34 बजे हजरत निजामुद्दीन स्थित राजदूत होटल के पास भोगल बस स्टैंड पर मृत** पाया गया। इस संबंध में **DD No.49A दिनांक 16.01.2026** के तहत **थाना हजरत निजामुद्दीन, दक्षिण पूर्व जिला, दिल्ली-110013** में मामला दर्ज किया गया है।

शव का विवरण इस प्रकार है:

नाम: अज्ञात, **लिंग:** पुरुष, **उम्र:** 35 वर्ष (लगभग), **कद:** 165 सेमी, **चेहरा:** गोल, **रंग:** गोरा, **बनावट:** सामान्य, **पहनावा:** काले रंग की जैकेट और नीली जींस।

स्थानीय पुलिस द्वारा पुरुष का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए गए लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला। यदि किसी को पुरुष के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया नीचे हस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें।

थानाध्यक्ष
थाना हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली
फोन: 9871604108, 8750870929

DP/903/SE/2026

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1.	कार्य का नाम	1. सहायक मंडल अभियंता/पानीपत के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/सोनीपत के तहत रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, बाढ़ी, उत्तर रेलवे में प्रशासनिक ब्लॉक और फैक्ट्री भवनों आदि की मरम्मत और रखरखाव के लिए वार्षिक क्षेत्रीय कार्य। 2. सहायक मंडल अभियंता/पानीपत के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/सोनीपत के तहत रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, बाढ़ी, उत्तर रेलवे में स्टाफ क्वार्टर और फैक्ट्री भवनों आदि की मरम्मत और रखरखाव के लिए वार्षिक क्षेत्रीय कार्य।
2.	अनुमानित लागत	1. रु. 7016467.70/- 2. रु. 9999156.79/-
3.	धरोहर राशि	1. रु. 140300/- 2. रु. 200000/- बयाना राशि केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के रूप में होनी चाहिए। नोट:- एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई-1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए।
4.	समापन अवधि	1 & 2. 08 महीने
5.	ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय	13.02.2026 को 15:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 13.02.2026 को 15:00 बजे।
6.	निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है	www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
7.	सामान प्रकार के कार्य	1 & 2. ट्रैक काम के अलावा कोई भी सिविल कार्य।

नोट :- शपथ पत्र संलग्नक-XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए। पत्र संख्या :- 128-डब्लू/280/निविदा सूचना/25-26/डब्लू-I (NIT-42&43) दिनांक :- 21.01.2026 220/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

संख्या: W/623/NIT/1 "ई-टेण्डरिंग नोटिस" दिनांक:19.01.26

मण्डल रेल प्रबंधक/मण्डल कार्यालय (कार्यसेवा शाखा) पश्चिम रेलवे, कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है-

क्र. सं.	ई-टेण्डरिंग संख्या और कार्य का नाम	अनुमानित लागत रु.	बयाना राशी रु.
1.	RTM-2025-26-119R	₹90,31,074.35	₹1,80,600.00
	Dr Ambedkar Nagar (DADN)-Provision of new integrated crew lobby, CTCC Office, counselling room, TRS staff Room with parking & boundary wall at including electric work. **कार्य समापन अवधि:-** 12 Months, **Similar type of work:-** Construction of any Building Work. **वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि:-** 17.01.2026, **निविदा खुलने की तिथि:-** 09.02.2026		
2.	RTM-2025-26-120	₹25,50,09,391.01	₹14,25,100.00
	Chanderia-Development of goods shed with various amenities at. **कार्य समापन अवधि:-** 18 Months, **Similar type of work:- 1.** Any Steel fabrication work Rs. 14,00,70,277.43 **2.** Any Civil Engineering Work Rs. 11,49,39,023.58 The tenderer must have successfully completed or substantially completed any one of the following categories of work(s) during last 07 (seven) years, ending last day of month previous to the one in which tender is invited: (i) Three similar works each costing not less than the amount equal to 30% of advertised value of the tender, or (ii) Two similar works each costing not less than the amount equal to 40% of advertised value of the tender, or (iii) One similar work costing not less than the amount equal to 60% of advertised value of the tender. **वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि:-** 17.01.2026, **निविदा खुलने की तिथि:-** 09.02.2026		

अनुमानित मात्रा:- As per tender schedule, निविदा प्रपत्र का मूल्य:- Nil • विस्तृत निविदा सूचना, अहाता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

5/1424

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

SBI

एस एंड ओए विभाग, जीआईटीसी, सेक्टर-11, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई - 400614

परियोजना प्रबंधन सलाहकार (पीएमसी) का चयन

एसबीआई, अपनी 25 एकड़ में स्थित एसबीआई नेरुल कॉलोनी में हाय-राइज़ वाणिज्यिक व आवासीय टावरों के पुनर्विकास और निर्माण से संबंधित ईपीसी परियोजना के लिए प्रतिष्ठित और अनुभवी परियोजना प्रबंधन सलाहकार (पीएमसी) से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है।

अनुमानित निर्माण लागत ₹2000 करोड़ + जीएसटी है।

विस्तृत जानकारी व आरएफपी डाउनलोड करने के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in (https://sbi.bank.in/web/sbi-in-the-news/procurement-news) पर 'प्रोक्योरमेंट न्यूज़' और https://www.tenderwizard.com/SBIETENDER पर देखें। ईओआई प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख- 21.02.2026 को दोपहर 2.30 बजे तक। संबंधित कोई भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र केवल बैंक की वेबसाइट पर ही पोस्ट किया जाएगा।

स्थान: नवी मुंबई
दिनांक: 22.01.2026

उप महाप्रबंधक
(एस एंड ओए)

नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(एनटीपीसी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)
North Eastern Electric Power Corporation Ltd.
(A Wholly Owned Subsidiary of NTPC)
Office: Brookland Compound, Lower New Colony, Shillong-793003, Meghalaya
CIN No.: U40101ML1976G01001658 Regd. I Website: www.neepco.co.in
@NEEPCOLtd neepcoindia neepcoindia neepco india NEEPCOlimited

अनुलग्नक I-ए

31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही के लिए नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के वित्तीय परिणाम

[सेबी (एलओडीआर) विनियमों के विनियम 52 (4) के साथ विनियमन 52 (8), के साथ पढ़ें]

₹ लाखों में

क्र. संख्या	विवरण	स्टैंडअलोन वित्तीय परिणाम			कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणाम		
		31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही (अनअंकेक्षित)	31 दिसंबर 2024 को समाप्त अनुरूप तिमाही (अनअंकेक्षित)	31 मार्च 2025 को समाप्त पिछला वर्ष (अंकेक्षित)	31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही (अनअंकेक्षित)	31 दिसंबर 2024 को समाप्त अनुरूप तिमाही (अनअंकेक्षित)	31 मार्च 2025 को समाप्त पिछला वर्ष (अंकेक्षित)
1	कुल आय	109307.41	95655.47	429049.46	109307.41	95655.47	429049.46
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर, विशेष तथा/या असाधारण मदों से पूर्व #)	21812.59	11511.02	72394.41	21812.59	11510.18	72394.32
3	कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (विशेष तथा/या असाधारण मदों के बाद #)	21812.59	11511.02	72394.41	21812.59	11510.18	72394.32
4	कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (विशेष तथा/या असाधारण मदों के बाद #)	13280.06	4343.65	58468.51	13280.06	4343.07	58468.45
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए (कर के बाद) लाभ / (हानि) तथा अन्य व्यापक आय (कर के बाद) को शामिल करके]	12715.08	3874.74	55756.85	12715.08	3874.16	55756.79
6	भुगतान इक्विटी शेयर पूंजी	360981.04	360981.04	360981.04	360981.04	360981.04	360981.04
7	आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर)	404289.67	360497.89	356565.19	404642.07	360848.52	356916.10
8	प्रतिभूति प्रीमियम खाता						
9	निवल मूल्य	765270.71	721478.93	717546.23	765623.11	721829.56	717897.14
10	भुगतान ऋण पूंजी/बकाया ऋण	757325.95	712364.26	761365.54	757325.95	712364.26	761365.54
11	बकाया प्रतिदेय वरीयता शेयर						
12	ऋण इक्विटी अनुपात	0.99	0.99	1.06	0.99	0.99	1.06
13	प्रति शेयर आय (10/- रुपये प्रत्येक) (जारी रखने और बंद किए गए परिचालनों के लिए) -						
	1. मूल:	0.37	0.12	1.62	0.37	0.12	1.62
	2. तनुकृत (डाइल्यूटेड):	0.37	0.12	1.62	0.37	0.12	1.62
14	कैपिटल रिडेम्पशन रिजर्व	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
15	डिबेंचर रिडेम्पशन रिजर्व	65054.17	65054.17	65054.17	65054.17	65054.17	65054.17
16	ऋण सेवा कवरेज अनुपात	1.45	1.31	1.32	1.45	1.31	1.32
17	ब्याज सेवा कवरेज अनुपात	6.02	3.52	4.18	6.02	3.52	4.18

इंड एएस नियमों के अनुसार लाभ और हानि विवरण में समायोजित विशेष और/या असाधारण आइटम, जो भी लागू हो

1) उपरोक्त सेबी (सूचीकरण एवं अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 52 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दाखिल तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज और सूचीबद्ध प्रविष्टि की वेबसाइटों पर उपलब्ध है।

2) सेबी (सूचीकरण और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 52(4) में संदर्भित आइटम, प्रासंगिक प्रकटीकरण इस प्रकार है:

क्र. संख्या	विवरण	स्टैंडअलोन वित्तीय परिणाम			कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणाम		
		31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही (अनअंकेक्षित)	31 दिसंबर 2024 को समाप्त अनुरूप तिमाही (अनअंकेक्षित)	31 मार्च 2025 को समाप्त पिछला वर्ष (अंकेक्षित)	31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही (अनअंकेक्षित)	31 दिसंबर 2024 को समाप्त अनुरूप तिमाही (अनअंकेक्षित)	31 मार्च 2025 को समाप्त पिछला वर्ष (अंकेक्षित)
(क)	वर्तमान अनुपात	0.92	0.85	0.76	0.92	0.85	0.76
(ख)	कार्यशील पूंजी के लिए दीर्घकालिक ऋण	12.80	15.64	24.39	12.80	15.64	24.39
(ग)	खाता प्राप्य अनुपात के लिए खराब ऋण	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
(घ)	वर्तमान देयता अनुपात	0.22	0.18	0.23	0.22	0.18	0.23
(ङ)	कुल संपत्ति के लिए कुल ऋण	0.41	0.43	0.44	0.41	0.43	0.44
(च)	देनदार कारोबार	7.78	5.45	6.03	7.78	5.45	6.03
(छ)	अविकरण कारोबार	30.33	30.77	31.49	30.33	30.77	31.49
(ज)	परिचालन सीमा(%)	47.77	25.63	32.79	47.77	25.63	32.79
(झ)	निवल लाभ सीमा(%)	12.21	4.55	13.77	12.21	4.55	13.77

3) उपरोक्त परिणामों की समीक्षा निदेशक बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति ने 21.01.2026 को हुई अपनी बैठक में की और कंपनी के निदेशक मंडल को उनके अनुमोदन के लिए सिफारिश की। निदेशक बोर्ड ने 21.01.2026 को हुई अपनी बैठक में इसे मंजूरी दे दी है। इसके अलावा कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा भी परिणामों की समीक्षा की गई है।

4) बिजली उत्पादन निगम की प्रमुख गतिविधि है।

5) निगम के बिजली स्टेशन क्षेत्र के भीतर स्थित है, इसलिए भौगोलिक खंड अनुपयुक्त है।

6) केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सीईआरसी) द्वारा अनुमोदित टैरिफ के आधार पर ऊर्जा की बिक्री का हिसाब लगाया जाता है। पावर स्टेशनों के मामले में, जहाँ सीईआरसी द्वारा अंतिम टैरिफ को अधिसूचित/अनुमोदित किया जाना बाकी है, ऊर्जा की बिक्री अंतिम दर के आधार पर सीईआरसी के समक्ष प्रस्तुत वार्षिक निर्धारित लागत पर टैरिफ याचिका के माध्यम से सीईआरसी (टैरिफ के नियम और शर्तें) विनियम 2019 के प्रस्तावित सिद्धांतों के अनुसार प्रदान की जाती है। उन परियोजनाओं के लिए जिनके लिए न तो सीईआरसी द्वारा अनुमोदित टैरिफ उपलब्ध है और न ही सीईआरसी के पास याचिका लंबित है, ऊर्जा की बिक्री का हिसाब लाभार्थियों द्वारा स्वीकृत टैरिफ सूची के आधार पर लगाया जाता है।

7) तिमाही के दौरान परिचालन से कुल आय में 'अन्य आय' ₹ 565.63 लाख (पूर्व तुलनीय अवधि ₹247.08 लाख) शामिल है।

8) अनुपात की गणना के लिए प्रयुक्त सूत्र:

क. 'ऋण सेवा कवरेज अनुपात' (डीएससीआर) = [ब्याज, मूल्यह्रास और कर से पहले लाभ] / (मूल पुनर्भुगतानी + ब्याज)

ख. 'ब्याज सेवा कवरेज अनुपात' (आईएससीआर) = [ब्याज, मूल्यह्रास और कर से पहले लाभ] / ब्याज

विचारार्थ ब्याज की राशि केवल चालू पावर स्टेशनों के लिए लिए गए ऋण से संबंधित है।

स्थान: शिलांग
तिथि: 21.01.2026

हस्ता./-
निदेशक (वित्त)
नीपको लिमिटेड

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना

सीपीएम/जीएसयू/द.पू.म.रेलवे, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, नीचे दिए गए काम को पूरा करने के लिए ई-टेंडर मंगाता है:-

क्र. सं. 1, निविदा सूचना संख्या: CPM-GSU-42-NAG-2025-26

काम का नाम: द.पू.म.रेलवे, के नागपुर डिवीजन के तहत 73 पैसेंजर स्टॉपिंग स्टेशनों पर सुविधाओं में सुधार

अनुमानित टेंडर वैल्यू: रु. 6,38,32,366.60/- **बयाना राशि:** रु. 4,69,200.00/-

बोलीदाता अपनी ओरिजिनल/सुधारित बोली सिर्फ **05.02.2026 को 15:00 बजे तक** जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल ऑफर की इजाजत नहीं है और ऐसे किसी भी मैनुअल ऑफर को अस्वीकार कर दिया जाएगा। जानकारी हमारी वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

डिप्टी चीफ इंजीनियर/जीएसयू/नागपुर
द.पू.म., रेलवे, नागपुर

AAA/66/285

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 22-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP3 User: pritambhara.prakash Time: 01-21-2026 22:38 Color:

प्रदूषण अभी 'बेहद खराब', बारिश दिलाएगी राहत !

CAQM की सिफारिशों पर क्या हुआ काम : सुप्रीम कोर्ट

Rajesh.Choudhary@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली सरकार, नगर निगम और एनसीआर के राज्यों की एजेंसियों को प्रदूषण कम करने के लिए किए गए लॉन्ग टर्म उपायों पर ऐक्शन टेकन रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है। अदालत ने कहा कि कमिशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट (CAQM) की सिफारिशों पर क्या कदम उठाए गए हैं, इसकी पूरी जानकारी दी जाए। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने इस मामले की सुनवाई की।

सुनवाई के दौरान CAQM की ओर से पेश अडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि आयोग ने प्रदूषण रोकने के लिए कई लॉन्ग टर्म उपाय सुझाए हैं। इनमें प्रदूषण फैलाने वाली पुरानी गाड़ियों को चरणबद्ध तरीके से हटाना, PUC सिस्टम मजबूत करना, मेट्रो और रेल नेटवर्क का विस्तार, नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति और वीकल स्क्रैपिंग पर प्रोत्साहन शामिल है।

कोर्ट सलाहकार अपराजिता सिंह ने अदालत से आग्रह किया कि सिफारिशों के लिए ठोस समय-सीमा तय की जाए। अडिशनल सॉलिसिटर जनरल ने बेंच को यह भी बताया कि ऐसी एजेंसियों की पहचान कर ली गई है जो उपायों के सही क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क (ECC) कोष उपलब्ध करा सकती हैं। इसके बाद अदालत ने कई निर्देश जारी किए हैं।

CAQM की सिफारिशों पर कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी: अदालत ने साफ कहा कि CAQM की सिफारिशों के खिलाफ कोई आपत्ति स्वीकार नहीं करेगी। आयोग ने 15 दीर्घकालिक उपायों की सिफारिश की है। CAQM की ओर से सुझाए उपायों के अतिरिक्त कुछ और उपाय अपनाने की आवश्यकता हो सकती है, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि CAQM के इन दीर्घकालिक उपायों को बिना किसी देरी के लागू किया जाना आवश्यक है।

दिल्ली सरकार, नगर निगम और एनसीआर के राज्यों को एजेंसियों को दिया आदेश

एंट्री पॉइंट के लिए एडवांस टेक्नॉलजी अपनाने पर मांगा जवाब: अदालत ने यह भी नोट किया कि CAQM ने दिल्ली-एनसीआर में सीमाओं के एंट्री पॉइंट पर जम (टोल कलेक्शन) को थाम में रखते हुए और एडवांस टेक्नॉलजी को समय पर अपनाने के लिए अतिरिक्त सिफारिशें भी की हैं। बेंच ने आदेश दिया कि दिल्ली नगर निगम जवाब दे कि इन सिफारिशों को समयबद्ध तरीके से लागू क्यों नहीं किया जाना चाहिए। अदालत ने CAQM और दिल्ली सरकार को ECC कोष के उपयोग के लिए एक नई योजना प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया।

CAQM की प्रमुख सिफारिशें क्या हैं

प्रदूषण मामले में सुनवाई के दौरान CAQM ने तमाम सिफारिशों की है। इन सिफारिशों को टाइम बाउंड तरीके से लागू करने की सिफारिश की गई है। इन सिफारिशों पर दिल्ली सरकार, दिल्ली की नगर निगम संस्थाओं तथा एनसीआर राज्यों की अन्य एजेंसियों को कार्रवाई रिपोर्ट पेश करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है।

- उत्सर्जन क्षमता के आधार पर दिल्ली-एनसीआर से प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को समयबद्ध तरीके से हटाना।
- PUC 2.0 प्रणाली को मजबूत करना तथा रिमोट सेंसिंग उपकरणों के माध्यम से सड़कों पर चलने वाले वाहनों की निगरानी।
- दिल्ली और एनसीआर में अधिक लाइनों और स्टेशनों के साथ क्षेत्रीय रेल परिवहन तथा मेट्रो रेल नेटवर्क का विस्तार।
- लास्ट-माइल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना तथा सार्वजनिक परिवहन के लिए लोकेशन-आधारित ट्रैकिंग के साथ रियल-टाइम यात्री सूचना प्रणाली लागू करना।
- दिल्ली की सभी एंट्री पाइंट कैमरे और स्वचालित आरएफआईडी प्रणाली स्थापित करना, जिससे मल्टी-लेन फ्री-फ्लो टोल/सेस कलेक्शन सुनिश्चित हो सके।
- दिल्ली और अन्य प्रमुख शहर जैसे नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, गुरुग्राम, फरीदाबाद और सोनीपत में सुचारु और बेहतर यातायात संचालन के लिए एकीकृत ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली लागू करना।

बिना लैंड यूज चेंज के खेतों में लगा सकेंगे सोलर प्लांट

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार ने किसानों को अपने खेतों में बिना लैंड यूज चेंज कराए सोलर प्लांट लगाने की मंजूरी दे दी है। हालांकि इसके अलावा किसान अपने खेतों में किसी भी तरह का पक्का कंस्ट्रक्शन नहीं कर सकते हैं। दिल्ली सरकार में ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि सरकार के इस फैसले से दिल्ली के किसानों को डबल इनकम होगी। एक तो वह खेती से आय अर्जित कर सकते हैं और दूसरे सोलर पावर प्लांट से जो बिजली पैदा होगी, उसे बेच कर भी वह रुपये कमा सकते हैं। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सरकार दिल्ली की सोलर कैपिटल के रूप में तब्दील करने के दिशा में काम कर रही है। कृषि योग्य भूमि पर सोलर पावर प्लांट लगाने की प्रक्रिया पहले बेहद कठिन थी, जिसके तहत पहले जमीन का लैंड यूज चेंज करवाना पड़ता था। इसके लिए किसान महीनों भटकते रहते थे, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं मिलती थी। सरकार ने अब यह लालफीताशाही खत्म कर दी है। सूद ने कहा कि कृषि योग्य भूमि पर उचे सोलर पावर प्लांट लगाने से दिल्ली भूमि सुधार अधिनियम-1954 का उल्लंघन नहीं होगा। इसके अलावा ग्रीन एनर्जी परियोजना के लिए चेंज ऑफ लैंड यूज की आवश्यकता भी नहीं होगी।

सरकार ने दी मंजूरी, पर नहीं कर सकेंगे पक्का कंस्ट्रक्शन

प्लांट के साथ सिर्फ टेंपरेरी स्ट्रक्चर। सूद ने स्पष्ट किया कि नियमों में बदलाव किसानों की सहूलियत के लिए किया गया है। खेतों में पावर प्लांट के अलावा किसान उसकी देखरेख के लिए टेंपरेरी स्ट्रक्चर तो बना सकते हैं, लेकिन पक्का स्ट्रक्चर बनाने पर रोक होगी। सोलर प्लांट जितनी बिजली बनाएगा, उसे सीधे ग्रिड में भेजा जाएगा। इसके अलावा किसान खेतों के सिंचाई के लिए सोलर पावर का इस्तेमाल कर सकते हैं।

तेज हवाओं के साथ कल हो सकती है बारिश, आज बादल

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली एनसीआर में करीब 107 दिनों बाद बारिश होने वाली है। इससे पूर्व बारिश अक्टूबर के पहले हफ्ते में हुई थी। अब 23 जनवरी को यह सूखा खत्म होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार बारिश के दौ संकेत होंगे। एक्सपर्ट कह रहे हैं कि इस दिन 5 से 25 एमएम तक बारिश दिल्ली एनसीआर को विभिन्न हिस्सों में हो सकती है। बुधवार सुबह के समय बादल छाए रहे। दस बजे के बाद धूप खिली। हल्का कोहरा रहा। अधिकतम तापमान 24.2 डिग्री रहा। यह सामान्य से 3.9 डिग्री अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री रहा। यह सामान्य से 0.2 डिग्री अधिक रहा। हवा में नमी का स्तर 49 से 100 प्रतिशत तक रहा।

107 दिन बाद दिल्ली-एनसीआर में होगी बारिश

पूर्वानुमान के अनुसार गुरुवार शाम से बादल घने हो जाएंगे। सुबह के समय हल्के से घना कोहरा रहेगा। अधिकतम तापमान 25 और न्यूनतम 7 डिग्री तक रह सकता है। 23 जनवरी को बादल छाए रहेंगे। एक से दो मील में बिजली और तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। सुबह सवेरे हल्की बूंदाबांदी होगी। दोपहर और शाम के समय भी हल्की बारिश हो सकती है। हवाओं की गति इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रह सकती है। अधिकतम तापमान 19 से 21 डिग्री और न्यूनतम 12 से 14 डिग्री तक रह सकता है। 24 को भी बादल छाए रहेंगे। 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

1487 करोड़ रुपये से होगी सड़कों की सफाई

Sudama.Yadav@timesofindia.com

■ **सर्दियों में** धूल के पल्यूशन से परेशान दिल्लीवालों को निजात दिलाने के लिए सरकार ने मास्टर ऐक्शन प्लान तैयार किया है, जिस पर 1487 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सड़कों पर उड़ती धूल-मिट्टी को साफ करने के लिए 70 इलेक्ट्रिक रोड स्वीपिंग मशीन (एमआरएस), कूड़ा-कचरा उठाने के लिए 140 इलेक्ट्रिक लिटर पिकर मशीन, 24 इलेक्ट्रिक डस्ट डॉपिंग मशीन और 6 इलेक्ट्रिक वॉटर टैंकर खरीदे जाएंगे। इन मशीनों से पीडब्ल्यूडी की 1410 किमी लंबी सड़कों पर रोजाना 2800 किमी लंबे लेन की सफाई की जाएगी।

सड़कों की सफाई के लिए पूरी दिल्ली को तीन जोन नॉर्थ, साउथ और ईस्ट में डिवाइड किया गया है। योजना के फंट को तीन पैकेज में बांटा गया है। पहले पैकेज के तहत 564.66 करोड़, दूसरे पैकेज के तहत 465.58 करोड़ और तीसरे पैकेज के तहत 385.74 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

सर्दियों में दिल्ली में डस्ट पल्यूशन की समस्या होती है गंभीर : पीडब्ल्यूडी अफसरों के अनुसार सर्दियों के दौरान पिछले 10-12 साल से दिल्ली में डस्ट पल्यूशन समस्या गंभीर है। वजह सिर्फ कंस्ट्रक्शन वर्क ही नहीं, बल्कि सड़कों पर उड़ती धूल-मिट्टी भी है। धूल-मिट्टी पर काबू करने के लिए सरकार ने 10 साल का मास्टर ऐक्शन प्लान तैयार किया है, जिसके तहत ऐसी रोड स्वीपिंग मशीनों की खरीदारी की जा रही है, जिससे सड़कों की सफाई ऑटोमेटिक तरीके से की जाए और धूल-मिट्टी को ऑटोमेटिक तरीके से ही उठा लिया जाए।

सड़कों की सफाई के लिए दिल्ली को नॉर्थ, साउथ और ईस्ट तीन जोन में बांटा गया है। नॉर्थ जोन में 575.82 किमी, साउथ जोन में 455.72 किमी और ईस्ट जोन में 378.53 किमी स्ट्रेच की रोजाना सफाई की जाएगी। नॉर्थ जोन की सफाई के लिए 28 इलेक्ट्रिक मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीन, साउथ जोन में 23 और ईस्ट जोन में 19 मशीनों से सफाई की जाएगी।

सफाई के बाद धूल-मिट्टी उठाने के लिए नॉर्थ जोन में 56, साउथ जोन में 46 और ईस्ट जोन में 38 लिटर पिकर्स मशीनें तैनात की जाएंगी। धूल-मिट्टी को उड़ने से रोकने के लिए 24 डस्ट डॉपिंग मशीनें भी खरीदी जाएंगी। रोजाना करीब 2800 किमी लेन की सफाई करने का टारगेट रखा गया है।

प्रदूषण का स्तर बिगड़ा, दिल्ली का एक्यूआई 330

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** प्रदूषण का स्तर बुधवार को बेहद खराब रहा। दो दिन बाद बारिश और हवाओं के चलने पर इसके और कम होने की संभावना है। यह खराब स्तर पर आ सकता है। यह राहत अगले दो से तीन दिन बनी रहेगी।

बुधवार सुबह हल्का कोहरा रहा। हवाएं कमजोर रहीं। मौसमविभाग के एयर बुलेटिन के अनुसार, दिल्ली का एक्यूआई 330 रहा। गाजियाबाद का एक्यूआई 347, ग्रेटर नोएडा का 320, गुरुग्राम का 358 और नोएडा का 329 रहा। 29 जगहों पर प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रहा। 9 जगहों पर यह खराब रहा।

गाजियाबाद का एक्यूआई 347, ग्रेटर नोएडा का 320, गुरुग्राम का 358 रहा

पूर्वानुमान के अनुसार, 21 और 22 जनवरी को प्रदूषण बेहद खराब रहेगा। 23 जनवरी को यह खराब स्तर पर रहेगा। इसके बाद अगले छह दिनों तक यह खराब से बेहद खराब बना रहेगा। बुधवार को हवाओं की गति 6 से 16 किलोमीटर प्रति घंटे रही। गुरुवार को यह पांच से 15 किलोमीटर प्रति घंटे, शुक्रवार को 15 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे और और शनिवार को 10 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है।

यमुना सफाई पर ऐक्शन प्लान, नालों की ड्रोन से होगी निगरानी

सीएम ने की यमुना की सफाई को लेकर गठित कमिटी की पहली बैठक

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में यमुना की सफाई को लेकर गठित हाई लेवल कमिटी की बुधवार को पहली बैठक हुई। बैठक में यमुना के मौजूदा हालात, सीवेज ट्रीटमेंट, नालों की सफाई और अनधिकृत कॉलोनियों में सीवर लाइन नेटवर्क पर चल रहे कामों का जायजा लिया गया। सीएम ने कहा कि यमुना सिर्फ नदी नहीं, बल्कि दिल्ली की जीवन रेखा है। सरकार साइंटिफिक तरीके से योजना बनाकर और पड़ोसी राज्यों के साथ मिलकर यमुना को साफ करने की दिशा में लगातार काम कर रही है।

मुख्यमंत्री के मुताबिक नालों की निगरानी के लिए अब पुख्ता सिस्टम बनाया गया है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीमें 47 तय जगहों पर हर महीने पानी की जांच कर रही हैं। नजफगढ़ और शाहदरा नालों से जुड़े सभी छोटे नालों की पहचान और जांच ड्रोन सर्वे के जरिए जनवरी 2026 तक पूरी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि नजफगढ़ ड्रेन में हरियाणा के 6 नाले गिरते हैं, जो कुल दूषित पानी का 33% है। शाहदरा ड्रेन में पूर्वी के 4 बड़े नाले आते हैं, जो करीब 40% दूषित पानी के लिए जिम्मेदार है।

1500 एमजीडी तक बढ़ेगी STP क्षमता

जल बोर्ड की योजनाओं के जायजे के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में अभी 37 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) मिलकर रोजाना 814 एमजीडी गंदा पानी साफ कर रहे हैं। इसे बढ़ाकर 1500 एमजीडी करने का मकसद रखा गया है। इसके लिए पुरानी मशीनों को अपग्रेड किया जाएगा। दिसंबर 2027 तक 35 नए छोटे डिसेंट्रलाइज्ड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाकर 170 एमजीडी एक्स्ट्रा क्षमता बढ़ाई जाएगी। इसके साथ दिसंबर 2028 तक नालों के पास 460 एमजीडी क्षमता वाले नए STP लगाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अनधिकृत कॉलोनियों में दिसंबर 2028 तक सीवर लाइन नेटवर्क बिछाने का काम पूरा कर लिया जाएगा। अभी 675 जेने क्लस्टर में से 574 में सीवर लाइन डालने का काम पूरा हो चुका है। 65 क्लस्टर में मिंगल पॉइंट कलेक्शन पर काम चल रहा है। इसके अलावा 1799 अनधिकृत कॉलोनियों में सीवर नेटवर्क का काम दिसंबर 2028 तक पूरा किया जाएगा। बैठक में सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग को निर्देश दिए गए कि नालों से निकलने वाली गाद के निपटारे के लिए बाकी मशीनों और प्रोसेसिंग के 4 प्लांट लगाने पर काम किया जाए।

यमुना की सफाई पर क्यों है फोकस?

दिल्ली सरकार यमुना की सफाई पर काफी फोकस कर रही है, मगर यह काम चुनौतीपूर्ण और पेचीदा है। केवल दिल्ली सरकार के स्तर पर किए जाने वाले प्रयास इसके लिए पर्याप्त नहीं नहीं हैं क्योंकि इसमें पड़ोसी राज्यों की भी अहम भूमिका है।

लेकिन अब केंद्र से लेकर पड़ोसी राज्यों तक में बीजेपी की सरकारें हैं, इसे देखते हुए दिल्ली सरकार भी यमुना की सफाई को लेकर गंभीर दिख रही है। एक बड़ा कारण यह भी है कि केंद्र की मोदी सरकार भी यमुना की सफाई को तरजीह देते हुए न केवल इसकी प्लानिंग और निगरानी कर रही है, बल्कि दिल्ली सरकार को काफी फंड भी मुहैया करा रही है। इसके बावजूद नए एसटीपी बनाने, नालों को टैप करने, यमुना में कचरा फेंकने, अमोनिया की मात्रा को कंट्रोल करने, यमुना के किनारे एम्फ्रोचमेंट रोकने, नदी की तलहटी की गहराई बढ़ाने और बहाव को कायम रखने जैसी कई चुनौतियां हैं।

यमुना में अमोनिया बढ़ा, साउथ, नॉर्थ और पुरानी दिल्ली में पानी की किल्लत

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** यमुना में अमोनिया की मात्रा बढ़ने से साउथ दिल्ली, ईस्ट दिल्ली और सेंट्रल दिल्ली कई इलाकों में पानी की भारी किल्लत हो गई है। बुधवार को यमुना में अमोनिया की मात्रा 3 पीपीएम रेकॉर्ड किया गया। अमोनिया की मात्रा बढ़ने के चलते तिन इलाकों में वजीराबाद, भागीरथी और सोनिया विहार प्लांट से पानी सप्लाई होता है, उन इलाकों में पानी की भारी किल्लत है। जल बोर्ड अफसरों के अनुसार वजीराबाद और चंद्रावल प्लांट में पानी का उत्पादन यमुना के पानी से किया जाता है। वजीराबाद प्लांट में पानी उत्पादन सीधे यमुना के पानी को लेकर ही किया जाता है।

यही पानी पाइप लाइनों के माध्यम से चंद्रावल प्लांट में भी भेजा जाता है। इसलिए यमुना में जब भी अमोनिया की मात्रा एक पीपीएम या इससे अधिक होता है, तो दोनों प्लांटों में पानी उत्पादन प्रभावित होता है। बुधवार को यमुना में अमोनिया लेवल 3 पीपीएम रेकॉर्ड किया गया, जिससे वजीराबाद में पानी उत्पादन करीब 50 प्रतिशत कम हो गया है। इससे कई इलाकों में वॉटर सप्लाई की दिक्कत है।

स्टूडेंट से बदमाशों ने छीना मोबाइल

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** बुराड़ी इलाके में सहेली के घर जा रही एक 12वीं की स्टूडेंट से बाइक सवार दो बदमाश मोबाइल छीन कर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल बाइक सवार बदमाशों का पता कर रही है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, चांदनी सिंह दूसरा पुस्ता सोनिया विहार इलाके में रहती है। उनका आरोप है कि 17 जनवरी को वह स्कूल से अपनी सहेली के घर बुराड़ी जा रही थी। बाइक सवार दो बदमाश आए और उनका मोबाइल छीन लिया।

CCTV फुटेज से पकड़ा गया चोर

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** बुराड़ी पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से एक चोर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी की दो चेन भी बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपी की पहचान समता विहार मुकुंदपुर निवासी दीपक उर्फ दीपू के तौर पर हुई है। फिलहाल पुलिस उसके पुराने आपराधिक का रिकॉर्ड का पता कर रही है। नॉर्थ जिले के डीसीपी राजा बंठिया ने बताया कि बुराड़ी में रहने वाली एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 9 जनवरी की रात जब वो घर वापस लौटी तो पाया कि जूलरी और नकदी चोरी हुई है।

बंद घर से लाखों के गहने और कैश चोरी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** गीता कॉलोनी में रहने वाले मोहम्मद फहीम परिवार के साथ भाई के घर पर रहने पर गए थे। करीब साढ़े तीन घंटे बाद वापस लौटे तो और घर का लॉक खुला तो देखा कि सारा सामान इधर-उधर बिखरा हुआ था। जांच करने पर पता चला कि घर से लाखों के गहने और डेढ़ लाख कैश गायब है। तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर क्राइम टीम भी आ गई। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है।

कोर्ट स्टाफ के स्यूसाइड में FIR के आदेश से मना

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

दिल्ली हाई कोर्ट ने पिछले दिनों 9 जनवरी को साकेत कोर्ट परिसर में 43 साल के एक एडमिनिस्ट्रेटिव क्लर्क द्वारा आत्महत्या के मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने से इनकार कर दिया।

चीफ जस्टिस डी के उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की बेंच ने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को लेकर एग्जीक्यूटिव मैजिस्ट्रेट के सामने BNSS की धारा 194 (पुलिस द्वारा आत्महत्या आदि की जांच और रिपोर्ट) के तहत कार्यवाही चल रही है और रिपोर्ट का इंतजार है। यह कहते हुए कि मृतक के परिवार को राहत दी गई है, बेंच ने कहा, हमने तुरंत कार्रवाई की। कोई कमी नहीं है। इसलिए, कानून के तहत आगे की कार्रवाई एग्जीक्यूटिव कार्यवाही के नतीजे पर निर्भर करेगी। हमें इस समय एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने का कोई कारण नहीं दिखता।

हरीश सिंह महार मैजिस्ट्रेट कोर्ट में अहलमद (एडमिनिस्ट्रेटिव क्लर्क) थे। उन्होंने 9 जनवरी को साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स के अंदर एक बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या कर ली। स्यूसाइड नोट में काम के दबाव को वजह बताया था। आनंद लीगल एड फोरम ट्रस्ट ने जनहित याचिका दायर कर घटना के संबंध में एफआईआर दर्ज करने और क्लर्क की खाली जगहों (वेकेंसी) को भरने के निर्देश देने की मांग की गई थी।

याचिका में कहा गया है कि महार, जो अपनी झुकी हुई पीठ के कारण 60 प्रतिशत विकलांग थे, एक कम मेहनत वाली पोस्टिंग चाहते थे। उनकी मौत की वजह बनने वाली घटनाओं की जांच की मांग करते हुए, याचिका में आरोप लगाया गया कि मृतक ने कम काम के दबाव वाली पोस्टिंग पर ट्रांसफर के लिए बार-बार अनुरोध किया था, लेकिन इस पर विचार नहीं किया गया, जिसके कारण उन्होंने 'ऑफिस के काम के दबाव' के कारण अपनी जान दे दी।

बेंच ने कहा कि हाई कोर्ट स्थिति से अवगत है और जिला अदालतों में क्लर्क स्टाफ की खाली जगहों, मौजूदा स्टाफ और जरूरत का आकलन करने के लिए एक ऑडिट किया जा रहा है। काम के बंटवारे को तर्कसंगत बनाने के लिए भी ऑडिट कराया जा रहा है। इसकी रिपोर्ट के आधार पर कदम उठाए जाएंगे। कोर्ट ने उम्मीद जताई कि जल्द से जल्द कार्रवाई का एक तरीका तैयार किया जाएगा और जल्द से जल्द खाली जगहों को भरने के लिए पर्याप्त कदम उठाए जाएंगे।

'कोर्ट क्लर्क के 3,000 से ज्यादा पद खाली' : याचिकाकर्ता के वकील अभिजीत आनंद ने कोर्ट से कहा कि मृतक, एक दिव्यांग व्यक्ति, काम के दबाव में था और रिपोर्ट के अनुसार, उसने चार बार ट्रांसफर की मांग की थी। उन्होंने कहा कि कोर्ट क्लर्क के 3,000 से ज्यादा पद खाली हैं। कोर्ट ने कहा कि मृतक को पिछले साल नवंबर में अहलमद के पद पर प्रमोट किया गया था और उससे पहले, उनका काम ज्यादा मुश्किल था। यह बताते हुए कि मृतक एक पूरी तरह से डिसेबिलाइज्ड ट्रैफिक कोर्ट से जुड़े थे, कोर्ट बोला, यह कहना कि वह 3,000 फाइलों संभाल रहे थे, लोगों का ध्यान खींचता है, लेकिन यह सही नहीं है।

पानी की बेहतर सप्लाई के लिए बनेगा वॉटर मास्टर प्लान-2051

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

दिल्ली में पानी की बेहतर और पर्याप्त सप्लाई के लिए अब वॉटर मास्टर प्लान-2051 तैयार किया जाएगा। इसके लिए जल बोर्ड की बैठक में कंसलटेंट अपॉइंट करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही सरकार ने पानी सप्लाई के लिए इस्तेमाल हो रहे CNG टैंकरों की जगह इलेक्ट्रिक वॉटर टैंकर सड़कों पर उतारने का फैसला किया है। बैठक में 600 इलेक्ट्रिक वॉटर टैंकर खरीदने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। इस बैठक की अध्यक्षता दिल्ली सरकार के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने की। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार लोगों के हित में लगातार काम कर रही है और पानी सप्लाई को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है।

मंत्री ने बताया कि फिलहाल जल बोर्ड के पास करीब 1,000 वॉटर टैंकर हैं। इनमें से लगभग 70% काफी पुराने हो चुके हैं। इन्हें चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक वॉटर टैंकरों से बदला जाएगा। कुल 600 इलेक्ट्रिक वॉटर टैंकर खरीदे जाएंगे। इनमें से 300 टैंकरों से दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में मुफ्त पानी सप्लाई की जाएगी, जबकि बाकी 300 टैंकरों से पेमेंट के आधार पर पानी सप्लाई होगा।

CCING 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 22-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 2 Page: NBTGRP4 User: cci Time: 01-21-2026 22:45 Color:

फटाफट खबरें

ASI की साइटों पर BHIM-UPI

■ पीटीआई, नई दिल्ली: NPCI-BHIM और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) के बीच ऐतिहासिक जगहों के टिकट काउंटरों पर BHIM UPI से पेमेंट की सुविधा शुरू करने को लेकर बातचीत चल रही है। अभी यह सुविधा सिर्फ ASI की वेबसाइट पर ऑनलाइन टिकट बुक करने के लिए ही उपलब्ध है। सुविधा शुरू होने के बाद ऐतिहासिक इमारतों के टिकट काउंटरों पर BHIM UPI का QR कोड लगा दिया जाएगा। फिलहाल, इन काउंटरों पर सिर्फ नकद ही लिया जाता है।

1.60 लाख के करीब पहुंचा सोना

■ पीटीआई, नई दिल्ली: सोने और चांदी की कीमतों में रेकॉर्ड तोड़ बढ़त का सिलसिला जारी है। ऑल इंडिया सर्राफा असोसिएशन के मुताबिक बुधवार को देश की राजधानी दिल्ली में 99.9% शुद्धता वाला सोना 6,500 रुपये (4.24%) की भारी बढ़त के साथ 1,59,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं, चांदी 11,300 रुपये महंगी होकर 3,34,300 रुपये प्रति किलोग्राम के नए लेवल पर पहुंच गई है।

TATACOMM का मुनाफा 55% बढ़ा



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही में टाटा कम्युनिकेशंस का मुनाफा 55% बढ़कर 365.28 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी को 235.96 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) का शुद्ध लाभ 7.5 प्रतिशत बढ़कर 2,705 करोड़ रुपये रहा। केपीआई ग्रीन एनर्जी का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर करीब 48 प्रतिशत बढ़कर 125.80 करोड़ रुपये हो गया।

छोटे उद्योगों को मिलेगा सस्ता लोन

कैबिनेट का फैसला, SIDBI को मिलेंगे 5000 करोड़ रुपये

AI Image

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को स्मॉल इंडस्ट्रीज डिवेलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया (SIDBI) को 5000 करोड़ रुपये के इक्विटी सपोर्ट की मंजूरी दी। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह फैसला किया गया। इससे छोटे और मझोले उद्योगों को किफायती दरों पर कर्ज सुविधा बढ़ाने में मदद मिलेगी।

NBT 2 मिनट में पढ़ें

वित्त मंत्रालय का वित्तीय सेवा विभाग SIDBI को 5000 करोड़ रुपये का सपोर्ट 3 चरणों में देगा। इस वित्त वर्ष में 3000 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। इसके बाद के दो वित्त वर्षों में 1000-1000 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। यह पूंजी मिलने से SIDBI को किफायती ब्याज दरों पर संसाधन जुटाने में मदद मिलेगी, जिससे वह MSME को ज्यादा कर्ज दे सकेगा।

कैबिनेट मीटिंग के बाद जारी सरकारी बयान में बताया गया कि 5000 करोड़ रुपये के इस सपोर्ट के बाद वित्तीय सहायता पाने वाले MSME की संख्या वित्त वर्ष 2028 के अंत तक बढ़कर 102 लाख हो जाने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2025 के अंत में यह संख्या 76.26 लाख थी। इस तरह करीब 25.74 लाख नए लाभार्थी MSME जुड़ेंगे।

MSME मिनिस्ट्री के मुताबिक, पिछले साल 30 सितंबर तक 6.9 करोड़ MSME ने 30.16 करोड़ रोजगार जेनरेट किया था। इस तरह वित्त वर्ष 2027-28 के अंत तक नए MSME लाभार्थियों के जुड़ने से 1.12 करोड़ एंप्लॉयमेंट के मौके बनने का अनुमान है।

30 सितंबर 2025 तक के आंकड़ों के मुताबिक SIDBI की बैलेंस शीट 5.8 लाख करोड़ रुपये की थी। पिछले दो वित्त वर्षों में इसने 65 शाखाएं खोलकर 161 ब्रांचेज का नेटवर्क बना लिया है। इसकी कवरेज में मान्यता प्राप्त 195 MSME क्लस्टर हैं। SIDBI के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज मित्तल ने कहा, 'विकसित भारत 2047 के लक्ष्य हासिल करने में MSME सेक्टर एक ग्रोथ इंजन है। इस सेक्टर को मजबूत बनाने में SIDBI अहम भूमिका निभाएगा।'

अटल पेंशन योजना अब 2030-31 तक

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : असंगठित क्षेत्र में कामगारों को पेंशन का इंतजाम करने के लिए साल 2015 में शुरू की गई अटल पेंशन योजना (APY) साल 2030-31 तक चलती रहेगी। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। कैबिनेट ने योजना को साल 2030-31 तक फंडिंग सपोर्ट जारी रखने का निर्णय लिया।

फैसले के मुताबिक, असंगठित क्षेत्र के कामगारों के बीच जागरूकता बढ़ाने सहित अन्य गतिविधियों के लिए सरकार जरूरी फंड मुहैया कराती रहेगी। 9 मई 2015 को शुरू की गई APY में 60 साल की उम्र पूरी होने पर 1000 से 5000 रुपये महीने तक की मिनिमम पेंशन की गारंटी है। यह पेंशन अंशदान के आधार पर तय होती है। इस साल 19 जनवरी तक इस योजना में 8.66 करोड़ से ज्यादा लोग जुड़ चुके थे।

Eternal के CEO पद से दीपिंदर हटे, अलबिंदर को कमान

■ पीटीआई, नई दिल्ली: जोमैटो और ब्लिंकिट ब्रैंड की पेरेंट कंपनी एटरनल (Eternal) ने बुधवार को अपने नतीजे जारी किए। वहीं दीपिंदर गोयल ने कंपनी के CEO का पद छोड़ने का ऐलान कर दिया है। वह 1 फरवरी से कंपनी के डायरेक्टर, एमडी और CEO का पद छोड़ देंगे। बोर्ड ने अलबिंदर सिंह ढींडसा को 1 फरवरी से कंपनी का नया CEO नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। अलबिंदर अभी ब्लिंकिट के CEO के तौर पर काम कर रहे हैं।

अलबिंदर सिंह ढींडसा

वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही में कंपनी का मुनाफा करीब 73% बढ़कर 102 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। दीपिंदर ने पद छोड़ने की वजह बताते हुए कहा कि पिछले कुछ समय से मेरा ध्यान कुछ ऐसे नए आइडिया की तरफ गया है जिनमें बहुत ज्यादा जोखिम और नए प्रयोगों की जरूरत है। ऐसे में एटरनल जैसी कंपनी के बाहर काम करना ज्यादा बेहतर है।

डॉलर के मुकाबले रुपये में 68 पैसे की गिरावट

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बुधवार को भारतीय रुपये में जबरदस्त गिरावट देखी गई। विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार पैसा निकालने और दुनिया भर के बाजारों में बढ़ती अनिश्चितता की वजह से रुपया 68 पैसे टूटकर 91.65 प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। RBI का आधिकारिक रेफरेंस रेट USD/INR के लिए 91.5500 था। रुपया बाजार में 91.65 पर बंद हुआ, जो रेफरेंस रेट से ऊपर था। हालांकि, जानकारों का मानना है कि रिजर्व बैंक के पास स्थिति को संभालने के लिए पर्याप्त भंडार है, लेकिन फिलहाल वैश्विक अनिश्चितता रुपये पर भारी पड़ रही है।

इससे पहले रुपये का सबसे निचला स्तर 16 दिसंबर 2025 को 91.14 रहा था। इस महीने रुपया 1.50% गिर चुका है। बुधवार को मुद्रा बाजार में रुपया 91.05 पर खुला था, लेकिन कारोबार के दौरान यह 91.74 के स्तर तक पहुंच गया था। अंत में यह पिछले बंद भाव से 68 पैसे गिरकर 91.65 पर बंद हुआ। पिछले साल 21 नवंबर (98 पैसे गिरा था) के बाद से यह रुपये की एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है।

82 हजार के नीचे फिसला सेंसेक्स



बुधवार को शेयर बाजार में काफी उथल-पुथल रही। सेंसेक्स और निफ्टी ने अपनी शुरुआती गिरावट को काफी हद तक कवर तो किया, लेकिन फिर भी लगातार तीसरे दिन बाजार लाल निशान में ही बंद हुआ। सेंसेक्स 82,000 से नीचे गिर गया। यह 270.84 अंक की गिरावट के साथ 81,909.63 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 1,056 अंक तक गोता लगाकर 81,124.45 पर पहुंच गया था। वहीं, 50 शेयरों वाला निफ्टी 75 अंक (0.30%) गिरकर 25,157.50 पर बंद हुआ। मिडकैप इंडेक्स 1.01% और स्मॉलकैप इंडेक्स 0.80% तक लुढ़क गए।

इक्विटी में PF का पैसा, पहली बार 10 फीसदी पहुंचा EPFO का निवेश

AI Image

■ NBT रिपोर्ट : कर्मचारियों के रिटायरमेंट फंड का मैनेजमेंट करने वाली संस्था EPFO (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) का शेयर बाजार (इक्विटी) में निवेश पहली बार 10% के स्तर पर पहुंच गया है। दरअसल, सरकारी बॉन्ड से मिलने वाले ब्याज (यील्ड) में लगातार गिरावट आ रही है। EPFO को अपने सदस्यों को हर साल ज्यादा ब्याज देना होता है। इसकी भरपाई करने के लिए EPFO अब शेयर बाजार में निवेश बढ़ाने के रास्ते तलाश रहा है। बता दें कि EPFO के कुल फंड का करीब 85% हिस्सा अभी भी सरकारी बॉण्ड में लगा हुआ है।

एक अधिकारी ने TOI को बताया, EPFO को अपनी नई जमा राशि का एक हिस्सा शेयर बाजार में लगाने की अनुमति है। हम इक्विटी में ज्यादा निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और अब यह 10% की सीमा तक पहुंच गया है। रिटायरमेंट फंड संस्था को फिलहाल अपनी नई जमा राशि का 15% तक शेयर बाजार में लगाने की इजाजत है।

वित्त वर्ष 2024-25 (FY25) के लिए EPFO ने अपने सदस्यों को 8.25% ब्याज देने का ऐलान किया है। इसकी तुलना में 10 साल के सरकारी बॉण्ड पर औसत ब्याज सिर्फ 6.86% ही मिल रहा था। EPFO सीधे शेयर नहीं खरीदता, बल्कि वह सेंसेक्स और निफ्टी-50 पर आधारित एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (ETFs) के जरिए निवेश करता है। EPFO ने अगस्त 2015 में नई जमा राशि का 5% निवेश करने से शुरुआत की थी। हालिया सुधारों के तहत, अब संस्था ने ETF की बिक्री से मिलने वाले मुनाफे का 50% हिस्सा फिर से शेयर बाजार में लगाने की मंजूरी दी है। साथ ही, रिडेम्पशन की समय सीमा को भी 4 साल से बढ़ाकर 7 साल कर दिया गया है।

यह कदम भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की उस सलाह के बाद उठाया गया है, जिसमें EPFO को अपने निवेश और अकाउंटिंग के तौर-तरीकों को बेहतर बनाने के लिए कहा गया था। EPFO करीब 30 करोड़ कर्मचारियों की 25 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई का कस्टोडियन है।

वजह क्या है?

- **रिटर्न का दबाव:** सरकारी बॉन्ड पर 6.86% ब्याज मिल रहा है, EPFO को अपने मेंबर्स को 8.25% रिटर्न देना है।
- **निवेश का तरीका:** EPFO सीधे शेयर न खरीदकर ETF (सेंसेक्स और निफ्टी) के जरिए पैसा लगाता है।
- **RBI की सलाह:** रिजर्व बैंक ने फंड मैनेजमेंट को और बेहतर और लचीला बनाने का सुझाव दिया है।

दुनिया में बवाल, नहीं थमेगी भारत की गति: RBI बुलेटिन

AI Image

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: रिजर्व बैंक (RBI) ने बुधवार को जारी अपने जनवरी के बुलेटिन में कहा है कि अर्थव्यवस्था की मौजूदा हालत भविष्य के लिए उम्मीद जगाती है। दुनिया में बढ़ते राजनीतिक तनाव और अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2026 की शुरुआत दुनिया में बढ़ते तनाव के साथ हुई है। वेनेजुएला से लेकर यूक्रेन तक के विवादों के बावजूद भारत की घरेलू मांग और आर्थिक सुधार (लेबर कोड और टैक्स रिफॉर्म) इसे मजबूती दे रहे हैं। हालांकि, रुपये पर दबाव और विदेशी निवेशकों द्वारा पैसा निकालने जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद बजट में ज्यादा दिखेगी डिफेंस की धमक?



FILE

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

बजट एलोकेशन (रुपये में)
2025 - 6.81 लाख करोड़
2024 - 6.21 लाख करोड़
2023 - 5.93 लाख करोड़

काउंटडाउन बजट 2026 डिफेंस

■ नई दिल्ली : कुछ महीनों पहले हुए ऑपरेशन सिंदूर का असर क्या बजट में भी दिखेगा। क्या भारत की सशस्त्र सेनाओं की क्षमता और बढ़ाने के लिए इस बार बजट में ज्यादा प्रावधान किए जाएंगे। ये सवाल अपनी जगह है लेकिन भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से लेकर दूसरे सेना के अधिकारी ये कहते रहे हैं कि सेनाओं की अपनी कैपेबिलिटी बढ़ाने के लिए कभी भी बजट की कमी नहीं होती है। बजट प्रावधान के इतर भी फंड मिलता रहा है।

सेंटर फॉर जॉइंट वॉरफेयर स्टडीज के डायरेक्टर जनरल मेजर जनरल अशोक कुमार (रिटायर्ड) कहते हैं कि कुछ समय पहले ही देश ने ऑपरेशन सिंदूर देखा है जिसमें भारत ने पाकिस्तान को बड़ी शिकस्त दी है। साथ ही यह भी महसूस किया कि हमें अपनी सैन्य क्षमता का काफी विस्तार करना होगा खासकर वायुसेना और नौसेना में।

हालांकि थल सेना में भी तरह तरह की बढ़ोतरी की जरूरत है। खासकर उन हथियारों को शामिल करने की जो मौजूदा युद्ध के लिए जरूरी हैं। जाहिर है कि इसमें काफी धन लगेगा, साथ ही ये भी जरूरी है कि इसी वार्षिक बजट में ही काफी धन दिया जाए जिससे सारे प्रोजेक्ट का शुरुआती दौर आगे बढ़ सके और जरूरत पड़ने पर अडिशनल बजट दिया जा सके।

मेजर जनरल अशोक कुमार ने कहा कि आम तौर पर 10 पर्सेंट के आसपास डिफेंस बजट में इजाफा होता है। लेकिन ये ज्यादातर बढ़े हुए रेवेन्यू खर्चे और महंगाई के हिसाब से ही हो पाता है, कैपिटल बजट के लिए उतना पैसा नहीं बच पाता है। उम्मीद है कि जिस तरह से अमेरिका, चीन, पाकिस्तान ने अपने बजट में बेतहाशा बढ़ोतरी की है। भारत भी अपने रीजनल और इंटरनैशनल एस्पिरेशन को ध्यान में रखते हुए अपनी डिफेंस कैपेबिलिटी को बढ़ाने के लिए डिफेंस बजट में इजाफा करेगा।

पिछले बजट में क्या था

पिछले साल डिफेंस बजट में मामूली बढ़ोतरी की गई थी। उस बढ़ोतरी में भी पेंशन का खर्चा ज्यादा था। आधुनिकीकरण बजट का 75 पर्सेंट घरेलू स्रोतों के जरिए खरीद के लिए आरक्षित किया गया था, जबकि घरेलू निजी उद्योगों से खरीद के लिए 25 पर्सेंट रुपये का प्रावधान किया गया था।

दिल्ली-NCR

राहुल गांधी ने भी जताई चिंता

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली का किराड़ी विधानसभा इन दिनों मीडिया की सुर्खियों में है, लेकिन इसकी वजह यहां का नरकीय जीवन, कई कई फीट तक भरा गंदा पानी, घर से निकलने तक की जगह नहीं जैसी समस्याओं का अंबार है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने इलाके का दौरा किया, गंदे पानी में उतरे भी, लोगों की समस्या सुनी, वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया के जरिए इस समस्या को उठाते हुए कड़ी आलोचना की है।

28 को पेश होगा MCD का बजट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। उन्होंने बताया कि एमसीडी का बजट 28 जनवरी को सदन में पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्षदों को अपने-अपने क्षेत्रों में सड़क, नाली, पार्क, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य विकास कार्यों के लिए पर्याप्त वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे स्थानीय स्तर पर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित हो सकेगा।

बैठक में टोल टैक्स के मुद्दे पर भी विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अधिकारियों द्वारा सुप्रीम कोर्ट में निगम का पक्ष मजबूती से रखा जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि टोल बंद होने की स्थिति में निगम की राजस्व व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इसलिए जनहित और निगम हित दोनों का संतुलित रखते हुए समाधान आवश्यक है।

स्थायी समिति की बैठक हुई आयोजित

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

Publications	Rates per sq. cms
TOID Capital + NBT (Delhi+NCR)	1295
TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR)	1360
THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR)	780
THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run##	900
NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR)	595
THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR)	715
SANDHYA TIMES (Delhi)	100

Rates effective 5th June 2019

► *Placement on specified obit pages only. ► This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ► ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ► TOI Capital (Delhi & NCR) includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

Publications	Total Outlay
The Times of India Delhi/NCR	5,600
TOI+NBT (Delhi/NCR)	8,800
TOI+ET (Delhi/NCR)	6,600

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TIMES interact
To book your ad Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

tender & notices

सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैसर्स संतूर सिटी प्राइवेट लिमिटेड ने मैसर्स सक्षम रियलटेक एलएलपी के साथ 05.08.2024 को एक बिक्री समझौता किया है, जिसके तहत हरियाणा के गुरुग्राम जिले के बादशाहपुर गांव, सेक्टर 67-ए में स्थित जमीन से संबंधित 2,300 हस्तांतरणीय विकास अधिकार (टीडीआर) प्रमाणपत्र खरीदे जाएंगे, जिसके लिए पहले ही एक बड़ी रकम का भुगतान किया जा चुका है।

ध्यान दें कि टीडीआर प्रमाणपत्र संख्या 1-2272 वर्ष 2025 के, मैसर्स सक्षम रियलटेक एलएलपी के पक्ष में जारी किए गए हैं।

आम जनता को सावधान किया जाता है कि वे मैसर्स सक्षम रियलटेक एलएलपी के पक्ष में जारी किए गए प्रमाणपत्र संख्या 1-2272 वर्ष 2025 के किसी भी टीडीआर प्रमाणपत्र के संबंध में कोई लेन-देन, खरीद, हस्तांतरण या किसी तीसरे पक्ष के अधिकार सृजित न करें, क्योंकि ये संतूर सिटी प्राइवेट लिमिटेड के संविदात्मक और स्वामित्व अधिकारों के अधीन हैं।

जो भी व्यक्ति इन टीडीआर प्रमाणपत्र से डील करेगा, वह अपने जोखिम, खर्च और नतीजों के लिए खुद जिम्मेदार होगा। संतूर सिटी प्राइवेट लिमिटेड इससे होने वाले किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगी और उसे उचित कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार है।

कृते संतूर सिटी प्राइवेट लिमिटेड
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

मैं, अनीता पत्नी कमेश निवासी 151, पैच्चावाली कालोनी, दौलताबाद, गुरुग्राम घोषित करती हूं कि मेरे पति कमेश, शराबी हैं तथा लोगों से कर्जा लेते रहते हैं जिस कारण मेरा एक घर बिक चुका है। आज के बाद कमेश किसी के साथ कोई लेन देन, लड़ाई झगड़ा आदि करता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा, मैं या मेरे बच्चों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

मैं, छाया सोनी पत्नी विष्णु भगवान निवासी 11/9, वार्ड नं.09, तहसील-फर्रुखनगर, जिला-गुरुग्राम (हरियाणा) घोषणा करती हूं कि मैं अपने पति विष्णु भगवान से अपना सम्बंध विच्छेद करती हूं। भविष्य में इनसे लेन-देन करने व सम्बंध रखने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा।

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I, Karishma Kumari W/o Sh. Chandan Rai R/o H.No.4/A, Gali No.2 Salapur Khera , Bijwasan New Delhi - 110061. I have changed my name from Karishma Kumari Sharma to Karishma Kumari for all purposes.

I, Premlata W/o Sh. Brijpal Singh R/o H. No. K-1338, Ansals Palam Vihar, Gurgaon, Haryana-122017 declare that I have changed my and my husband's name from Premlata Brijpal Singh W/o Brijpal Singh Pilania to Premlata W/o Sh. Brijpal Singh for all future purposes.

मैं, विनोद कुमार पुत्र कृष्ण राम निवासी गांव-मालपुर, तहसील-फर्रुखनगर, जिला-गुरुग्राम (हरियाणा) घोषणा करता हूं मामा पापा व मेरा दोनों मेरे पुत्र के नाम है।

I, Ankita Bapna W/o Kitesh Baid R/o T2-3001, Tata Primanti, Sector 72, Gurgaon-122101 have changed my name to Ankita Suresh Bapna

I, Irene Mirdha D/o Sh. Samar Mirdha, resident of Kendriya Vihar MS-6/806, Sector-56 Gurgaon -122011, have changed my name from IRENE MIRDHA to RAMSI GANGULY for all future purposes.

I Priyanka Ranga W/o Mukesh Kumar Mother of Swastik R/o H No 1822 Ward No 22 Azad Nagar Rohtak have changed my minor Son name from Baby one of Priyanka Ranga to Swastik

खोया एवं पाया

मैं, संजय भुटानी, पुत्र कृष्ण लाल भुटानी, निवासी मकान संख्या एच-39, सेक्टर-39, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, अपनी कुआ की मूल अनुबंध विलेख संख्या 34921 दिनांक 20.02.2006 खो चुका हूं, जो संपत्ति/प्लॉट संख्या 172, ब्लॉक-सी, अंसल पालम विहार, गुरुग्राम से संबंधित है। यह विलेख मेरे पास होना चाहिए था, लेकिन यह मुझसे खो गया है। जो भी इसे ढूंढे, कृपया उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

TOI interact
BOOK YOUR CLASSIFIED ADS
FOR PROPERTY ADS PLEASE CONTACT SUNIL : 9999499496

फुल ड्रेस रिहर्सल कल, ट्रैफिक रहेगा डायवर्ट

Photos : AFP

सर्विलांस कैमरे के साथ परेड में शामिल होगा यह बाज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : शुक्रवार को गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल है। इसके चलते सुबह से लेकर दोपहर तक नई दिल्ली, सेंट्रल और नॉर्थ दिल्ली में कई रास्ते ट्रैफिक की आवाजाही के लिए बंद रहेंगे। ऐसे में नई दिल्ली, सेंट्रल और नॉर्थ दिल्ली के साथ-साथ साउथ और ईस्ट दिल्ली में भी कुछ जगहों जाम मिल सकता है। ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार सुबह 9:30 बजे से लेकर दोपहर एक बजे तक परेड रूट से बचने की सलाह दी है।

ट्रैफिक पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल शुक्रवार सुबह विजय चौक से शुरू होगी, जो करीब दो-ढाई घंटे तक चलेगी। इसके लिए सुबह 6 बजे से ही विजय चौक और इंडिया गेट के बीच कर्तव्य पथ पर लोगों की आवाजाही रोक दी जाएगी। रफी मार्ग, जनपथ, मान सिंह रोड से कर्तव्य पथ की तरफ जाने का रास्ता तो गुरुवार रात से ही बंद रहेगा। इंडिया गेट सी-हेक्सागन पर भी सुबह से गाड़ियों की आवाजाही रोक दी जाएगी। सुबह 9:15 से तिलक मार्ग, बहादुरशाह जफर मार्ग और नेताजी सुभाष मार्ग पर भी ट्रैफिक मूवमेंट को रोक दिया जाएगा। भगवानदास रोड, मथुरा रोड, सिकंदरा रोड, डीडीयू मार्ग, इंद्रप्रस्थ मार्ग, कोटला रोड, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, आसफ अली रोड, अंसारी रोड, निषादराज मार्ग, एसपी मुखर्जी मार्ग और छत्ता रेल से इन रास्तों पर क्रॉस ट्रैफिक भी परेड के मूवमेंट के समय रोक दिया जाएगा। इस दौरान डीटीसी और क्लस्टर बसों के रूट भी डायवर्ट किए जाएंगे।

नई दिल्ली, सेंट्रल और नॉर्थ में आवाजाही पर असर



गणतंत्र दिवस परेड में खास ऊंट और डॉग्स भी लोग देख सकेंगे

पटियाला हाउस कोर्ट रहेगा बंद

दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट के वकील संगठन 'नई दिल्ली बार एसोसिएशन' ने बुधवार को जानकारी दी कि गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के चलते नई दिल्ली का डिस्ट्रिक्ट कोर्ट कुछ दिनों के लिए कुछ घंटों तक बंद रहेगा। बार एसोसिएशन के सेक्रेटरी तरुण राणा की ओर से जारी नोटिस में बताया गया कि दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने आदेश दिया है कि पटियाला हाउस कोर्ट कॉम्प्लेक्स में नई दिल्ली (डिस्ट्रिक्ट) कोर्ट 22 जनवरी को दोपहर 2 बजे से 23 जनवरी दोपहर 2 बजे तक तो 25 जनवरी को दोपहर 2 बजे से 26 जनवरी दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगा।

गणतंत्र दिवस

जोश, अनुशासन और देशभक्ति का दिन

गणतंत्र दिवस की परेड से जुड़ी हर भारतीय की अपनी एक कहानी है। हमने अपने रीडर्स से 26 जनवरी की परेड से जुड़े उनके खास अनुभव साझा करने को कहा है। जिस पर हमें रोजाना ढेरों रिस्पॉन्स मिले और उन्हीं में से कुछ चुनिंदा रिस्पॉन्स आज हम यहां छाप रहे हैं।

'यह मेरे लिए नहीं भूलने वाला एक अनुभव था'

पिछले साल 2025 में कर्तव्य पथ पर अपने ऑफिस की झांकी समेत दूसरी झांकियों को देखना एक अद्भुत अनुभव रहा। मुझे NSTFDC, जनजातीय कार्य मंत्रालय की ओर से लगाई ड्यूटी के कारण परेड को देखने का मौका मिला। फूलों की बारिश करते हेलीकॉप्टर को देखना एक ऐसा अविस्मरणीय अनुभव था, जिसे शब्दों में व्यक्त करना संभव नहीं है। *-किरण पुष्करना*

'वह दिन आज भी मेरी यादों में अमर बना है'



मैं 75 वर्ष का हूं। जब मैं बिरला हायर सेकंडरी स्कूल, कमला नगर, दिल्ली में आठवीं कक्षा में पढ़ता था, तब मैंने स्काउट्स ग्रुप के साथ गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया था। सुबह करीब 4:30 बजे हम परेड के लिए निकलते थे। उस दिन मुझे ठंड महसूस नहीं हुई। मन में बस जोश, अनुशासन और देशभक्ति का गर्व था। वह दिन आज भी मेरी यादों में अमर है। *-शशि सिंह*

RDAY लाइव ▶

कर्तव्य पथ पर एक साथ उठते कदम और अनुशासन में सजी ये पंक्तियां सिर्फ परेड की तैयारी नहीं, बल्कि गणतंत्र दिवस की यादों की शुरुआत भी हैं। 26 जनवरी से जुड़ा आपका अनुभव क्या है। क्या आप कभी इस परेड का हिस्सा रहे हैं या दर्शक दीर्घा में बैठकर इसे लाइव देखा है? अपनी यादें, किस्से और एहसास हमारे साथ साझा करें।

अपने अनुभव आप हमें 9220747220 पर वॉट्सऐप कर सकते हैं या फिर nbtreader@timesofindia.com पर मेल कर सकते हैं। सब्जेक्ट में RDay जरूर लिखें।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 22-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 2 Page: NBTGRP5 User: kshitish.misra Time: 01-21-2026 22:43 Color:

दिल्ली में 26 जनवरी को धमाके की साजिश में जींद से संदिग्ध गिरफ्तार

आरोपी अमेरिका की जेल में आठ महीने रहा, दीवार फांदने में पकड़ा गया था

■ NBT न्यूज, जींद

गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को देश की राजधानी दिल्ली को दहलाने की साजिश रचने के आरोप में हरियाणा से संदिग्ध को बुधवार को जींद के सफीदों से उसके मकान से गिरफ्तार किया गया। युवक पर अलगाववादियों के संपर्क में होने का शक जताया जा रहा है। उसने अपनी फेसबुक पर अलगाववादियों के फोन नंबरों और उनके फोटो डीपी लगाकर रखता था। हालांकि सफीदों थाने के प्रभारी पूर्ण दास ने सोमवार को बताया कि टीम कहां से आई थी, उनके बारे में उन्हें कोई सूचना नहीं दी गई थी।

पाकिस्तान में बैठे बांग्लादेशी कटरपंथियों ने गैंगस्टरों के साथ मिलकर ब्लास्ट की प्लानिंग की थी।

लुधियाना पुलिस की टीम बुधवार शाम को सफीदों के वार्ड संख्या-5 में पहुंची। यहां कुलदीप उर्फ कालू को उसके मकान से हिरासत में लिया।

इससे पहले पुलिस ने लुधियाना के दो अलगाववादियों को गिरफ्तार किया था, उनसे पूछताछ में कुलदीप का नाम सामने आया, जिसके बाद सफीदों से कुलदीप को हिरासत में लेकर पुलिस अपने साथ ले गई। पाकिस्तान में बैठे बांग्लादेशी कट्टरपंथियों ने गैंगस्टरों के साथ मिलकर 26 जनवरी को दिल्ली में बड़ा ब्लास्ट करने की प्लानिंग की थी। अलगाववादी कुछ बड़ा धमाका करना चाहते थे।

आतंकी कुलदीप को उसके सफीदों स्थित घर से गिरफ्तार किया गया।

- लोकल पुलिस को लुधियाना पुलिस के आने का पता नहीं
- इससे पहले पुलिस ने लुधियाना के दो आतंकियों को गिरफ्तार किया था, उनसे पूछताछ में कुलदीप का नाम सामने आया
- संदिग्ध को उनके मकान से हिरासत में लिया गया
- पाकिस्तान में बैठे बांग्लादेशियों के साथ मिलीभगत

डंकी रूट से अमेरिका गया था

कुलदीप इससे पहले 2019 में डंकी के रास्ते से अमेरिका गया था, जहां पर दीवार को फांदते हुए अमेरिका पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। उसे जेल में 10 महीने तक बंद रखा। साल 2020 में भारत आ गया। कुलदीप पर सफीदों में सड़क हादसे को लेकर एफआईआर दर्ज है।

सफीदों से पहले भी जुड़े आतंकी तार

इससे पहले भी सफीदों के तार अलगाववादियों से जुड़े रहे हैं। पुलिस एनकाउंटर में मारा गया युवक रतनदीप बब्बर खालसा टाइगर फोर्स का गुर्गा रह चुका है। रतनदीप बेल्जियम से आने के बाद पाकिस्तान पहुंचा गया था। खालसा ग्रुप के सदस्य रतनदीप को साल 2010 में आतंकवादी घोषित कर दस लाख रुपये का इनाम रखा गया था। रतनदीप को यूपी के गोरखपुर से पंजाब और दिल्ली पुलिस ने 18 सितंबर 2014 में गिरफ्तार कर लिया था। वह 17 दिसंबर 2019 में लगभग सभी केसों में बरी होकर जेल से बाहर आ गया था।। रतनदीप की हत्या 3 अप्रैल 2024 को पंजाब के नवाशहर में बाइक सवार युवकों ने गोलियां मारकर की थी।

विधायक दल की बैठक में प्री-बजट चर्चा 27 को

AI Image

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने नए बजट की तैयारी तथा भविष्य के राजनीतिक घटनाक्रम को देखते हुए 27 जनवरी को विधायक दल की बैठक बुला ली है। इस बैठक में कई अहम मुद्दों पर रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली भी मौजूद रहेंगे। बैठक को लेकर सभी विधायकों को सूचित कर दिया गया है। इस बैठक में फरवरी में शुरू होने वाले विधानसभा के बजट सत्र के अलावा कई संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा होगी।

सीएम ऑफिस की ओर से बुधवार को बताया गया कि बैठक में मुख्यमंत्री विधायकों को यह निर्देश देंगे कि वे अपने हलकों की जरूरतों के हिसाब से बजट में सुझाव दें ताकि उन्हें बजट में शामिल किया जा सके। विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार का अगले एक साल का रोडमैप रखेंगे। विधायकों के साथ चालू विकास परियोजनाओं, मुख्यमंत्री की घोषणाओं, बजट घोषणाओं के अलावा केंद्र से जुड़े प्रोजेक्ट्स पर भी विधायकों के साथ चर्चा करेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री राज्यसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा कर सकते हैं। किरण चौधरी व रामचंद्र जांगड़ा का कार्यकाल पूरा होने के चलते ये सीटें रिक्त हो रही हैं।

निकाय चुनाव को भी मिली मंज़ूरी

हरियाणा में मंगलवार की रात निकाय चुनावों को मंजूरी दे दी गई है। अब राज्य चुनाव आयोग किसी भी समय चुनाव का ऐलान कर सकता है। ऐसे में इस बैठक में चुनाव वाले क्षेत्रों से संबंधित विधायकों की ड्यूटियां लगाई जाएंगी। निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस की सक्रियता को देखते हुए विधायक दल की बैठक में चुनाव की रणनीति भी तैयार की जाएगी।

यमुनानगर से मथुरा के लिए रोज़ चलेगी बस

यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने बुधवार को हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया।

■ NBT न्यूज,यमुनानगर

धार्मिक यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए हरियाणा राज्य परिवहन ने यमुनानगर से वृंदावन और मथुरा के लिए सीधी बस सेवा शुरू कर दी है। यह बस सेवा दिल्ली, पलवल और कोसीकलां होते हुए संचालित होगी। यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने बुधवार को हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया।

यह बस प्रतिदिन सुबह 7:30 बजे यमुनानगर से रवाना होकर शाम 4 बजे मथुरा-वृंदावन पहुंचेगी, जबकि वापसी में बस प्रातः 9:30 बजे मथुरा-वृंदावन से चलकर लगभग शाम 6 बजे यमुनानगर पहुंचेगी। इस रूट पर एकतरफा किराया मात्र 396 रुपये निर्धारित किया गया है, जो लगभग एक रुपये प्रति किलोमीटर पड़ता है ऑनलाइन बुकिंग सुविधा भी शुरू की जाएगी। बस सेवा का उद्देश्य श्रद्धालुओं सुरक्षित यात्रा सुविधा देना है।

इंटरसिटी एक्सप्रेस के कोच से उठा धुआं, 30 मिनट रोकी ट्रेन

कोच को खाली कराया, जांच के बाद ट्रेन दिल्ली रवाना

■ NBT न्यूज, जींद

जुलाना रेलवे स्टेशन पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब बुधवार की सुबह श्रीगंगानगर-बठिंडा इंटरसिटी एक्सप्रेस के चार नंबर कोच से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। धुआं उठते ही ट्रेन में मौजूद यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गए।

हालात को जल्द ही नियंत्रण में ले लिया गया, आग नहीं फैली

रेलवे अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि ट्रेन जैजैवंती स्टेशन पर पहुंची, तभी कोच नंबर चार से धुआं निकलता नजर आया। यात्रियों ने इसकी जानकारी तुरंत रेलवे स्टाफ को दी। जब ट्रेन 12 बजे जुलाना के रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो वहां पर मौजूद कर्मचारी अग्निशामन यंत्र लेकर रेल की ओर दौड़े। कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद धुएं पर काबू पाया। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों ने तत्काल कोच को खाली करवाया गया, ताकि किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सके। रेलवे कर्मचारियों ने मौके पर उपलब्ध अग्निशमन यंत्रों की मदद से धुएं पर काबू पाने का प्रयास किया। कुछ ही समय में स्थिति को नियंत्रण में ले लिया गया। आशंका जताई जा रही है कि तकनीकी खराबी या ब्रेक सिस्टम में गर्मी बढ़ने के कारण धुआं उठा होगा।

श्रीगंगानगर-बठिंडा इंटरसिटी एक्सप्रेस के चार नंबर कोच से धुआं उठा

ड्राइवर की भर्तियों के लिए तय होंगे नए नियम

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : हरियाणा सरकार ने बुधवार को सभी विभागों के प्रशासनिक सचिवों से ग्रुप-सी के अंतर्गत होने वाली ड्राइवरों की भर्ती के लिए समान सेवा नियम बनाने के लिए सुझाव मांगे हैं। सरकार की तरफ से सभी सचिवों को दस दिन का समय दिया गया है।

मुख्य सचिव कार्यालय की तरफ से बुधवार को जारी पत्र के अनुसार प्रस्तावित नियम हरियाणा ग्रुप-सी ड्राइवर (भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियम, 2025 के नाम से जाने जाएंगे और ये आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से लागू होंगे। प्रारूप नियमों के अनुसार ड्राइवर पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 42 वर्ष निर्धारित की गई है।

रोहतक के एएसआई की पत्नी को सरकारी नौकरी

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने आईपीएस वाई पूरन कुमार की आत्महत्या के बाद खुदकुशी करने वाले रोहतक के एएसआई संदीप लाठर की पत्नी को नौकरी प्रदान कर दी है। इस संबंध में मंगलवार की रात आदेश जारी किए गए हैं। संदीप लाठर की पत्नी को सरकार की तरफ से पीजीटी मैथ्स के पद पर नियुक्त किया गया है। संतोष कुमारी को रोहतक में एमडीयू के कैंपस स्कूल में ग्रुप बी की नौकरी मिली है।

रोहतक में एमडीयू के कैंपस स्कूल में पीजीटी मैथ्स के पद पर नियुक्त किया

एएसआई संदीप लाठर ने 14 अक्टूबर को अपने मामा के खेतों में अपनी सर्विस रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या की थी। उससे पहले उन्होंने एक विडियो भी रिकॉर्ड किया था और चार पेज का एक सुसाइड नोट भी लिखा था, जिसमें संदीप ने आईपीएस वाई पूरन कुमार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए थे। एएसआई संदीप लाठर की आत्महत्या के बाद पिछले साल 16 अक्टूबर को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने उनकी पत्नी को नौकरी प्रदान करने का ऐलान किया था।

संतोष कुमारी

राहुल पहुंचे कुरुक्षेत्र, नेताओं को दिया गुरु मंत्र

जिला अध्यक्षों को कांग्रेस की विचारधारा और रणनीति के बारे में बताया

■ NBT न्यूज,कुरुक्षेत्र

राहुल गांधी बुधवार को कुरुक्षेत्र में आयोजित कांग्रेस जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करने पहुंचे। भूपेंद्र सिंह हुड्डा, राव नरेंद्र और बी.के. हरिप्रसाद राहुल गांधी के साथ एक ही गाड़ी में अंबाला से कुरुक्षेत्र आए। इससे पहले इन तीनों नेताओं ने दीपेंद्र हुड्डा समेत सभी सांसदों और वरिष्ठ नेताओं के साथ मिलकर राहुल गांधी का अंबाला एयरपोर्ट पर स्वागत किया। कुरुक्षेत्र से वापसी में भी राहुल गांधी ने अपनी गाड़ी में केवल भूपेंद्र सिंह हुड्डा और राव नरेंद्र को बिठाया।

राहुल गांधी ने सभी जिला अध्यक्षों को कांग्रेस के इतिहास, विचारधारा और आगामी रणनीति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने आह्वान किया कि कि नेता प्रतिपक्ष, प्रदेश अध्यक्ष और प्रभारी से उचित दिशा-निर्देश लेते हुए उन्हें पार्टी को बाद जिला अध्यक्षों के परिवारों से भी एक एक करके मिले। इस दौरान राहुल गांधी ने नेता प्रतिपक्ष, प्रदेश अध्यक्ष व बी.के. हरिप्रसाद के साथ अलग से भी बातचीत की और प्रदेश की राजनीतिक गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। साथ ही, उन्होंने प्रदेश नेतृत्व को निर्देश दिया कि साथ भागीदारी नहीं निभा रहे हैं। साथ ये लोग पार्टी पदाधिकारियों के प्रति सौतेला व्यवहार करते हैं।

जिला अध्यक्षों ने भी राहुल गांधी से बातचीत में ऐसे नेताओं के बारे में फीडबैक दिया। उन्होंने बताया कि कुछ नेताओं की बयानबाजी अक्सर कांग्रेस को नुकसान प

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने राहुल गांधी का अंबाला एयरपोर्ट पर स्वागत किया

13 से 22 जनवरी तक चलेगा कैंप

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने बताया कि हरियाणा और उत्तराखंड के जिला अध्यक्षों के लिए कुरुक्षेत्र एक केंद्रीय स्थान है, इसलिए हमने ट्रेनिंग के लिए इसे चुना। 13 जनवरी को शुरू हुआ यह कैंप 22 जनवरी तक चलेगा, जिसमे पार्टी के वरिष्ठ नेता नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को ट्रेनिंग दे रहे हैं। इसमें हरियाणा के 32 और उत्तराखंड के 27 कांग्रेस जिला अध्यक्ष, उनके साथ-साथ राज्यों के प्रभारी, सह प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष और कांग्रेस विधायक दल के नेता भी शामिल हो रहे हैं।

लॉरेंस गैंग के गुर्गे के घर छापा

■ NBT न्यूज, जींद

जिले के गांव ऐंचरा कलां में पंजाब पुलिस ने बुधवार को दबिश दी और अमेरिका में रहे लॉरेंस बिश्नोई के गुर्गे रणदीप के आवास पर छापेमारी की। 19 जनवरी को रणदीप के खिलाफ अमीरखास जिला फाजिल्का में धमकी का मामला दर्ज हुआ था। उसी सिलसिले में पंजाब पुलिस रणदीप के पिता जगबीर तथा उसकी बहन से पूछताछ के लिए गांव पहुंची थी। पंजाब पुलिस ने लगभग चार घंटे तक उसके आवास पर डेरा डाले रखा। आसपास के लोगों से बातचीत की।

हालांकि रणदीप पर गुरुग्राम में बम विस्फोट की साजिश में शामिल होने समेत जींद, कैथल, हिसार कुरुक्षेत्र में भी अपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी अमेरिका से ही लॉरेंस गैंग को ऑपरेट करता है। काफी लंबे समय से वह गांव नहीं लौटा है। रणदीप पर पंजाब में धमकी देकर फिरौती मांगने का मामला दर्ज है। सदर थाना सफीदों प्रभारी राजेश कुमार ने बुधवार को बताया कि पंजाब पुलिस के डीएसपी के नेतृत्व में टीम गांव ऐंचरा कलां में पहुंची थी। यहां अमेरिका में रह रहे लॉरेंस गैंग के रणदीप के परिजनों से पूछताछ की जानी थी लेकिन काफी समय तक उसके परिजन नहीं मिले।

रणदीप के घर पर छापा मारा

तेज़ आवाज में गाने बजाने से रोकने पर हमला, 17 पर केस

■ NBT न्यूज, जींद : गांव अलेवा में घर के सामने गाने तेज आवाज में बजाने को लेकर हुए झगड़े में मंगलवार की रात एक पक्ष के छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायल पक्ष की शिकायत पर 17 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



हिसार में कारोबारी पर हमला, तीन गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, हिसार

हिसार शहर के पटेल नगर क्षेत्र में बुधवार को 5-6 अज्ञात युवकों ने व्यापारी और उसके सहयोगी पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। हमले में व्यापारी सुनील भटेजा घायल हो गए। घटना के बाद दुकानदारों ने विरोध स्वरूप पूरी पटेल नगर मार्केट बंद कर दी।

पटेल नगर मार्केट के प्रधान वासुदेव शर्मा ने बुधवार को बताया कि व्यापारी के सिर और पैर में चोटें आई हैं। उनके यहां सामान उतारने आए कैंटर चालक पर भी हमला किया गया। घटना के बाद व्यापारी और दुकानदार पीएलए पुलिस चौकी पहुंचे, जहां व्यापारियों और रेहड़ी संचालकों के बीच कहासुनी भी हुई। चौकी प्रभारी ने दोनों पक्षों को शांत कराया।


घटना के विरोध में दुकानें बंद रहीं

विज्ञापन संख्या. 12/2026
भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल)
में
निदेशक
(इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास)
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि
10 फरवरी, 2026 (15.00 बजे तक) है।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि
19 फरवरी, 2026 (17.00 बजे तक) है।
जानकारी के लिए वेबसाइट https://pesb.gov.in में लॉग इन करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 22-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP6 User: cci Time: 01-21-2026 21:55 Color:

फटाफट खबरें

आज कांग्रेस का मनरेगा संवाद

■NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली के जवाहर भवन में गुरुवार को कांग्रेस की ओर से मनरेगा को लेकर एक बड़ा संवाद कार्यक्रम किया जाएगा, जिसमें देश के कोने-कोने से मनरेगा से जुड़े कार्यकर्ता, मजदूर और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में मनरेगा को लेकर आगे की रणनीति पर चर्चा होगी। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये प्रोग्राम की जानकारी दी।

नृत्य गोपाल दास की तबीयत बिगड़ी

■भाषा, अयोध्या: राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत बुधवार को बिगड़ गई,



जिसके बाद उन्हें लखनऊ के एक निजी अस्पताल के लिए रेफर किया गया। उनके सहयोगियों ने यह जानकारी दी। दास के डॉक्टर डॉ. एस के पाठक ने बताया कि ट्रस्ट के अध्यक्ष ने पिछले 36 घंटों से कुछ भी नहीं खाया है और उन्हें लगातार उल्टी और दस्त हो रहे हैं।

चुनाव आयोग की SIR प्रक्रिया पर कोर्ट ने उठाए सवाल

SIR पर SC ने कहा, कोई भी शक्ति बेलगाम नहीं हो सकती

■ पीटीआई, नई दिल्ली

File

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वोटर लिस्ट का रिविजन अगर सही तरीके से न हो, तो इससे लोगों के अधिकारों पर गंभीर असर पड़ सकता है। कोर्ट ने कहा कि क्या चुनाव आयोग निर्धारित नियमों से हटकर प्रक्रिया अपना सकता है। कोई भी संवैधानिक संस्था की शक्ति बेलगाम नहीं हो सकती और वह न्यायिक समीक्षा से परे नहीं है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह टिप्पणी चुनाव आयोग द्वारा कई राज्यों में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (SIR) को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई के दौरान की।

शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट से बाहर हो जाता है, तो वह वोट देने के अधिकार से वंचित हो सकता है। सीजेआई ने सवाल उठाया कि जब नागरिक अधिकार प्रभावित हो रहे हैं, तो फिर प्रक्रिया कानून के मुताबिक ही क्यों न अपनाई जाए। जस्टिस बागची ने दस्तावेजों के मुद्दे पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, सामान्य तौर पर फॉर्म-6 में 7 दस्तावेज मांगे जाते हैं, जबकि SIR में 11 दस्तावेज मांगे जा रहे हैं। क्या आयोग ऐसा बदलाव कर सकता है? आयोग की ओर से वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने दलील दी कि कानून में आयोग को कुछ राहत दी गई है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि मनमानी नहीं हो सकती। प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी रखना होगा। आगे की सुनवाई गुरुवार को होगी।

प. बंगाल में बढ़ सकती है SIR की डेडलाइन: अधिकारी

पश्चिम बंगाल में चल रही SIR प्रक्रिया की समयसीमा बढ़ाई जा सकती है। चुनाव आयोग के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि अंतिम वोटर लिस्ट प्रकाशन की तारीख 14 फरवरी से आगे बढ़ सकती है। अधिकारी के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को समयसीमा के भीतर लागू करना चुनौतीपूर्ण है, इसलिए अतिरिक्त समय लग सकता है।

बुजुर्ग की मौत, आयोग पर FIR

भाषा, कोलकाता: पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में चुनाव आयोग के खिलाफ FIR दर्ज की गई है, जिसमें 82 साल के एक शख्स की मौत का जिक्र है। बताया गया कि बुजुर्ग ने राज्य में चल रहे SIR को लेकर चिंता के कारण कथित तौर पर अपनी जान ले ली। एक अधिकारी ने बताया, मामले में आयोग के अधिकारियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और आपराधिक साजिश के आरोप लगाए गए हैं।

कर्नाटक के गवर्नर का विधानमंडल में भाषण से इनकार

■भाषा, बेंगलुरु: कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने 22 जनवरी से शुरू हो रहे राज्य विधानमंडल के संयुक्त सत्र को संबोधित करने से इनकार कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, राज्यपाल के फैसले के बाद राज्य सरकार ने उनसे मुलाकात करने का निर्णय लिया है। इनकार की वजह अभी साफ तौर पर सामने नहीं आई है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि अभिभाषण में केंद्र सरकार से जुड़े कुछ संदर्भ होने की वजह से गहलोत ने भाषण न देने का फैसला लिया। सूत्रों के मुताबिक, राज्य के विधि व संसदीय कार्य मंत्री एच. के. पाटिल के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिलने जाएगा।

गैर-बीजेपी शासित राज्यों में विवाद: यह विवाद ऐसे समय सामने आया है, जब गैर-बीजेपी शासित राज्यों में राज्यपालों और सरकारों के बीच टकराव की खबरें आ रही हैं। एक दिन पहले तमिलनाडु के राज्यपाल आर. एन. रवि ने विधानसभा के पहले दिन परंपरागत अभिभाषण नहीं दिया और भाषण के पाठ में गलतियां होने का हवाला देते हुए सदन से बाहर चले गए थे।

मद्रास HC ने BJP नेता पर दर्ज FIR रद्द की

■ भाषा, मदुरै

File

मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै बेंच ने बुधवार को बीजेपी नेता अमित मालवीय के खिलाफ दर्ज FIR को रद्द कर दिया। मालवीय पर 'सनातन धर्म' को लेकर तमिलनाडु के डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणियों को तोड़-मरोड़कर पेश करने का आरोप है।

जस्टिस एस. श्रीमती ने कहा कि उदयनिधि की टिप्पणियां नफरत फैलाने वाले भाषण के समान थीं और इस पर सवाल उठाना एक प्रतिक्रिया थी। उन्होंने कहा, 'कोर्ट दुख के साथ इस स्थिति को दर्ज करता है कि नफरत फैलाने वाले भाषण देने की शुरुआत करने वाले व्यक्ति को बिना किसी सजा के छोड़ दिया जाता है, लेकिन नफरत फैलाने वाले भाषण पर प्रतिक्रिया देने वाले व्यक्ति को कानून का सामना करना पड़ता है।'

उदयनिधि को पद से हटाया जाए: BJP

BJP ने मद्रास हाई कोर्ट के फैसले के बाद द्रविड़ मुनेत्र कषगम (DMK) पर निशाना साधा और मांग की कि उदयनिधि को उनके डिप्टी सीएम के पद से हटाया जाए और उनके खिलाफ मामला दर्ज किया जाए। बीजेपी ने आरोप लगाया कि डीएमके सरकार ने मालवीय के खिलाफ FIR की ताकि सच बोलने पर उन्हें दबाया जा सके।

तमिलनाडु: NDA में लौटे दिनाकरन

■ भाषा, चेन्नै: एनडीए से अलग होने के कुछ महीनों बाद टी.टी.वी. दिनाकरन के नेतृत्व वाली अम्मा मक्कल मुनेत्र कषगम (AAMK) बुधवार को गठबंधन में लौट आई। तमिलनाडु में इस गठबंधन का नेतृत्व ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (AIADMK) करती है। एएमएमके के संस्थापक-नेता दिनाकरन ने बीजेपी के नेता पीयूष गोयल से मुलाकात की और उन्हें एनडीए में औपचारिक रूप से फिर शामिल किया गया। AIADMK प्रमुख ई. के. पलानीस्वामी ने दिनाकरन का स्वागत किया।

महाराष्ट्र में MNS और शिंदे गुट ने मिलाया हाथ

■ पीटीआई, ठाणे: महाराष्ट्र के ठाणे में कल्याण-डोंबिवली नगर निगम में राजनीति का नया समीकरण सामने आया है। राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को समर्थन देने की पेशकश की है। शिवसेना ने यह चुनाव बीजेपी के साथ महायुति गठबंधन के तहत लड़ा था। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे ने बताया कि एमएनएस के पांच पार्षदों ने अलग गुट बनाकर शिवसेना को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि यह समर्थन केवल शिवसेना और एमएनएस के बीच है, किसी अन्य पार्टी के साथ नहीं। उन्होंने कहा, जो भी पार्टी शिवसेना का समर्थन करती है, उसका स्वागत है। कहा, एमएनएस ने स्थिरता और विकास के लिए पार्टी का समर्थन किया है। एमएनएस के इस फैसले को उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) के लिए झटका माना जा रहा है। 122 सदस्यीयकल्याण डोंबिवली नगर निगम (KDMC) में शिवसेना (शिंदे गुट) के 53 और बीजेपी के 50 पार्षद हैं।

ठाणे के कल्याण-डोंबिवली नगर निगम में नया राजनीतिक समीकरण

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

अन्य रिक्तियां

चालक

कब्बारी दिन के Rs. 1000 तक (पार्ट टाइम / फुल टाइम) भारत टैक्सी बाइक चलाएं। जॉइन करने के लिए भारत टैक्सी ड्राइवर ऐप डाउनलोड करें या कॉल करें - 011-64801000

सुरक्षा

चाहिए सिक्योरिटी गार्ड वेतन 13000 व हाउसकीपिंग 4 छुट्टी के साथ वेतन 13000 के लड़के जनकपुरी व विकास पुरी साइट के लिए # 8000655055.

पंजाबी बाग प्रताप नगर दरियागंज पूसा रोड सुभाष नगर सुरक्षा गार्ड, 10वी पास अच्छा वेतन WZ-15 संतनगर Extn. तिलक नगर 98116-90333, 9811086304 9212086304

सेवाएं

रेस्तरां

चाहिए अनुभवी चाइनीज कुक, तंदूरिया कुक वेतन 23,000/- हिलवैटी स्टाफ 15,000/ रहना,खाना फ्री संपर्क करें SVH Food,कलाउड 9 वैशाली,गाजियाबाद #8285040700

खरीदारी

बिक्री

MEDICAL 1- SEIMENS 500 MA BARELY USED X RAY MACHINE WITH MOTORISED SPOT FILM DEVICE 2- GE USG WITH CD LOGIC e5 Contact Mohan x rays. Moradabad up Ph 9412242908

प्रॉपर्टी

किराये के लिए

लखनऊ

LUCKNOW to Sultanpur Highway Nr. Lulu Mall, 3100 sqft LGF+3 Story building on rent. Use for showroom/ office/MNC, etc # 9415008136

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
मंडल कार्यालय, दक्षिणी दिल्ली, चतुर्थ तल, 7 भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066
ई-मेल: cosdelgad@pnb.bank.in

परिसर की आवश्यकता से संबन्धित शुद्धिपत्र

यह आम जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.01.2026 को टाइम्स ऑफ इण्डिया एवं नवभारत टाइम्स में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर (WTC) नौरोजी नगर, नई दिल्ली -110029 में भूतल पर 1600-2000 वर्गफुट कॉर्पेट एरिया के परिसर को किराये पर लेने हेतु एक सार्वजनिक सूचना प्रकाशित की गई थी। यह शुद्धिपत्र उक्त सूचना के संदर्भ में जारी किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत पूर्व प्रकाशित 1600-2000 वर्गफुट कार्पेट एरिया के स्थान पर अब इसे संशोधित कर 800-1000 वर्गफुट कार्पेट एरिया (भूतल पर) पढ़ा जाए। अन्य सभी नियम एवं शर्तें पूर्व सूचना के अनुसार यथावत रहेंगी।
दिनांक:22.01.2026 मण्डल प्रमुख

PUBLIC NOTICE

Be it known to all concerned that my client is proposing to enter into an Agreement to Purchase the Shop No. 54 situated at Meher Chand Market, Lodhi Colony, New Delhi-110003, built on freehold plot admeasuring 38.69 sq. mts. and comprising of Basement, Ground Floor, First Floor, Second Floor, Third Floor and Terrace (hereinafter referred to as the "said property") from:
1. Sh. Amarpreet Singh, S/o Late Sh. Gurbux Singh
2. Sh. Sumanjeet Singh, S/o Late Sh. Gurbux Singh
3. Smt. Satvinder Kaur, W/o Sh. Amarpreet Singh
4. Smt. Dargreet Kaur, W/o Sh. Sumanjeet Singh
(hereinafter collectively referred to as the "Owners").
who have represented themselves to be the absolute and lawful owners of said property.
The Owners have further represented that the said property is free from all encumbrances, charges, liens, mortgages, litigation, attachments, acquisition proceedings, claims, demands, notices, court orders, or third-party interests of any nature whatsoever.
Notice is hereby given that any person(s), body corporate(s), institution(s), government or statutory authority(ies), bank(s), financial institution(s), or any other entity(ies) claiming any right, title, interest, share, possession, charge, lien, easement, inheritance, succession, tenancy, leasehold, license, trust, agreement, or claim of any nature whatsoever, whether present or contingent, in respect of the said property or any part thereof, is/are hereby called upon to submit their claims/objections in writing, along with supporting documentary evidence, to the undersigned within 15 (Fifteen) days from the date of publication of this notice, failing which, it shall be presumed that there exists no claim or encumbrance over the said property, and my client shall proceed to complete the transaction as a bona fide party, free from all encumbrances.
Sd/-
Mr. Suhail Malik (Advocate)
Anahata Legal Law Offices
Advocates & Solicitors
C-17, LGF, Friends Colony (East), New Delhi – 110065

निविदाएं (टेंडर्स)

E- AUCTION

E-Auction is going to be held on "AS IS WHERE IS", "WHATEVER IS THERE IS" for on Kg as well as lot basis disposal of damaged material Approx. 42.2 MT (Cable Aluminium and copper, Hot Metal Ladel steel, wire rope, hook steel) belonging to M/s SAIL lying at their plant located at Bokaro.
Damaged Material can be inspected from 22/01/2026 to 31/01/2026 E-Auction to be held on 02/02/2026.
For E-Auction forms, Contact Mr. Ashish Rajak at Mob: 09870570511, 8383826416 of Optimum Realiser E-Auctionner Pvt Ltd
Address: Faridabad- 121001. Last date for submission of E-auction form is 01/02/2026 before 06.00 PM.

E- AUCTION NOTICE- BURNT AFFECTED/ DAMAGED GI SHEETS, MS SCRAP, CABLES AND OTHER ITEMS ETC. WEIGHING AROUND 50,000 KGS.

E- Auction forms are invited strictly on "As Is Where Is" basis, on 'Kg basis' for disposal of BURNT / DAMAGED VARIOUS ITEMS MADE UP OF GI SHEETS, MS SCRAP, CABLES AND OTHER ITEMS ETC. belonging to M/s Jagadambey Industries, lying at Kapurthala, Punjab
Damaged Material can be inspected at M/s Jagadambey Industries, lying at Kapurthala, Punjab Between 22/01/2026 to 30/01/2026. E-Auction to be held on 31/01/2026.
For E-Auction forms, Contact Mr. Ashish Rajak at Mob: 09870570511, 8383826416 of Optimum Realiser E-Auctionner Pvt Ltd (Auctioneers)
Address: Faridabad- 121001. Last date for submission of E-auction form is 30/01/2026 before 06.00 PM.

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

निविदा सूचना

सभी सेवाएं और ट्रांजैक्शन कॉल के लिए 1600-सीरीज को अनिवार्य रूप से अपनाने के TRAI के निर्देश को लागू करने हेतु ई-बिड आमंत्रित किए जाते हैं। निविदा 03.02.2026 को सुबह 11.00 बजे तक निम्नलिखित वेबसाइट पर ऑनलाइन भेजी जा सकती हैं: https://www.tenderwizard.com/LIC
आवेदन पत्र www.licindia.in/tender से भी डाउनलोड किया जा सकता है।
पूछताछ के लिए, कृपया 022-66598412/66598411 पर संपर्क करें
प्रमुख (का.से.)

व्यक्तिगत

खोया एवं पाया

IT is informed that original conveyance deed dated 05 May 2024 in favour of Naresh Kumar Mathur and Anita Mathur C-449 (1st Floor) Sheikh Sarai (I) New Delhi 110017 registered on 05 May 2014 as conveyance deed No 6009 for the year 2014-15 in Book No I Volume No 5167 on pages 148 to 149 at the Office of the Sub-Registrar VII, New Delhi has been lost/misplaced. FIR has been lodged vide LR No. 47221/2026 dated 21.01.2026 If found please Cont: 9266623766

सामान्य

I, Isha Tomar, D/o Dharmender, R/o 1/4797, St.no 10, Balbir Nagar, Shahdara, Delhi-32 affirm that in my 10th marksheet my name is mentioned as Isha Tomar, my father's name Dharmendra Singh, Mother Sangeeta Tomar. That my correct name is Isha Tomar, Father name is Dharmender, Mother name is Sangeeta and my DOB is 22.06.2007 for all purposes.

नाम परिवर्तन

I KANCHAN THUSSU W/o Sh. Rakesh Thussu R/o H1001 Civitech Sampriti Sector 77 Noida 201301 have changed my name from KANCHAN THUSSU to KANCHAN KAUL THUSSU. Henceforth I would be known by the name of KANCHAN KAUL THUSSU for all purposes

I Rajenda Mani Tiwari s/o Ram Abhilash Tiwari R/o-601, GF, Baghan Aptt, Block-GH, Pkt-2 Sector-28, Rohini, Delhi-42 have changed my name to Rajendra Mani Tiwari for all purposes.

I Ajeet Singh Jayant S/o Nanak Chand r/o Flat No.303, Type-D, Block-6,Kendriya Vihar,Pocket P-4, Plot-7, Sector-Phi-2,Greater Noida, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh-201310 have changed my name to Ajeet Singh for all purposes.

I Gayatri Devi W/o Shiv Baran R/o-130/356,Bagahi Bhatta,T.P. Nagar, Kanpur, Uttar Pradesh-208023 have changed my name to Gayatri for all purposes.

I, GHANSHYAM YADAV,S/0 HARDAYAL YADAV R/o 423 SECTOR4,GURGAON have changed my minor daughter's name from NAVYA to NAVYA YADAV for all future purposes

I Kamal Prakash W/o Sh. Om Prakash R/o 97-C,LIG DDA flats, Gulabi Bagh, Malka Ganj, Delhi-110007 have changed my name from Kamal to Kamal Prakash for all purposes.

I, Shiv Baran Maurya S/o Girdhari R/o-130/356, Bagahi Bhatta,T.P.nagar,Kanpur,Uttar Pradesh-208023 have changed my name to Shiv Baran.

I, Saleeshaa Sethi, D/o Mr. Vinit Suresh Sethi, R/o New Delhi, hereby declare that the names 'Saleeshaa' and 'Saleeshaa Sethi' refer to one and the same person, i.e., myself. The variation has occurred due to a clerical error. There has been no change of name.

MISSION / ADMISSION

DELHI PUBLIC SCHOOL
MATHURA ROAD, NEW DELHI-110003
website: www.dpsmathuraroad.org
Admission Notice (2026-27)
Class V & Class XI
Applications are invited from meritorious students for admission in Class XI. Please visit the website www.dpsmathuraroad.org for the Registration Form.
Students are prepared for Competitive Exams for Engineering, Medical, CLAT, IPMAT, SAT, MVPP, CUET and overseas universities etc. by expert teachers.
In view of increase in one section in Class V, seats are available for Classes V. Please mail your request for Classes V at admission26@dpsmathuraroad.org
PRINCIPAL

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL · PROPERTY · BUSINESS · RECRUITMENT, EDUCATION · CHANGE OF NAME, LOST & FOUND · SHOPPING · TENDER, PUBLIC NOTICE · SERVICES, VEHICLES, TRAVEL · BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

Area / Zone	Contact Person	Mobile No.
Central Delhi1 + North Delhi	Amit Ghosh	98117 90649
Central Delhi2 + Ghaziabad	Sunil Srivastava	99994 99496
South Delhi + Faridabad	Raghav Arora	99999 95480
West Delhi + Dwarka + Gurgaon	Aman Pasricha	93126 33518
East Delhi + Noida	Sumit Negi	98992 68321

BOOK YOUR EDUCATION ADS
PLEASE CONTACT AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

GALLERIA TIMES interact

NOW 50%+20%* Off on every item
Mohini Knitwears
India's Biggest Woollen Knitwears House
Mill's Own Winter Showroom at:
AGA KHAN HALL
6-Bhagwan Dass Road, Near Mandi House
LAJPAT NAGAR
B-121 Back Side of Arya Samaj Mandir Amar Colony, Adjoining ICICI bank, Near Chota Gurudwara
SHALIMAR BAGH
A-9/2, Wazirpur Ind'l Area, Near Nexa Car Showroom, Opp. Shalimar Bagh. formerly Relax Banquet Hall
7696777775, 8360011456, 9781497286 (Open All 7 days)
Shop at www.mohiniknitwears.com
*conditions apply

From Sunday, 18th to Sunday, 25th Jan 2026
Daily 10 AM to 7:30 PM
At, AGA KHAN HALL, 6, Bhagwan Dass Road, Mandi House, New Delhi, 110001

jobs

होम कुक / शेफ के लिए नौकरी
Vacancy For Home Cook / Chef
इंडियन वेज खाना बनाना आना चाहिये
घर में काम करने का अनुभव होना चाहिये
रहना, खाना और कागज-पत्र कंपनी देगी
वेतन हुनर और अनुभव के हिसाब से
केवल पुरुष भर्ती (उम्र 20 से 35 वर्ष)
यह नौकरी डायरेक्ट है, कोई भी एजेंसी या कमीशन नहीं है
+91-9560854998

HEALTH & WELLNESS

SEX PROBLEM
बचपन की गलतियों के कारण आयी सभी सेक्स समस्याओं के समाधान के लिए हमारी सलाह द्वारा दवा का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें
सिर्फ ₹955 महीना
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
• मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

शादी से पहले ही सलाह लें गुप्त रोगों के लिए! मिलें
चेतन आयुर्वेदा
बदरपुर दरियागंज भजनपुरा छतरपुर
9817469817

विवाहित जीवन में पायें नई खुशियाँ नया जोश नई उमंग
SEX समस्या
आयुर्वेदिक सलाह लें
आकाश दवाखाना
आजादपुर दिल्ली
9953396533
8860003863

TO BOOK YOUR SOULMATE ADS PLEASE CALL AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

TIMES interact SPECIAL

TRUST CAPITAL
LOAN STARTS FROM 1CRORE & ABOVE AT LUCRATIVE RATE OF INTEREST
SECURED LOAN
UNSECURED LOAN (ALL SECTORS)
PROJECT FUNDING
CHEQUE BASIS LOAN
LOAN RESTRUCTURE (Cibil not required)
DSA Agencies & Finance Consultant Welcome
98949 35391 / 82705 01932
trustcapital02@gmail.com
www.trustcapitalfinanceindia.com
#11, Vaigai Colony, Ashok Nagar, Ch-83

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 22-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP7 User: cci Time: 01-21-2026 21:55 Color:

फटाफट खबरें

नेपाल में चार मंत्रियों के इस्तीफे

■ भाषा, काठमांडू : नेपाल में कार्यवाहक प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के नेतृत्व वाली सरकार के चार मंत्रियों ने अपने-अपने पदों से इस्तीफा देकर पांच मार्च को होने वाले आम चुनाव लड़ने के लिए नामांकन दाखिल किया है। विज्ञान एवं शिक्षा मंत्री महावीर पुन ने मंगलवार को पद छोड़ने के बाद म्याग्दी जिले से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में संसदीय चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया।

डिब्बे से उठा धुआं, 45 मिनट रुकी ट्रेन

■ भाषा, कौशांबी (उत्तर प्रदेश) : मूरी एक्सप्रेस के एक कोच में बुधवार सुबह धुआं निकलने के बाद यात्रियों में दहशत फैल गई। दिल्ली-हावड़ा रेल खंड पर स्थित सुजातपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को 45 मिनट रोकना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि प्रयागराज से कानपुर की ओर जा रही मूरी एक्सप्रेस में डिब्बे के ब्रेक शू से अचानक धुआं उठने से लोको पायलट ने ट्रेन रोक दी।

अवैध हथियारों का मॉड्यूल पकड़ा

■ पीटीआई, चंडीगढ़ : पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान स्थित तस्करों से जुड़े एक सीमा पार अवैध हथियारों के मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने छह अत्याधुनिक पिस्टल और दो कारतूस भी बरामद किए हैं। बुधवार को पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि आरोपी अवैध हथियारों की तस्करी और विदेशी हैंडलर के निर्देश पर गैंगस्टरों को हथियार सप्लाई कर रहे थे। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान तरनतारन के रट्टोके गांव के रहने वाले गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी (22) और तरनतारन की चेला कॉलोनी के रहने वाले सुरजीत सिंह (35) के रूप में हुई है।

प्रयागराज : पैराशूट के सहारे कूदे दोनों पायलट सेफ

तालाब में गिरा ट्रेनी विमान



दोपहर 12.15 बजे हादसा

प्रयागराज क्षेत्र के डिफेंस पीआरओ और प्रवक्ता विंग कमांडर देबार्थ धर ने बताया कि तकनीकी खराबी के चलते एयरक्राफ्ट की दोपहर 12.15 बजे आपात लैंडिंग करानी पड़ी।

क्या रहा कारण?

विमान बमरौली एयरबेस से सामान्य सॉर्टी व फाफामऊ के लिए उड़ा था। लौटते वक्त इंजन में तकनीकी खराबी आई। पायलटों ने फोर्स लैंडिंग का निर्णय लिया।

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज : एयरफोर्स का माइक्रोलाइट ट्रेनी विमान बुधवार को हादसे का शिकार हो गया। इंजन में खराबी के बाद वह तालाब में जा गिरा। पैराशूट के सहारे छलांग लगाने वाले पायलटों को लोगों ने तालाब से निकालकर पुलिस की मदद से अस्पताल भेजा। हादसा जार्ज टाउन एरिया के केपी कॉलेज के पास हुआ।

हेलिकॉप्टर लेकर पहुंचा बचाव दल

जानकारी मिलने के कुछ देर बाद ही पुलिस, एसडीआरएफ और वायुसेना की टीमें मौके पर पहुंचीं। एयरफोर्स का दल हेलिकॉप्टर से आया। ट्रेनी विमान के ऊपर चारों तरफ चक्कर लगाने के बाद तालाब के बगल में ही हेलिकॉप्टर उतरा।

धमाका सुन सहमे लोग, घरों से निकल आए

विमान रिहाइशी इलाके से दूर केपी कॉलेज के पीछे की ओर मोड़ा। इसके बाद वह तालाब में गिरा। लोगों ने धमाका सुना तो सहमकर घरों से निकल आए। जलकुंभी होने के कारण विमान डूबा नहीं।

असम : कोकराझार में सेना की तैनाती

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : असम के कोकराझार में हिंसा के बाद सेना तैनात कर दी गई है। सेना ने एक बयान में कहा कि सिविल प्रशासन की मदद के लिए सेना के 4 कॉलम तैनात किए गए हैं। एक कॉलम में करीब 40-45 सैनिक होते हैं। कोकराझार हिंसा में दो लोगों की मौत के बाद आगजनी की भी घटनाएं हुईं। सेना ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर मंगलवार रात प्रभावित इलाकों में गश्त भी की। स्थानीय प्रशासन के मुताबिक, सोमवार रात बोडो समुदाय के तीन लोगों को ले जा रहे एक वाहन से दो आदिवासियों को टक्कर लग गई थी। इसके बाद आदिवासी ग्रामीणों और बोडो समुदाय के लोगों के बीच मारपीट हुई और फिर तनाव बढ़ गया।

एक महीने में 167 दवाओं के सैंपल फेल, 7 नकली

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सेंट्रल ड्रग स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन ने दिसंबर 2025 में दवाओं की गुणवत्ता की जांच रिपोर्ट पेश की है। नियमित निगरानी के तहत की गई जांच में 167 दवाओं के सैंपल घटिया क्वॉलिटी के मिले। इनमें केंद्रीय ड्रग लैबोरेटरी की जांच में 74 सैंपल और राज्य की ड्रग टेस्टिंग लैबोरेटरी में 93 सैंपल फेल हो गए।

केंद्रीय और राज्य ड्रग लैब की जांच में कई दवाएं तय मानकों पर खरी नहीं उतरीं

अधिकारियों के मुताबिक, किसी दवा को नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वॉलिटी तब घोषित किया जाता है, जब वह गुणवत्ता से जुड़े एक या अधिक पैमानों पर असफल पाई जाती है। हालांकि, यह भी स्पष्ट किया है कि यह कमी सिर्फ उसी बैच तक सीमित होती है, जिसकी जांच की गई है। इससे बाजार में मौजूद दूसरी दवाओं पर सवाल खड़े नहीं होते। दिसंबर में 7 नकली दवाओं की भी पहचान की गई है। इनमें 4 सैंपल गाजियाबाद, एक अहमदाबाद, एक और एक महाराष्ट्र से सामने आए हैं। जांच में पता चला है कि ये दवाएं बिना अनुमति वाले निर्माताओं ने तैयार की थीं। दूसरी कंपनियों के ब्रैंड नाम का गलत इस्तेमाल किया गया। अधिकारियों का कहना है कि इन मामलों की जांच जारी है और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने वकील के ज़रिये भेजा जवाब, कहा-

'24 घंटे में नोटिस वापस लें'

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज

ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने प्रयागराज मेला प्राधिकरण के नोटिस का जवाब भेज दिया है। उनके वकील अंजनी कुमार मिश्रा की ओर से भेजे गए जवाब में कहा गया है कि अगर मेला प्रशासन से जुड़ा 19 जनवरी का नोटिस 24 घंटे के भीतर वापस नहीं लिया गया, तो सरकार और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ अदालत की अवमानना सहित अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह पत्र ऐसे विषय में दखल देता है, जो पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। इसे अदालत की गरिमा को चुनौती देने वाला कदम बताया गया है। साथ ही शंकराचार्य परंपरा और स्वामी जी की छवि को ठेस पहुंचाने के आरोप में भी कानूनी कदम उठाए जाएंगे। उधर, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ पर टिप्पणी करना गलत है। माघ मेले में शाही स्नान जैसी कोई बात नहीं होती है। भीड़ को देखते हुए अगर प्रशासन ने अविमुक्तेश्वरानंद को रोका तो उन्हें मानना चाहिए था। हालांकि, उन्होंने बटुकों की पिटाई और शिखा खींचने को गलत बताया। सीएम से जांच की मांग कर दोषियों को दंडित करने को कहा।

माला और भाला दोनों की भाषा जानता है संत समाज : सतुआ बाबा

जगद्गुरु संतोषदास उर्फ 'सतुआ बाबा' ने सोशल मीडिया पर तीखी टिप्पणी की है। उन्होंने शंकराचार्य को संबोधित करते हुए कहा, 'गुरुजी आप जानते हैं कि बचपन से मैं आपके साथ रहा हूं। लेकिन गोरक्षपीठ के संत के खिलाफ ऐसी टिप्पणी बर्दाश्त नहीं होगी।' उन्होंने चेताया कि हमारा संत समाज माला और भाला दोनों की भाषा जानता है।

ज्योतिष पीठ का काशी से सीधा जुड़ाव



महाकुंभ के दौरान एक साथ विराजमान हुए थे तीनों शंकराचार्य।

■ विकास पाठक, वाराणसी

आदि शंकराचार्य ने देश के चारों कोनों में चार मठों की स्थापना की थी। इनमें से एक काशी से सीधी जुड़ाव वाली ज्योतिष पीठ (ज्योतिर्मठ) के शंकराचार्य को लेकर दशकों से चला आ रहा विवाद फिर सतह पर है। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य होने का दावा करने वाले स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को माघ मेला प्राधिकरण की ओर से भेजे गए नोटिस ने उनके गुरु ब्रह्मलीन स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती को ज्योतिष पीठ का शंकराचार्य बनाने संबंधी विवाद को भी हवा दे दी है।

लुप्त ज्योतिष पीठ की खोज 1941 में स्वामी ज्ञानानंद ने की थी

2017 के इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश के मुताबिक, ज्योतिष पीठ पर स्वामी स्वरूपानंद की जगह दूसरे शंकराचार्य का चयन तीन माह में होना था, पर आनन-फानन में स्वामी स्वरूपानंद का ही अभिषेक कर दिया गया। हाई कोर्ट ने शंकराचार्य के रूप में स्वामी स्वरूपानंद और स्वामी वासुदेवानंद के दावे को खारिज कर दिया था। 1941 की डीड के अनुसार शंकराचार्य के चयन की जिम्मेदारी भारत धर्म मंडल, काशी विद्वत परिषद समेत तीनों पीठों के शंकराचार्यों को सौंपी थी। भारत धर्म मंडल व काशी विद्वत परिषद ने खाका तैयार कर शंकराचार्य चयन की प्रक्रिया शुरू ही की थी कि भारत धर्म महामंडल के एक गुट ने स्वामी स्वरूपानंद का नाम प्रस्तावित कर अभिषेक भी कर दिया था। विवाद के चलते निर्वाचक मंडल के समन्वयक भाल शास्त्री ने हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को पत्र भेजकर दखल देने की मांग की। हाई कोर्ट ने तो इस मामले में दखल नहीं दिया, लेकिन विवाद सुप्रीम कोर्ट पहुंचा गया और वर्तमान में वहीं लंबित है।

काशी की संस्था ने की थी ज्योतिष पीठ की खोज

लुप्त ज्योतिष पीठ की खोज 1941 में काशी की संस्था भारत धर्म महामंडल की स्थापना करने वाले स्वामी ज्ञानानंद ने की थी। उनके प्रयासों से काशी के टाउनहाल मैदान में हुए शास्त्रार्थ में विजयी स्वामी ब्रह्मानंद ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य बनने वाले पहले संत थे। 1953 में उनके देहावसान के बाद पांच संतों को आचार्य पद के लिए नामित किया गया। सभी अदालत के परीक्षण में अयोग्य हो गए थे। इसके बाद स्वामी कृष्णबोधाश्रम और फिर उनके निधन के बाद स्वामी स्वरूपानंद का नाम घोषित किया गया था।

अविमुक्तेश्वरानंद के नाम का ऐलान

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को उनके गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद के निधन के बाद शंकराचार्य बनाया गया था। स्वामी स्वरूपानंद की वसीयत के आधार पर निजी सचिव और शिष्य सुबोधानंद ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को ज्योतिष पीठ और स्वामी सदानंद को द्वारका पीठ की गद्दी सौंपी थी। यह घोषणा शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के पार्थिव शरीर के सामने की गई थी। इसके बाद भी शंकराचार्य पद को लेकर कानूनी लड़ाई जारी है।

'दूसरे देशों से संबंधों को कैसे संभालना है, कोर्ट नहीं बताएगा'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा को लेकर बांग्लादेश पर सभी क्रिकेट टूर्नामेंट पर बैन लगाने के निर्देश देने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई से दिल्ली हाई कोर्ट ने इनकार कर दिया। बुधवार को चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की डिवीजन बेंच ने लॉ स्टूडेंट को ऐसी फालतू याचिका दायर करने के लिए कड़ी फटकार लगाई। याचिका में बांग्लादेश की एंबेसी और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को प्रतिवादी बनाने पर सवाल उठाते हुए कोर्ट ने याचिकाकर्ता से सवाल किया कि क्या वह बांग्लादेश, इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) या श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को किसी देश को आने वाले T20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने से रोकने के लिए कोई आदेश जारी कर सकता है? कोर्ट ने कहा कि वह तो केंद्र सरकार को भी इस बारे में कोई निर्देश नहीं दे सकता कि भारत को दूसरे देश के साथ अपने संबंध कैसे संभालने हैं। कोर्ट ने याचिका खारिज कर देवयानी सिंह को चेतावनी दी कि वह इसके लिए उन पर भारी जुर्माना लगाएगा।

क्रिकेट टूर्नामेंट में बांग्लादेश को रोकने की मांग वाली याचिका खारिज कर लगाई फटकार

स्पेशल कोर्ट से होगी जल्द सुनवाई : SC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि अतिरिक्त ट्रायल अदालतों की स्थापना से न्यायिक प्रणाली मजबूत होगी। इससे जमानत या आपराधिक मामलों में शीघ्र सुनवाई जैसी राहत के लिए शीर्ष अदालत का रुख नहीं करना पड़ेगा। शीर्ष अदालत ने 6 जनवरी को केंद्र और दिल्ली सरकार से कहा था कि 2021 में एनआईए ने कथित रूप से आईएसआईएस से जुड़े एक शख्स की जो जांच की थी, उसकी रोज सुनवाई के लिए एक विशेष अदालत स्थापित करने पर विचार करें। बुधवार को चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने केंद्र की ओर से पेश अडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से राष्ट्रीय राजधानी में विशेष अदालत की स्थापना में हुई प्रगति के बारे में पूछा।

शराब घोटाले में बढ़ा अंतरिम संरक्षण

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को आंध्र प्रदेश में कथित शराब घोटाले में तीन आरोपियों को दिए गए अंतरिम संरक्षण को बढ़ा दिया। हालांकि, चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिसमें आरोपियों को दी गई डिफॉल्ट जमानत रद्द कर दी गई थी। शीर्ष अदालत ने आरोपियों को नियमित जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट का रुख करने का निर्देश दिया। 19 नवंबर को हाई कोर्ट ने डिफॉल्ट जमानत रद्द करते हुए आरोपियों को 26 नवंबर को ट्रायल कोर्ट के समक्ष आत्मसमर्पण करने और नियमित जमानत के लिए आवेदन करने का निर्देश दिया था।

भारतीय रिज़र्व बैंक
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, सेंट्रल विस्टा, सेक्टर-17, चंडीगढ़- 160017
https://www.rbi.org.in

ई-निविदा सूचना

भारतीय रिज़र्व बैंक, चंडीगढ़ के मुख्य कार्यालय में कंप्यूटर हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और सहायक उपकरणों के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी) /सुविधा प्रबंधन सेवा (एफएमएस) (ई-निविदा सं. भा.रि.बै./चंडीगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय/सम्पदा/20/25-26/ET/874

भारतीय रिज़र्व बैंक, चंडीगढ़ के मुख्य कार्यालय भवन में कंप्यूटर हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और सहायक उपकरणों के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी) /सुविधा प्रबंधन सेवा (एफएमएस) हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित करता है। उपर्युक्त कार्य की अनुमानित लागत ₹15,00,000/- (जी.एस.टी. सहित) मात्र है।

2. निविदा दस्तावेज़ 21 जनवरी 2026 को सायं 05:00 बजे से बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। ई-निविदा https://www.mstcecommerce.com/eprocn/ पर दिनांक 21 जनवरी 2026 को सायं 05:00 बजे से दिनांक 19 फरवरी 2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक भरी जा सकती है। निविदा का भाग-I दिनांक 20 फरवरी 2026 को अपराह्न 04:00 बजे MSTC वेबसाइट के माध्यम से खोला जाएगा।

3. निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_ViewTenders.aspx के तहत टेंडर लिंक देखें।

क्षेत्रीय निदेशक
भारतीय रिज़र्व बैंक, चंडीगढ़

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
अंसारी नगर, नई दिल्ली - 110 029
परीक्षा अनुभाग
प्रवेश सूचना संख्या 06/2026

एम्स-पीएच.डी. प्रोग्राम - जनवरी 2026 सत्र

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली पीएच.डी. प्रोग्राम जनवरी 2026 सत्र में प्रवेश के लिए ऑनलाइन (सीबीटी) मोड के माध्यम से प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। विवरण नीचे दिए गए हैं:

आवेदन की ऑनलाइन पंजीकरण के लिए तिथि

पाठ्यक्रम का नाम	खुलने की तिथि	बंद होने की तिथि
पीएच.डी. प्रोग्राम	12.01.2026	26.01.2026 को शाम 05:00 बजे

प्रवेश परीक्षा की तिथि

पाठ्यक्रम का नाम	परीक्षा की तिथि	परीक्षा की अवधि
पीएच.डी. प्रोग्राम	07.02.2026 (शनिवार)	सुबह 10:00 बजे से सुबह 11:30 बजे तक

महत्वपूर्ण: विवरणिका, विस्तृत जानकारी आदि के लिए कृपया वेबसाइट www.aiimsexams.ac.in पर जाएँ। सभी आवेदकों को नियमित रूप से वेबसाइट पर जाने की आवश्यकता है क्योंकि सभी बाद के शुद्धिपत्र/संशोधन/अपडेट केवल वेबसाइट पर ही अपलोड किए जाएंगे।

हस्ता./-
सहायक नियंत्रक (परीक्षा)

CBC 17112/12/0065/2526

अनंत राज लिमिटेड
ESTD. 1969
ANANT RAJ LIMITED
(CIN: L45400HR1985PLC021622)
पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नंबर: CP-1, सेक्टर-8, आईएमटी मानेसर, गुरुग्राम हरियाणा -122051, दूरभाष: (0124) 4265817
प्रधान कार्यालय: H-65, कनॉट सर्कस, नई दिल्ली-110001, दूरभाष: 011-43034400, 23324127, 23323880, 43582879
ईमेल: secretarial@anantrajlimited.com, वेबसाइट: www.anantrajlimited.com

31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए अनंतिम समेकित वित्तीय परिणामों का उद्धरण

(प्रति शेयर डेटा को छोड़कर, राशि करोड़ रुपये में)

क्रम सं.	विवरण	तिमाही समाप्त			नौ महीने समाप्त		वर्ष समाप्त
		31.12.2025 (अनंकेक्षित)	30.09.2025 (अनंकेक्षित)	31.12.2024 (अनंकेक्षित)	31.12.2025 (अनंकेक्षित)	31.12.2024 (अनंकेक्षित)	31.03.2025 (अंकेक्षित)
1.	परिचालन से कुल आय (शुद्ध)	660.38	640.89	543.97	1,903.67	1,549.38	2,100.28
2.	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर से पहले, असाधारण मदों और सहयोगियों एवं संयुक्त नियंत्रित संस्थाओं में लाभ/(हानि) के हिस्से के बाद)	171.78	164.43	131.75	486.59	349.60	490.53
3.	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर से पहले, असाधारण मदों और सहयोगियों एवं संयुक्त नियंत्रित संस्थाओं में लाभ/(हानि) के हिस्से के बाद)	171.78	164.43	131.75	486.59	349.60	490.53
4.	कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों और सहयोगियों एवं संयुक्त नियंत्रित संस्थाओं में लाभ/(हानि) के हिस्से के बाद)	144.23	138.18	110.37	408.31	307.03	425.82
5.	अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल]	144.23	138.18	108.05	408.31	303.19	421.07
6.	चुकता इक्विटी शेयर पूंजी (प्रत्येक 2/- रुपये अंकित मूल्य के)	71.98	68.65	68.38	71.98	68.38	68.65
7.	अन्य इक्विटी						4,092.14
8.	प्रति शेयर आय (प्रत्येक 2/- रुपये की)						
	(a) मूल ईपीएस (रु.) (गैर-वार्षिकीकृत)	4.14	4.02	3.23	11.73	8.98	12.43
	(b) मंदित (Diluted) ईपीएस (रु.) (गैर-वार्षिकीकृत)	4.14	4.02	3.23	11.73	8.98	12.43

टिप्पणियां:

1. ये अनंतिम समेकित वित्तीय परिणाम भारतीय लेखा मानकों (इंड एएस-34) 'अंतरिम वित्तीय रिपोर्टिंग' के मान्यता और मापन सिद्धांतों के अनुसार तैयार किए गए हैं, जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत अधिसूचित हैं, जिसे कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 के साथ समय-समय पर संशोधित किया गया है और सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के संदर्भ में है। उक्त अनंतिम समेकित वित्तीय परिणाम अनंत राज लिमिटेड ("कंपनी"), इसकी सहायक कंपनियों (सामूहिक रूप से 'समूह' के रूप में संदर्भित) और इसके सहयोगियों एवं संयुक्त नियंत्रित संस्थाओं के परिणामों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिन्हें इंड एएस-110 'समेकित वित्तीय विवरण' और इंड एएस-28- 'सहयोगियों और संयुक्त उद्यमों में निवेश' के अनुसार तैयार किया गया है।
2. इन अनंतिम समेकित वित्तीय परिणामों की लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और निदेशक मंडल द्वारा 21 जनवरी, 2026 को आयोजित अपनी संबंधित बैठकों में अनुमोदित किया गया है। सांविधिक लेखा परीक्षकों ने कंपनी के उपरोक्त वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा की है।
3. 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही के दौरान, निदेशक मंडल की वित्त और निवेश समिति ने 13 अक्टूबर, 2025 को अपनी बैठक में पात्र योग्य संस्थागत खरीदारों को 1,66,16,314 इक्विटी शेयर, 662.00 रुपये प्रति इक्विटी शेयर (660.00 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के प्रीमियम सहित) के निर्गम मूल्य पर, एक योग्य संस्थागत नियोजन (QIP) के तहत आवंटित करने की मंजूरी दी, जिसकी कुल राशि 1,099.99 करोड़ रुपये है।
निर्गम मूल्य प्रति इक्विटी शेयर के 695.83 रुपये के फ्लोर मूल्य पर 4.86% की छूट का प्रतिनिधित्व करता है, जो सेबी (पूंजी और प्रकटीकरण आवश्यकताओं का निर्गम) विनियम, 2018 के अनुसार निर्धारित किया गया है, जैसा कि संशोधित किया गया है।
उक्त आवंटन के परिणामस्वरूप, कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी 68,65,21,232 रुपये से बढ़कर 71,97,53,860 रुपये हो गई, जिसमें प्रत्येक 2 रुपये के 34,32,60,616 इक्विटी शेयर शामिल थे, जो बढ़कर प्रत्येक 2 रुपये के 35,98,76,930 इक्विटी शेयर हो गए। इन निधियों में से, 296.98 करोड़ रुपये की राशि इसके इच्छित उद्देश्य के लिए उपयोग की गई है। सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 32 में संदर्भित निधियों के उपयोग में कोई विचलन/भिन्नता नहीं हुई है। इस मामले पर निगरानी एजेंसी से एक विस्तृत रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.anantrajlimited.com पर उपलब्ध है।
4. 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही के दौरान, कंपनी ने 50 लाख रुपये के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर को भुनाया, जो मूल रूप से 4 मार्च, 2023 को जारी किए गए थे। 31 दिसंबर, 2025 तक, गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर का बकाया शेष 7 करोड़ रुपये था।
5. 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही के दौरान, कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों, वृत्तांत रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड और रोमानो बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड, दोनों ने संयुक्त रूप से ब्लेस्ड लैंडबेस एलएलपी (एलएलपीआईएन: एसीआई-2941) में 100% साझेदारी हित का अधिग्रहण किया, जिसे एलएलपी अधिनियम, 2008 के तहत निगमित किया गया था। प्रत्येक सहायक कंपनी ने एलएलपी में 50% हित का अधिग्रहण किया, जिसके परिणामस्वरूप पूर्ण सामूहिक स्वामित्व हुआ। इस अधिग्रहण के परिणामस्वरूप, ब्लेस्ड लैंडबेस एलएलपी कंपनी की सहायक कंपनी बन गई है।
6. भारत सरकार ने मौजूदा श्रम कानूनों को समेकित करके एक एकीकृत ढांचे में समाहित कर दिया है, जिसमें चार श्रम संहिताएं शामिल हैं: मजदूरी संहिता 2019, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020, औद्योगिक संबंध संहिता, और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थिति संहिता 2020 (सामूहिक रूप से नए श्रम कोड्स के रूप में संदर्भित)। ये कोड्स 21 नवंबर, 2025 से प्रभावी हो गए हैं।
इन कोड्स के तहत संबंधित सभी सहायक नियम अभी अधिसूचित होने बाकी हैं। कंपनी इन नए घोषित श्रम कोड्स के पूर्ण प्रभाव का मूल्यांकन कर रही है। कंपनी ने अपने स्वयं के कर्मचारियों पर पड़ने वाले प्रभाव पर विचार किया है, जो स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों के लिए महत्वपूर्ण नहीं है, और अनुबंध कार्यबल सहित अन्य संभावित प्रभावों का मूल्यांकन करने की प्रक्रिया में है। हालांकि, प्रबंधन का मानना है कि यदि कोई प्रभाव होता है, तो वह महत्वपूर्ण होने की संभावना नहीं है।
7. कंपनी के 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए स्टैंडअलोन वित्तीय परिणाम कंपनी की वेबसाइट https://anantrajlimited.com/ पर उपलब्ध हैं।

मुख्य स्टैंडअलोन वित्तीय जानकारी नीचे दी गई है: (राशि करोड़ रुपये में)

क्र. सं.	विवरण	तिमाही समाप्त			नौ महीने समाप्त		वर्ष समाप्त
		31.12.2025 (अनंकेक्षित)	30.09.2025 (अनंकेक्षित)	31.12.2024 (अनंकेक्षित)	31.12.2025 (अनंकेक्षित)	31.12.2024 (अनंकेक्षित)	(अंकेक्षित) 31.03.2025
1.	कुल आय	401.15	388.05	346.48	1,160.24	946.73	1,301.80
2.	कर से पहले लाभ/(हानि)	94.56	90.67	69.07	267.95	190.53	268.05
3.	कर के बाद लाभ/(हानि)	77.54	74.21	58.38	221.45	154.05	219.16
4.	अन्य व्यापक आय/(हानि)	-	-	(2.32)	-	(3.84)	(4.73)
5.	कुल व्यापक आय/हानि	77.54	74.21	56.06	221.45	150.21	214.43

8. उपरोक्त 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) का एक उद्धरण है, जिसे सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के पास दायर किया गया है। अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) का पूरा प्रारूप 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बीएसई लिमिटेड (www.nseindia.com और www.bseindia.com) की वेबसाइटों पर और कंपनी की वेबसाइट www.anantrajlimited.com पर उपलब्ध है, जिसे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके भी एक्सेस किया जा सकता है:

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 21 जनवरी, 2026

निदेशक मंडल की ओर से और उसके लिए
अनंत राज लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षरित
(अमित सरीन)
प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 00015837

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in